आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 151 | उज्जैन, मंगलवार 16 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 1/2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### थोक महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा :मई में 9.68 प्रतिशत पहुंची

**नई दिल्ली।** मई में थोक महंगाई बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई है। इससे पहले अप्रैल में यह 8.26% पर थी। मई में महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने 15 जून को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और फ्यूल के दाम बढ़ना है। इसके अलावा अनाज और तेल भी महंगा हुआ है। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच साढ़े तीन महीने से तनाव है। स्थितियां सामान्य नहीं हुईं तो महंगाई और बढ़ सकती है। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 3.78% से बढ़कर 4.99% हो गई।

### इजराइल का यूएस-ईरान शांति समझौते को मानने से इनकार

**तेहरान/वॉशिंगटन।** इजराइल ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी कहा है कि, उनकी सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। लेबनान, सीरिया और गाजा में बनाए गए सिक्योरिटी जोन में इजराइली सेना अनिश्चितकाल तक तैनात रहेगी। वहीं, इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने पीस डील पर नाराजगी जताते हुए कहा, हम अमेरिका के गुलाम नहीं हैं। इजराइल एक आजाद देश हैं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यह समझौता इजराइल पर लागू नहीं होता। इधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि अमेरिका-ईरान 19 जून को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में पीस डील पर दस्तखत करेंगे। अगर ऐसा होता है तो 47 साल में तेहरान और वॉशिंगटन के बीच यह पहली हाई लेवल बैठक होगी।

### उर्मिला मातोंडकर के पूर्व पति ने की दूसरी शादी



**मुंबई।** उर्मिला मातोंडकर के पूर्व पति मोहसिन अख्तर ने दूसरी शादी कर ली है। रविवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने निधा भट्ट से शादी की है। शादी की झलकियां शेयर करते हुए मोहसिन ने एक इमोशनल पोस्ट लिखी। उन्होंने कहा कि सच्चे इरादों, ईमानदार प्यार और धैर्य के साथ उन्हें जीवन में फिर से प्रेम मिला है। उन्होंने अपनी पत्नी निधा भट्ट का आभार जताते हुए लिखा कि उन्होंने उनके जीवन में रोशनी लाई है। मोहसिन ने अपनी पोस्ट में दिवंगत प्रियजनों को भी याद किया और कहा कि उनकी दुआओं और आशीर्वाद की वजह से उन्हें जीवन में यह नया साथ मिला है। उन्होंने दोनों के लिए दुआ करने की अपील भी की। मोहसिन अख्तर की पहली शादी एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर से हुई थी। दोनों ने 4 फरवरी 2016 को एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की थी। उस समय उनकी शादी इंटररिलिजियस मैरिज और दोनों के बीच 10 साल के एज डिफरेंस की वजह से खबरों में थी। साल 2024 में दोनों के रिश्ते में तनाव की खबरें सामने आई थीं। सितंबर 2024 में कहा गया था कि उर्मिला ने मुंबई की एक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की थी। कश्मीरी बिजनेसमैन और मॉडल मोहसिन की पहली मुलाकात उर्मिला से 2014 में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की भतीजी की शादी में हुई थी।

### ट्रम्प ने जन्मदिन पर सबसे महंगा शो, 567 करोड़ खर्च

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप यानी यूएफसी मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया। यूएफसी ने इस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ रुपए) खर्च किए। ये अब तक का सबसे महंगा यूएफसी आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले हुए। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन रहे इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। 4 राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया। गेथजे को लाइटवेट टाइटल बेल्ट मिली, जबकि टोपुरिया को अपने करियर की पहली हार मिली।

### शेयर मार्केट में तेजी, सेंसेक्स 736 अंक चढ़कर 76,264 पर बंद

**मुंबई।** ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों से शेयर बाजार में 15 जून को बढ़त रही। सेंसेक्स 736 अंक की तेजी के साथ 76,264 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 231 अंक की तेजी रही, ये 23,853 के स्तर पर बंद हुआ। रियल्टी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज और बैंकिंग शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। इधर, होर्मुज स्ट्रेट को खोले जाने की खबर के चलते ब्रेंट क्रूड यानी कच्चे तेल के दाम में आज 4% की गिरावट है। यह $83 प्रति बैरल पर आ गया है। इससे पहले शुक्रवार यानी 12 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1,695 अंक उछलकर 75,527 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 461 अंक की तेजी रही थी, ये 23,622 के स्तर पर बंद हुआ था।

जयपुर में शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन था, समर्थकों ने हमलावरों को पीटा

## कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर को युवकों ने थप्पड़ मारे

**एजेंसी ›› जयपुर**

जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को 2 युवकों ने थप्पड़ मारे। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने उन दोनों युवकों को पकड़कर पीट दिया।

अभिजीत सोमवार को नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए। शहीद स्मारक पर अभिजीत की अगुवाई में सैकड़ों प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

### अभिजीत बोले- हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं चलेगी

थप्पड़कांड के बाद अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। अभिजीत ने नारा लगाया कि 'हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं चलेगी, नहीं चलेगी।' हमें यह स्वतंत्रता कुर्बानियों के बाद मिली थीं। हमें हिंदू-मुस्लिम में बांटा जाता है। जाति धर्म में बांटा जाता है, लेकिन हमें इसमें नहीं फंसना है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि हम 20 जून को फिर दिल्ली चलेंगे। इस बार जब दिल्ली जाएंगे, तो बिना इस्तीफे के नहीं लौटेंगे। उन्होंने 'दिल्ली चलो' का नारा भी लगाया। राष्ट्रगान के साथ प्रदर्शन खत्म हो गया।



### आपस में भिड़े समर्थक कई के फोन चोरी

- प्रदर्शन के दौरान कुछ युवकों के बीच नारेबाजी को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया। धरना स्थल पर कई प्रदर्शनकारियों के मोबाइल भी चोरी हो गए। इसके बाद मंच से लोगों को मोबाइल और सामान की सुरक्षा करने की अपील की गई।
- प्रदर्शन में शामिल युवा 'मुझे देश से प्यार है, भ्रष्टाचार अस्वीकार है' और 'पेपर लीक बंद करो' जैसे नारे लिखे पोस्टर और तिरंगा लेकर पहुंचे। कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक के गेट पर कॉकरोच की तस्वीर बनाई और 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' का नारा लिखा।

आगर जिला अस्पताल में चार डॉक्टरों को करना पड़ा उपचार

## 3 साल की अबोध बच्ची का मुंह नोच खाया स्ट्रीट डॉग ने

- 40 से 50 टांके लगे
- इंदौर में चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी हुई
- आंख का ऑपरेशन किया

**दैनिक अवन्तिका ›› उज्जैन**

उज्जैन जिले के झारडा तहसील अंतर्गत देलवाडी गांव में घर के बाहर खेल रही गांव के ही कालूसिंह की 3 वर्षीय पुत्री माही को शनिवार को आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। इस दौरान बच्ची चिल्लाती रही और कुत्ता उसे नोचता रहा। बच्ची का आगर के जिला अस्पताल में डॉ. जितेन्द्र कैथवाल ने उपचार कर 40 से 50 टांके लगाए हैं। बकौल डॉ. कैथवाल कुत्ते के नोचने से बच्ची के चेहरे की चमड़ी एक और लटक गई थी जिसे हमने जैसे-तैसे ठीक कर स्टीच किया। यहां उपचार के उपरांत उसे अधिक बेहतर उपचार के लिए इंदौर एमवाय रैफर किया है।

शनिवार सुबह बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी उसी दौरान आवारा कुत्ते ने यह हमला किया। बच्ची की चीखपुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने उसे कुत्ते से छुड़ाया। कुत्ते के नोचने से अत्यधिक रक्त स्त्राव की स्थिति में बच्ची को परिजन लेकर सीधे आगर मालवा के जिला अस्पताल पहुंचे थे। कुत्ते ने बच्ची को



आंख के नीचे, नाक के उपर एवं गाल और मुंह को बुरी तरह से नोच दिया था।

डॉ. कैथवाल ने बताया कि वे मूलतः एनेस्थिस्यिा स्पेशललिस्ट हैं। पूर्वाह्न के समय की घटना रही होगी। उसी दौरान बच्ची को लेकर उसके परिजन अस्पताल आए थे। जनरल डयूटी पर डॉ. अजहर मुलतानी थे। बच्ची को हमने तत्काल ही उसके उपचार की शुरूआत कर दी थी।

### नाक, होंठ, ठोढी पर अंदर तक घाव

दर्द से राहत के लिए बच्ची को एनेस्थिसिया दिया गया। उसके चेहरे की चमडी एक और लटकने की स्थिति में उसे सीधा किया और उसके उपरांत उसे टांके लगाए गए। उसके नाक, होंठ, ठोढी पर अंदर तक घाव थे। अंदर एवं बाहर दोनों मिलाकर बच्ची को करीब 40-50 टांके लगाए गए हैं। इस दौरान आप्थोलाजिस्ट डा.शशांक सक्सेना एवं पिडिएट्रिक डॉ. के सी परमार को भी बुला लिया गया था। सभी के परामर्श के साथ बच्ची को एंटी रैबीज, टिटेनस टाक्साईड, एआरवी, इम्नोग्लोबिन इंजेक्शन तत्काल ही दिए गए। बच्ची को वैसे तो तत्काल ही प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता थी लेकिन रक्त स्त्राव की स्थिति में हमने प्रारंभिक उपचार करते हुए उसे इंदौर के एमवाय के लिए रैफर किया था। बच्ची के परिजनों से बाद में हुई चर्चा के अनुसार सोमवार को उसके चेहरे पर इंदौर में प्लास्टिक सर्जरी की गई है। उसकी आंखों में भी चोंट की स्थिति के कारण माईनर सर्जरी की जाने की जानकारी सामने आई है।

## मप्र-यूपी समेत 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ा

**एजेंसी ›› लखनऊ/भोपाल**

भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून की सैटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए। मौसम विभाग के मुताबिक, 4 जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64% की कमी दर्ज की गई है।

मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने से 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ गया है। इनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं।

मानसून दक्षिण भारत से आगे बढ़ने के बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के आसपास ठहर गया है। पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के बाद यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रुक गया है। इधर, राजस्थान के चूरू, झुंझुनू और सीकर में सोमवार दोपहर रेत का बवंडर उठा। चुरू में कुछ मिनटों में पूरा शहर धूल से भर गया। दिन में अंधेरे जैसी स्थिति हो गई। दिल्ली के कई इलाकों में भी धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं।

'कुमकुम भाग्य' एक्ट्रेस

## संचिता उगले ने सुसाइड किया



- साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई
- पंखे से लटकी मिली बॉडी
- मौत से कुछ घंटे पहले रील पोस्ट की

**एजेंसी ›› मुंबई**

टीवी एक्ट्रेस संचिता उगले ने रविवार रात को सुसाइड कर लिया, वे 22 साल की थीं। पुलिस ने बताया कि एक्ट्रेस का शव घर में सीलिंग फैन से लटका मिला। उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। सहायक पुलिस निरीक्षक विनोद वाघ ने मीडिया को दिए बयान में कहा, हमारी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना के समय वे घर में अकेली थीं। उनके पिता ने बेटी की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया।

संचिता अपने माता-पिता के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहती थीं। रविवार शाम करीब 5.30 बजे उनकी बहन अंजली घर से बाहर गई थी। उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान संचिता ने अपने बेडरूम के सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्हें तुरंत महानगरपालिका के तुलिंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य और वागले की दुनिया में नजर आई थीं। पुलिस ने उनका शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मौत से कुछ घंटों पहले वीडियो पोस्ट किया संचिता के निधन से ठीक कुछ घंटों पहले ही उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक रील पोस्ट की गई थी।

## बंगाल पुलिस ने जहांगीर खान की दोबारा परेड कराई, 4 घंटे सड़क पर नंगे पैर चलाया

**एजेंसी ›› कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के फालता में पुलिस ने टीएमसी नेता जहांगीर खान की फिर हाफ पैंट में सड़क पर परेड कराई। इस दौरान जहांगीर कान पकड़ और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगते दिखा। पुलिस ने चार घंटे नंगे पैर सड़क पर घुमाया। इससे पहले 11 जून को भी फालता में ही जहांगीर की हाफ पैंट में परेड कराई गई थी। जांच के सिलसिले में पुलिस उसे फलता लेकर आई है। 8 जून को अवैध वसूली के आरोप में उसे नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। जहांगीर पर अवैध वसूली और महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने का आरोप है। जहांगीर का फालता में दबदबा था। जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म पुष्पा के किरदार की तरह पेश किया था। उसने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग पुष्पा झुकेगा नहीं साला भी बोला था।

## रौशन आनंद का दावा- भाई को खान सर ने मरवाया

**एजेंसी ›› पटना**

पटना के ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद ने फैजल खान उर्फ खान सर पर भाई की हत्या करवाने का आरोप लगाया है। रौशन आनंद ने सोमवार को कहा- खान सर और किसान कोल्ड स्टोर के मालिक आर एस प्रसाद ने मिलकर मेरे भाई प्रिंस की हत्या की है।

रौशन आनंद को खान सर की कोचिंग पर पथराव मामले मे सोमवार को पटना सिविल कोर्ट से जमानत मिली है। इसके बाद वह बेऊर जेल से बाहर निकले और प्रिंस के अंतिम संस्कार में शामिल होने सहरसा के लिए रवाना हो गए। रौशन आनंद ने कहा, मैं बाहर था तो क्यों उसकी हत्या नहीं हुई। मेरे जेल में जाते ही उसकी साजिश के तहत उसे मरवाया गया। फैजन खान बहुत झूठ बोलता है। पहले कह रहा था गोली हमने चलाई। वीडियो सामने आया कि उसने ही गोली चलवाई। रविवार को नेपाल के विराटनगर के एक होटल में रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की लाश मिली थी, प्रिंस की आंख पर चोट के निशान थे।

## हेलिकॉप्टर क्रैश में सिंगर ओलिवर ट्री की मौत

**एजेंसी ›› ब्राजील**

सिंगर-सॉन्गराइटर ओलिवर ट्री की ब्राजील में एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। वह 32 साल के थे। इस हादसे में कुल छह लोगों की जान चली गई।



मृतकों में ओलिवर ट्री, अर्जेंटीना के यूट्यूबर गैस्पर प्रिम (गैस्पी), लुकास विग्नेल, लुकास ब्रिटो चावेस और पायलट एलेक्जेंड्रे सूजा व चार्ल्स मार्सिलैक शामिल थे। हादसे के समय ओलिवर ट्री इंटरनेशनल टूर पर थे। उन्होंने 6 जून को साओ पाउलो में परफॉर्म किया था और 1 जुलाई को लिस्बन में परफॉर्म करने वाले थे। उनके स्पेन, ऑस्ट्रिया, यूनाइटेड स्टेट्स और चीन में भी शो थे। ओलिवर ट्री अपने अल्टरनेटिव, पॉप और इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक के मिक्स के लिए जाने जाते थे। उन्हें लाइफ गोज ऑन और मिस यू जैसे गानों से दुनिया भर में पहचान मिली।

तीन साल पहले पति-पत्नी ने यह पार्टी बनाई थी, नारा था- दलबदलू नेताओं को नकारो

## टीएमसी के 20 बागी सांसदों का एनसीपीआई में विलय

**एजेंसी ›› कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के विलय के बाद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया चर्चा में है। रिकॉर्ड के अनुसार, 3 साल पहले 2023 में बंगाल के उत्तिया कुंडू और शेउली कुंडू नाम के कपल ने पार्टी की नींव रखी थी।

एनसीपीआई के डॉक्यूमेंट्स में उत्तिया कुंडू पार्टी के अध्यक्ष हैं। पत्नी शेउली का नाम कोषाध्यक्ष के रूप में दर्ज है। एनसीपीआई अध्यक्ष उत्तिया ने 13 मई को फेसबुक पर बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी थी। हावड़ा में एनसीपीआई का ऑफिस है, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों की तैनाती दिखी। ऑफिस के गेट पर उत्तिया ने खुद को बंगाली न्यूजपेपर का एडिटर और टीचर बताया है। उनकी पत्नी शेउली के नाम के नीचे कलकत्ता हाईकोर्ट की वकील लिखा है।



### एनसीपीआई बंगाल में रजिस्टर्ड, त्रिपुरा से चुनावी शुरूआत की

एनसीपीआई का रजिस्टर्ड पता पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बानीपुर इलाके में है। पार्टी ने 2023 में त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में चार उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन उसके उम्मीदवार या तो नोटा से पीछे रहे या फिर उससे थोड़ा ज्यादा वोट हासिल कर पाए। पार्टी को कुल मिलाकर लगभग 1,198 वोट मिले थे। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार पार्टी को 1.13 लाख रु. का चंदा मिला था। एनसीपीआई के चुनावी पोस्टरों में नारा था- अपने अधिकारों को बचाने के लिए दलबदलुओं को नकारें।

### त्रिपुरा चुनाव के बाद गायब हो गई थी पार्टी

- न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, एनसीपीआई ने 2023 में त्रिपुरा के चावामानु से बरजेडा त्रिपुरा को उम्मीदवार बनाया था। बरजेडा को 536 वोट मिले थे। टीएमसी के बागी सांसदों के साथ विलय की बात सुनकर वे हैरान रह गए। उन्होंने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूर हैं। चुनाव के बाद उनका पार्टी से संपर्क खत्म हो गया था।
- रिपोर्ट के अनुसार, त्रिपुरा के कैलाशहर से एनसीपीआई उम्मीदवार रहे जहांगीर अली ने बताया कि 2023 चुनाव के दौरान शेउली कुंडू कोलकाता से आई थीं और उम्मीदवारों से संपर्क किया था। चुनाव खत्म होने के बाद पार्टी ने गतिविधियां बंद कर दीं और संपर्क भी टूट गया।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।



# सोमवती अमावस्या पर उज्जैन में उमड़ा आस्था का सैलाब, सिंहस्थ जैसा दिखा नजारा

## निगम ने किए मिस्ट फैन से लेकर कंट्रोल रूम तक इंतजाम, हजारों श्रद्धालुओं ने क्षिप्रा में लगाई डुबकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर धर्मनगरी उज्जैन में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सोमवार सुबह से ही हजारों श्रद्धालु रामघाट, सोमतीर्थ कुंड और अन्य प्रमुख घाटों पर पहुंचकर पवित्र क्षिप्रा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करते नजर आए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते शहर में सिंहस्थ महापर्व जैसा विहंगम नजारा दिखाई दिया।

**निगम ने की व्यापक व्यवस्थाएं-** श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा रामघाट, सोमतीर्थ और अन्य स्नान स्थलों पर विशेष इंतजाम किए गए। स्नान के लिए फव्वारे, मार्गदर्शन हेतु सूचना संकेतक बोर्ड, समतलीकरण कार्य, कंट्रोल रूम, महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, टैंट-शामियाने, पार्किंग, चलित शौचालय, पेयजल टैंकर और सतत सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

सोमतीर्थ स्थित सोमकुंड पर भीषण गर्मी से राहत के लिए मिस्ट फैन लगाए गए। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के



निर्देश पर क्षिप्रा कवच टीम ने श्रद्धालुओं को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। घाटों पर कपड़े न धोने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और पूजन सामग्री निर्माल्य कुंड में विसर्जित करने की अपील की गई। रामघाट पहुंच मार्ग के सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग कर आवागमन सुलभ बनाया गया।



### मंदिरों में भी लगी लंबी कतारें

अधिकमास के अंतिम दिन होने के कारण महाकाल मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही दर्शन के लिए कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार दोपहर 12:32 बजे सूर्य वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, जिसे ज्योतिषीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। धमार्चार्यों के अनुसार जो श्रद्धालु अधिकमास में दान-पुण्य नहीं कर पाए, उनके लिए सोमवती अमावस्या दान-धर्म का अंतिम अवसर है।

### पितरों के निमित्त हुआ तर्पण-श्राद्ध

सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पितरों की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म किए। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान, तर्पण और धार्मिक कार्यों से विशेष पुण्य मिलता है। बड़ी संख्या में लोगों ने शिप्रा तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



### घर लौटे यात्रियों को घंटों करना पड़ा इंतजार, ट्रेन-बसें रहीं खचाखच

सोमवती अमावस्या पर स्नान और दर्शन के बाद लौटते समय यात्रियों को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। कई बसें और ट्रेनें खचाखच भरी थीं, वहीं साधन न मिलने के कारण यात्रियों को घर जाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही नानाखेड़ा बस स्टैंड, देवास गेट बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन श्रद्धालुओं से भरे रहे। रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों पर अमावस्या के चलते यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई, जिससे वापसी में कई यात्रियों को देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ी।

## शिवना में सफाई शिप्रा में सुस्ती

दो वर्ष उपरांत धर्मनगरी में महाआयोजन होने को है। मोक्षदायिनी, उत्तरवाहिनी में इस आयोजन को लेकर शिप्रा के जल से ही स्नान के लिए वृहद योजनाओं को अंजाम दिया गया है। घाट बनाए जा रहे हैं, लेकिन उसकी सफाई को लेकर सुस्ती का ही आलम देखने को मिल रहा है। वर्षों से कान्ह के कारण प्रदूषण का जहर अपने सीने पर ढो रही शिप्रा के सफाई को लेकर वर्षों पूर्व जनसहयोग ये काम किया जाता था। प्रति वर्ष शिप्रा में एक कैंप होता था प्रशासनिक मशीनरी से भी काम करवाया जाता था। जरूरत होने पर नदी में बडे नलकूपों का खनन भी करवाया गया। पिछले कई वर्षों से ये प्रक्रिया बंद है।

खुसूर फुसूर

शिप्रा के घाटों पर काई जम जाती है। बैरिकेड्स उसमें पड़े रहते हैं। कचरा उसमें सतत रूप से अन्यानेक घाटों पर डाला जा रहा है। कपड़े और पूजा सामग्री की गंदगी निरंतर प्रवाहित किए जा रहे हैं। मुख्य घाटों के साथ ही निर्माणाधीन घाट क्षेत्रों में बेहतर तौर पर सफाई के लिए अभी से कार्यक्रम तय कर अगले वर्ष गर्मी की शुरूआत से ही सफाई के काम को एक साथ प्रशासन, जनप्रतिनिधि, राजनैतिकदल, सामाजिक दल एवं संस्था,संतों एवं अखाड़ों के सहयोग के साथ अंजाम दिया जाना चाहिए। ऐसा किए जाने पर उसके अगले वर्ष होने वाले महाआयोजन के दौरान मोक्षदायिनी में निश्चित तौर पर अमृत वर्षा होना तय है और शिप्रा के जल में ही स्नान से श्रद्धालुओं को कई लाभ होंगे। वृहद योजना का लाभ आम श्रद्धालुओं एवं संतों को मिलेगा। करोड़ों श्रद्धालु इससे लाभांवित होंगे। खुसूर-फुसूर है कि मंदसौर में शिवना का शुद्धिकरण पिछले 4 माह से सतत रूप से जारी है। प्रतिदिन इसे लेकर कोई न कोई संस्था अपना सहयोग दे रही है। धार्मिक नगरी में तो मोक्षदायिनी के लिए न्यास क्रियाशील है जिसके माध्यम से कई सारे कार्य किए जा सकते हैं और इस तरह के आयोजन को तो प्रदेश सरकार ने भी हाल ही में अंजाम दिया है। ऐसे में अगर मोक्षदायिनी की सफाई को लेकर कोई बडा केंपेन शुरू किया जाता तो सिंहस्थ के पूर्व एक बेहतर रूप में इसे देखा जा सकता है। इसके लिए देश के सेवा भावी किसी संत, महंत, देव पुरूष से शुरूआत करवाई जा सकती है जिसकी प्रेरणा से श्रमदान करवाया जा सकता है और श्रद्धालुओं को इससे जोड़कर सफाई से पुण्य सलिला से लाभ लिया जा सकता है।

## न्यूज कॉलम

### अटल पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती आज आयेंगे उज्जैन



**उज्जैन।** प्रख्यात संत, अटल पीठाधीश्वर व आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री विश्वात्मानंद सरस्वती जी महाराज मंगलवार को शहर पधारेंगे। वे अपने अनन्य भक्त हरि सिंह यादव के निवास पर भक्तों को दर्शन देने के साथ ही एक दिवसीय प्रवचन देंगे।आयोजन की जानकारी देते हुए रवि राय ने बताया कि कार्यक्रम मंगलवार शाम 6:30 बजे से शुरू होगा। इंदिरानगर में पानी की टंकी के पास स्थित हरि सिंह यादव के निवास पर इस एक दिवसीय प्रवचन का आयोजन रखा गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहकर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती जी महाराज के दर्शन और उनके प्रवचनों का धर्म लाभ ले सकेंगे।

### विश्व मलखंब दिवस पर योग प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**उज्जैन।** विश्व मलखंब दिवस के अवसर पर माधव मल्लखंब एवं योग केंद्र के तत्वावधान में 15 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित 6 दिवसीय योग प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ माधव सेवा न्यास के कार्यपालन अधिकारी विजय आंजना, द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय, प्रकल्प प्रभारी सुश्री शिखा मेहता तथा प्रशिक्षक दीपक गवली एवं सुश्री श्वेता चौहान की उपस्थिति में मलखंब पूजन कर किया गया। न्यास के कार्यपालन अधिकारी ने बताया योग प्रशिक्षण वर्ग प्रतिदिन प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक माधव सेवा न्यास, भारत माता मंदिर परिसर में संचालित किया जाएगा, जिसका समापन 21 जून 2026 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा। इस योग प्रशिक्षण वर्ग में द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में सभी आयु वर्ग से प्रतिभागिता करने का आग्रह वर्ग संचालकों द्वारा किया गया है।

# महाकाल मंदिर में प्रोटोकाल और भस्म आरती में दलाली पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## युवा कांग्रेस ने वीआईपी दर्शन और प्रोटोकॉल आरती दर्शन के पास बंद करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के वीआईपी और प्रोटोकॉल पासों की कथित दलाली को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रोटोकॉल भस्म आरती अनुमति व्यवस्था पर रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह डोडिया ने आरोप लगाया कि भस्म आरती प्रवेश पास 2 से 3 हजार रुपए या उससे अधिक कीमत में बेचे जा रहे हैं। उनका कहना है कि विधायक, सांसद, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों को मिलने वाले प्रोटोकॉल पासों का दुरुपयोग कर उन्हें दूसरे लोगों को बेचा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 200 रुपए में मिलने वाली भस्म आरती अनुमति को हजारों रुपए में बेचकर श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही है। डोडिया ने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था के अलावा प्रतिदिन जारी होने वाले करीब 500 प्रोटोकॉल पासों का अनुमोदन मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और एडीएम अतेंद्र गुर्जर द्वारा किया जाता है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाने और पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद डिप्टी कलेक्टर सरिता लाल को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस ने मीडिया में प्रकाशित खबरों के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग की है, जिसकी जानकारी कलेक्टर को दी जाएगी।




### युवा कांग्रेस की प्रमुख मांगें

ज्ञापन में युवा कांग्रेस ने मांग की कि वीआईपी और प्रोटोकॉल कोटे की संपूर्ण जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए। पासों की खरीद-फरोख्त में शामिल एजेंटों और बिचौलियों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। यदि किसी जनप्रतिनिधि या प्रभावशाली व्यक्ति के नाम का दुरुपयोग हुआ है तो उसकी भी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए।

# कैलेण्डर वर्ष 2024 के पाण्डुलिपि अनुदान की घोषणा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग, भोपाल द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति के प्रकाशनार्थ श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों की घोषणा कर दी है। प्रति पाण्डुलिपि रुपये 20,000/- (रुपये बीस हजार) की सहायता अनुदान प्रतिवर्ष कुल 40 पाण्डुलिपियों को दिया जाता है।





साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति प्रकाशन योजना के अंतर्गत-निर्लेश तिवारी-इंदौर, कीर्ति सिंह-भोपाल, मीतू चतुर्वेदी परमार-रतलाम, अनुप्रणव मनमोहन उपाध्याय-उज्जैन, के.पी.एस. चौहान-इंदौर, मेघा मैथिल-भोपाल, डॉ. मनमोहन प्रकाश श्रीवास्तव-इंदौर, प्रदीप औदिच्य-गुना, राखी जैन-इंदौर, अर्चना दिशा मिश्रा-भोपाल, अजय जैन विकल्प-इंदौर, राहुल कुम्भकार-ब्यावरा, संदीप कुमार परिहार-भोपाल, डॉ. खुशबू पांचाल-उज्जैन, सरफराज हसन-भोपाल, श्रद्धा सिंह यादव-भोपाल, राज कुमार बरुआ-भोपाल, अमन जादौन-शाजापुर, भावेश कानूनगो-देवास, मंजु जैन-देवास, कमलेश व्यास कमल-उज्जैन, ललिता श्रीवास्तव-इंदौर, राधिका रितेश मण्डलोई-इंदौर, सर्वेश खण्डेलवाल-इंदौर, सुदेश शांडिल्य-भोपाल एवं रुद्र प्रताप चौबे-उज्जैन की पांडुलिपि प्रकाशन सहायता अनुदान के लिए स्वीकृत हुई हैं।

# कोटा-उज्जैन मेमू ट्रेन की सेवा हुई शुरू

### सांसद अनिल फिरोजिया और विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने दिखाई हरी झंडी

## लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी, दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को मिलेगा सीधा लाभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

यात्रियों की सुविधा और लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने कोटा-उज्जैन के मध्य नियमित मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। रविवार को नागदा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया एवं विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ट्रेन संख्या 61624 कोटा-उज्जैन मेमू को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस नई मेमू सेवा से कोटा, नागदा, उज्जैन सहित मार्ग के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती मिलने के साथ ही दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।




### यह रहेगा ट्रेन का समय

- गाड़ी संख्या 61624 कोटा-उज्जैन मेमू प्रतिदिन सुबह 5:40 बजे कोटा से रवाना होकर नागदा (10:30/10:40), भाटीसुड़ा (10:47/10:48), पिपलोदा बागला (10:56/10:57), उन्हेल (11:04/11:05), पलसोडा मकडावन (11:13/11:14), असलावदा (11:22/11:23) और नईखेड़ी (11:34/11:35) होते हुए दोपहर 12:00 बजे उज्जैन पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 61623 उज्जैन-कोटा मेमू प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे उज्जैन से रवाना होकर नईखेड़ी (12:42/12:43), असलावदा (12:54/12:55), पलसोडा मकडावन (13:03/13:04), उन्हेल (13:12/13:13), पिपलोदा बागला (13:21/13:23), भाटीसुड़ा (13:33/13:34) और नागदा (14:10/14:20) होते हुए शाम 7:05 बजे कोटा पहुंचेगी।
- कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, यात्री एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। नई मेमू सेवा के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जनसुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 16 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### आज का विद्यार्थी कल का भविष्य निर्माता है- मंत्री पटेल

**इंदौर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि आज का विद्यार्थी कल का भविष्य निर्माता है। उसके हाथ में देश का दारोमदार है। कोई भी विद्यार्थी अकेले अपने बलबूते पर सफलता प्राप्त नहीं करता। उसके पीछे परिवार, समाज और राष्ट्र का भी योगदान होता है। अतः विद्यार्थियों को चाहिये कि वह सभी का सम्मान करें। यह बात श्री पटेल ने विधिज्ञ द्वारा इंदौर के लाभमण्डपम में आयोजित विधिज्ञ एक्सीलेंस कॉन्क्लेव-2026 (गुरुजन सम्मान) के कार्यक्रम में कही। श्री पटेल मुख्य अतिथि बतौर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश तारकेश्वर सिंह, पूर्व कलेक्टर सी.बी. सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में श्री पटेल ने क्लेट और आईपीएमएटी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की योजनाओं की गई समीक्षा

**इंदौर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर का 15 जून इंदौर आगमन हुआ। दोनों मंत्रीगण इंदौर स्थित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, गोमटगिरी, हातोद रोड, गांधीनगर में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुई। यह बैठक प्रातः 9:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की गई । केंद्र के सहायक निदेशक भवानी शंकर साल्वी ने बताया कि मंत्री द्वय द्वारा बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही अन्य अभियान तथा प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित हितधारकों की सहभागिता रही।

### इंदौर जिले में आयोजित होंगे 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष जनकल्याण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गये हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में 18 जून तक जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालय पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 110 से अधिक योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। इनमें आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विद्युत एवं जल कनेक्शन, भवन अनुमति, ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण सहित अनेक सेवाएं शामिल हैं। नगर निगम इंदौर द्वारा सभी जोन कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। 16 जून को जोन क्रमांक 1 से 8, 17 जून को जोन क्रमांक 9 से 15 तथा 18 जून को जोन क्रमांक 16 से 22 तक के क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में विभागीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन, पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की कार्रवाई प्राथमिकता से की जाएगी। शिविरों में विभागीय स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी, आवेदन एवं सेवा वितरण की सुविधा उपलब्ध होगी।

### रोजगारपरक उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रही है सरकार

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है। छोटे उद्योग करोड़ परिवारों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। राज्य सरकार प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों की स्थापना को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। हमारा उद्देश्य वर्ष 2047 तक प्रदेश में एक करोड़ एमएसएमई स्थापित करने का है। सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हर जिले में उद्योग, हर परिवार में रोजगार और हर युवा को अवसर देना राज्य सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत, दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। जिस प्रकार हर 12 वर्ष में सिंहस्थ स्नान का अवसर मिलता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के सुशासन के 12 वर्ष से देशवासियों को अमृत स्नान का अवसर प्राप्त हुआ है। बीते 12 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में एमएसएमई क्षेत्र का कायाकल्प हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में एमएसएमई उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स तथा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से प्रोत्साहन राशि और हितलाभ वितरण के लिए आयोजित 'समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्यप्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश में एमएसएमई, स्टार्ट-अप प्रोत्साहन के लिए संचालित गतिविधियों पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 900 एमएसएमई यूनिट्स को 360 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया।

### श्रम संगठन भी मात्र दिखावा, न्यूनतम दर से कम वेतन पर भी नहीं उठ रही आवाज

# श्रम विभाग मूक दर्शक, श्रमिकों को नहीं मिल रही कलेक्टर दर से मजदूरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड के साथ ही ठेका श्रमिक बनाम कार्यालयों में आउट सोर्स कर्मचारियों का शोषण जमकर हो रहा है। श्रम विभाग मूक दर्शक बना हुआ है। श्रम संगठन भी मात्र दिखावे के रह गए हैं। कलेक्टर दर से भी कम वेतन पर श्रमिकों को काम करना पड रहा है। हाल यह हैं कि श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में भी नाल काटी जा रही है। इस खुले शोषण के विरूद्ध संबंधित विभाग के प्रकरणों की स्थिति ना के बराबर है।

जिले में आउटसोर्स श्रमिकों की पूर्ति करने वाली एजेंसियां भरमार हैं। इसके साथ ही विभिन्न कंपनियां यहां बाहर से आकर ठेके ले रही है। कर्मचारियों से जानने पर पता चलता है कि उन्हें तो न्यूनतम कलेक्टर दर से भी कम पारिश्रमिक दिया जा रहा है। अस्पताल से लेकर मंदिर और इसके साथ ही प्रशासनिक क्षेत्र में भी ऐसे आउटसोर्स कर्मचारी रखे गए हैं लेकिन प्रावधान मुताबिक न तो उन्हें पारिश्रमिक मिल रहा है न ही उनके कर्मचारी भविष्य निधि में ही संबंधित एजेंसी या ठेकेदार अपना हिस्सा ही दे रहा है।



#### ईएसआई-ईएसआईसी में भी घोटाला

स्थिति यह देखी जा रही है कि आउटसोर्स श्रमिकों को न्यूनतम कलेक्टर दर के पारिश्रमिक की बजाय ठेकेदार 3500-4500 रूपए तक कम दे रहे हैं। ईपीएफ एवं ईएसआईसी में अपनी राशि की बजाय श्रमिक की ही राशि का एक हिस्सा जमा कर रहे हैं। श्रमिक को कम दी गई राशि में से ही और एक से डेढ हजार बचाकर अपनी जेब भर रहे हैं। भविष्य निधि में जितनी राशि कर्मचारी की काटी जाती है उतनी ही एजेंसी एवं ठेकेदार को मिलाकर जमा करना होती है। इसकी बजाए एजेंसी एवं ठेकेदार श्रमिक की और से ही पूरी राशि काटकर जमा करवा रहे हैं और उसमें खूद की और से जमा की जाने वाली राशि सीधे तौर पर हजम हो रही है।

#### कलेक्टर दर का उल्लंघन

म.प्र. शासन और जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा श्रम विभाग के नियमों के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 'कलेक्टर दर' तय है। एजेंसियों एवं ठेकेदारों ने शासन के इस आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। कर्मचारियों को कलेक्टर रेट से लगभग 3650 रु. कम भुगतान किया जा रहा है। जब भी कोई श्रमिक बनाम आउटसोर्स कर्मचारी कलेक्टर रेट या पूरे वेतन की मांग करता है, एजेंसी प्रबंधन या ठेका कंपनी नौकरी से निकालने की धमकी देता है।

#### भविष्य निधि के नाम पर काट रहे

EPF-ESIC में खेल किया जा रहा है। कई एजेंसी एवं ठेके पर नाम न छापने की शर्त पर निजी सुरक्षा गार्ड एवं आउटसोर्स श्रमिक बताते हैं कि उनके पारिश्रमिक बनाम वेतन से EPF और ESIC की राशि तो काटी जाती है, पर न तो पारदर्शिता बरती जाती है और न ही स्लिप दी जाती है। श्रमिकों को आशंका है कि उन्हें तो मात्र इसकी जानकारी ही दी जाती है बस, उनका पैसा सुरक्षित नहीं है। अधिकांश में तो उपर के उपर ही सब चल रहा है। आशंका है कि श्रमिकों को पीएफ के नाम पर करोड़ों की चपत लगने वाली है।

**क्या कहते हैं नियम-** न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अनुसार तय न्यूनतम वेतन से कम भुगतान करना दंडनीय अपराध है। 6 महीने की जेल या 500 रु. जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। ठेका श्रम (विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम 1970 प्रधान नियोक्ता की जिम्मेदारी है कि ठेकेदार श्रम कानूनों का पालन करे। उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द हो सकता है।

### महाकाल मंदिर में लेजर शो अब नहीं रहेगा मुफ्त

# देना होंगे 100 रुपये, सात महीने तक चला निःशुल्क

### श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने शो देखने के लिए शुल्क निर्धारित कर दिया है

### शो के संचालन और रखरखाव पर प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपये का खर्च

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

महाकाल मंदिर दर्शनों के लिए आने वालों को अब लेजर शो मुफ्त देखने को नहीं मिलेगा। श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने शो देखने के लिए शुल्क निर्धारित कर दिया है। श्रद्धालुओं को अब शो देखने के लिए प्रति व्यक्ति 100 रुपये का शुल्क देना होगा। इस शुल्क व्यवस्था को लागू भी कर दिया गया है।

18 करोड़ रुपये से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा तैयार किए गए लेजर शो का उद्घाटन पिछले वर्ष 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने किया था। श्रद्धालुओं को 25 मिनट तक यह शो बिना कोई शुल्क लिए मुफ्त में ही दिखाया जाता रहा। इसमें श्रद्धालुओं को वाटर स्क्रीन, फाउंटेन, लेजर लाइट और साउंड इफेक्ट्स के माध्यम से भगवान महाकाल के दर्शन होते थे। मां शिप्रा और उज्जैन के पौराणिक महत्व को बताया जाता था। शुल्क लगाए जाने के पीछे प्रशासन द्वारा यह तर्क दिया जा रहा है कि इस शो के संचालन और रखरखाव पर प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपये का खर्च आ रहा है। इस खर्च की व्यवस्था करने और अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से शो का शुल्क लागू किया गया है। हालांकि कुछ महीने पहले संध्या आरती और शयन आरती के लिए भी शुल्क लेना शुरू किया गया।



#### भस्मारती, संध्या आरती, शयन आरती के बाद अब शो को भी सशुल्क बना दिया गया है

यानी अब महाकाल मंदिर में धीरे-धीरे भस्मारती, संध्या आरती, शयन आरती तो सशुल्क हो ही गई साथ ही अब शो को भी सशुल्क बना दिया। हालांकि श्रद्धालुओं ने शो के शुल्क रखने को गलत बताया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जब मंदिर को अन्य प्रकल्प से इतनी आय बढ़ी है तो एक शो का खर्च तो प्रशासन वहन कर ही सकता है। खैर, जो भी हो श्रद्धालुओं पर प्रशासन द्वारा मंदिर में दर्शनों के नाम पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है।

# चुनाव मतदाता सूची के लिए दावे-आपत्ति की तारीख बढ़ी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। 15 जून दावे-आपत्ति लेने की आखिरी तारीख थी, लेकिन अब इसको 25 जून तक बढ़ा दिया गया है। वहीं अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन अब 27 जुलाई को होगा।

निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसमें नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के आवेदन लिए जा रहे है और यह आवेदन अब 25 जून तक जमा किए जा सकेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जाएगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था।



सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

### टीएल बैठक सम्पन्न, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी की समीक्षा

# गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मेस और कैंटीनों का होगा निरीक्षण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जल संवर्धन अभियान, पांडुलिपियों के संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी गतिविधियों तथा पीएनजी गैस कनेक्शन विस्तार अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा इनके निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति की जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए चल रहे अभियान को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्री बसों द्वारा केवल निर्धारित स्थानों से ही यात्रियों को बैठाया एवं उतारा जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सड़कों पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग केवल निर्धारित स्थलों पर ही कराई जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने इंदौर के सभी स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों में संचालित मेस एवं कैंटीनों का सघन निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य गुणवत्ता या अन्य किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविर अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ज्यादा नहीं चल सकता, करीब 10 माह से चिकित्सकों की निगरानी में है

# अब श्यामू हाथी की सवारी नहीं कर सकेंगे भगवान महाकाल, डीजेजी डिजीज से ग्रसित

### ज्वाइंट कोलेप्स होने के कारण उसके पैर मुड़ गए हैं, वाइल्ड लाइफ हाई पॉवर कमेटी प्रशासन को देगी सूचना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सावन-भादौ मास में निकलने वाली सवारी में इस बार भगवान महाकाल श्यामू हाथी की सवारी नहीं कर सकेंगे। डॉक्टरों के अनुसार हाथी डीजेनेरेटिव जाइंट डिजीज से ग्रसित है। ज्वाइंट कोलेप्स होने के कारण उसके पैर मुड़ गए हैं और वह ज्यादा चल नहीं सकता है।

श्यामू करीब 10 माह से चिकित्सकों की निगरानी में है, हाथी की स्वास्थ्य रिपोर्ट से वाइल्ड लाइफ हाई पॉवर कमेटी को अवगत करा दिया गया है। कमेटी जल्द ही जिला प्रशासन को इसकी सूचना देगी।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में प्रतिवर्ष श्रावण-भाद्रपद मास में भगवान महाकाल की सवारी निकाली जाती है। भगवान महाकाल चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर तथा हाथी पर मनमहेश रूप में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं। बीते छह सात वर्ष से अवंतिकानाथ भगवान महाकाल श्यामू हाथी की सवारी कर रहे थे लेकिन इस बार श्यामू हाथी के सवारी में शामिल होने पर संदेह उत्पन्न हो गया है। दो दिन पहले पन्ना टाइगर रिजर्व, वन मंडल इंदौर तथा पशु चिकित्सा विभाग की टीम इंदौर रोड साईंनाथ कालोनी स्थित उस स्थान पर पहुंची थी, जहां श्यामू हाथी को पाला जा रहा है। टीम ने श्यामू हाथी के ब्लड सैंपल लेने की कोशिश की लेकिन हाथी मालिक व उनके परिवार ने इसका विरोध शुरू कर दिया। परिवार का कहना है कि हाथी स्वस्थ है, उन्हें केवल यहां से हटाने के लिए हाथी को बीमार बताया जा रहा है।



#### वन्यप्राणी आजीविका चलाने का जरिया नहीं

सीनियर वेटेनरी सर्जन व वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट डॉ. मुकेश जैन ने नईदुनिया से चर्चा में कहा कि श्यामू हाथी हड्डी और मसल्स की गंभीर बीमारी से ग्रसित है। वह सामान्य रूप से स्वस्थ्य है, लेकिन ज्वाइंट कोलेप्स होने के बाद उसे बचाया नहीं जा सकता है। पिछले दस महीने से वह बीमार है और चिकित्सकों की निगरानी में है। उस पर वजन लादना और लंबा पैदल चलाना खतरे से खाली नहीं है। इस बार भगवान महाकाल की सवारी में भी उसका उपयोग नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वह दो तीन किलो मीटर से ज्यादा पैदल नहीं चल सकता है।

**रोबोटिक हाथी का करें उपयोग-**राजाधिराज भगवान महाकाल के नगर भ्रमण के लिए अनादिकाल से पालकी और हाथी की परंपरा रही है। भगवान राजसी वैभव के साथ इन पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। डा.जैन ने बताया मंदिर की परंपरा को निभाने तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए रोबोटिक हाथी का उपयोग किया जा सकता है। हालांकि यह विषय आस्था का है, लेकिन वन्य प्राणियों की सुरक्षा व जीवन रक्षा के लिए इसे अपनाया जा सकता है। केरल के मंदिरों में पशु क्रूरता को रोकने के लिए रोबोटिक हाथियों का उपयोग किया जा रहा है।

# इंदौर में हॉस्टल की छत पर पार्टी के बाद भड़के रहवासी

### तुलसी नगर में हॉस्टलों को लेकर बढ़ा विवाद, अवैध हॉस्टलों के खिलाफ कल से हस्ताक्षर अभियान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर की प्रतिष्ठित आवासीय कॉलोनियों में शामिल तुलसी नगर में हॉस्टल और पेइंग गेस्ट व्यवस्थाओं को लेकर रहवासियों की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार तड़के हॉस्टल की छत पर कथित तौर पर चल रही शराब पार्टी के दौरान हुए हंगामे के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और कॉलोनी के सामाजिक वातावरण को लेकर बहस तेज हो गई है। अब रहवासियों ने हॉस्टलों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार प्लॉट क्रमांक 306-बी, तुलसी नगर स्थित एक हॉस्टल की छत पर गुरुवार रात पार्टी आयोजित की गई थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि पार्टी में करीब 10 युवक और दो युवतियां मौजूद थीं। देर रात तक तेज आवाज में संगीत, शोर-शराबा और अन्य गतिविधियों के चलते आसपास रहने वाले लोग परेशान रहे। रहवासियों द्वारा सूचना दिए जाने पर शुक्रवार सुबह करीब 4:45 बजे डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने पार्टी बंद कराने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान कुछ लोगों द्वारा पुलिसकर्मियों से बहस और अभद्र व्यवहार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का यह भी दावा है कि छत से शराब की बोतलें और प्लास्टिक के गिलास नीचे सड़क एवं खाली प्लॉट में फेंके गए। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया, जिसके बाद हालात पर काबू पाया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस पांच लोगों को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई।



#### संबंधित अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी जा चुकी

घटना के बाद तुलसी नगर के रहवासियों ने कॉलोनी में संचालित हॉस्टलों और पीजी व्यवस्थाओं को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे हॉस्टल संचालित हो रहे हैं, जिनके कारण पार्किंग अव्यवस्था, देर रात शोर-शराबा और अनुशासनहीन गतिविधियों की शिकायतें बढ़ी हैं। रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार नगर निगम और संबंधित अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कॉलोनी की महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी सुरक्षा और सामाजिक माहौल को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान ~ घटना के बाद तुलसी नगर के रहवासियों ने कॉलोनी में संचालित हॉस्टलों और पीजी व्यवस्थाओं को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे हॉस्टल संचालित हो रहे हैं, जिनके कारण पार्किंग अव्यवस्था, देर रात शोर-शराबा और अनुशासनहीन गतिविधियों की शिकायतें बढ़ी हैं।

#### हल्लाबोल हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय

रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार नगर निगम और संबंधित अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कॉलोनी की महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी सुरक्षा और सामाजिक माहौल को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो कॉलोनी की शांति और पहचान प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित हॉस्टल का संचालन निलेश साहू नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में हॉस्टल संचालक का पक्ष सामने नहीं आ सका है। इधर, घटना के बाद तुलसी नगर रहवासी संघ ने रविवार कॉलोनी में संचालित कथित अवैध हॉस्टलों और होटलों के खिलाफ हल्लाबोल हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में संचालित हॉस्टलों की जांच तथा नियमों के तहत कार्रवाई की मांग की जाएगी।

न्यूज कालम



## अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ जैन सामाजिक मंच ने मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**सनावद।** अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ दिगंबर जैन सामाजिक मंच, सनावद जोन के तत्वावधान में रविवार को मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया।मंच के मीडिया प्रभारी सन्मति जैन 'काका' ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, माला, पेन एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।शिक्षा ही सर्वोच्च धनः वक्ताओं ने दिया संदेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य का सच्चा आभूषण है। समाज का भविष्य युवाओं के कंधों पर टिका है। मंच का सतत प्रयास है कि प्रतिभाओं को समय-समय पर पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे आगे बढ़कर देश-समाज का नाम रोशन करें।इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान इस अवसर पर विशुद्धि रितेश जैन, प्रसिद्धि रितेश जैन, प्रेक्षा विभूति जैन, घनिषा राहुल स्वास्तिक लब्धि महावीर जैन, अविरुद्ध राहुल जैन, मोक्ष मितेश जैन एवं स्पर्श रजनीश जैन का सम्मान किया गया।इस अवसर पर मनोज जैन, डॉ.यतीश जैन, आशीष जैन, रिंकेश जैन, श्वेता राहुल जैन, प्रियंका मितेश जैन 'मुंशी'सहित मंच के सभी पदाधिकारी, , छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## आलोट : कोटा-उज्जैन मेमू को सांसद अनिल फिरोजिया ने दिखाई हरी झंडी



**आलोट।** सोमवार का दिन क्षेत्रवासियों के लिए मिला-जुला रहा। एक ओर आलोट को कोटा-उज्जैन मेमू ट्रेन के रूप में नई सौगात मिली, तो दूसरी ओर कोटा-नागदा मेमू को चौमहला तक शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया। 15 जून से शुरू हुई कोटा-उज्जैन मेमू ट्रेन जब विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पहुंची तो उज्जैन-आलोट लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया, एडीआरएम योगेश मित्तल, ष्टक्करू सौरभ मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि वहां पहुंचे। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड का स्वागत किया और सांसद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को उज्जैन के लिए रवाना किया।इस अवसर पर एडीआरएम योगेश मित्तल ने ट्रेन की विस्तृत जानकारी दी। सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा, "क्षेत्र के विकास के लिए मेरे प्रयास निरंतर जारी हैं। गेट नंबर 21 के ब्रिज से प्रभावित किसानों की भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अवार्ड पारित होकर मुआवजा वितरित होने के बाद ब्रिज का निर्माण कार्य तुरंत शुरू होगा। उन्होंने आगे कहा, "मैं माननीय रेल मंत्री से अपने लोकसभा क्षेत्र में अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग लगातार कर रहा हूं। मेरा संकल्प है कि क्षेत्र के नागरिकों को अधिकतम रेल सुविधा मिले। सिंहस्थ को देखते हुए क्षेत्र को सीधे उज्जैन से जोड़ने वाली सड़कों को लिंक रोड से जोड़कर लोगों को और अधिक सुविधा देने का प्रयास करूंगा।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय- ठा. जयसिंह

**खरगोन।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। इस निर्णय के खिलाफ कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता भी आयोजित की गई। यहां कांग्रेस जिला प्रभारी ठाकुर जयसिंह ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है। नामांकन पत्र केवल वैधानिक आधारों पर ही निरस्त किया जा सकता है। गैर-गंभीर त्रुटियों के आधार पर नामांकन निरस्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और लोकप्रिय उम्मीदवार का नामांकन बिना किसी ठोस और उचित कारण के निरस्त करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सीधा अपमान है। जयसिंह ने आरोप लगाया कि यह निर्णय निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने इसे सत्ताधारी दल के इशारे पर की गई कार्रवाई बताते हुए मतदाताओं के अधिकारों का हनन बताया। इस दौरान जिला कांग्रेस संगठन महासचिव जितेन्द्र भावसार, जिला उपाध्यक्ष कादर बेग, राजेंद्र सिंह पंवार, राजेश मंडलोई आदि मौजूद रहे।

## 41 लाख रुपए का गबन कर फरार हुई कैशियर दिल्ली से गिरफ्तार

**खरगोन।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की ठीबगांव शाखा से 41 लाख 58 हजार 95 रुपये का गबन कर फरार हुई महिला केशियर ऋतु गोयल को खरगोन पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गबन की राशि से न केवल कॅशियर गोयल ने बल्कि परिजनों को भी मौज कराई। आरोपी महिला का कहना है कि ऑनलाईन गेम में बड़ी रकम हारने से यह कदम उठाया था। पुलिस गिरफ्त में आई कैशियर से पुलिस महज डेढ़ लाख रुपए जब्त कर पाई है। सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए जैतापुर थाना पुलिस ने बताया कि थाना जैतापुर में 29 मई 2025 को बैंक प्रबंधक राजेश गुप्ता की शिकायत पर केशियर ऋतु गोयल, सहायक बैंक प्रबंधक त्रयबंक वाणी और शाखा प्रबंधक राजेश राठौर के विरुद्ध गबन का प्रकरण दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम को जानकारी मिली कि ऋतु गोयल अपने सास-ससुर, पति और बच्चे के साथ हवाई जहाज से दिल्ली गई है। पुलिस की दबिश के ठीक पहले ऋतु गोयल दिल्ली से इंदौर की ओर भागी, लेकिन अंततः खरगोन में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ऋतु गोयल के कब्जे से १ लाख ४९ हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और बैंक का पहचान पत्र जब्त किया गया है।

# स्टोन क्रेशर भूमि लगाने के लिए रंगदारी में ३ लाख की मांग का आरोप, पीड़ित ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आलोट निवासी मनोज उंटवाल ने थाना ताल में दी शिकायत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट

ताल तहसील के ग्राम माल्या में स्टोन क्रेशर के लिए आवंटित भूमि को लेकर विवाद फिर चर्चा में है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आलोट निवासी मनोज उंटवाल ने थाना ताल में लिखित शिकायत देकर अलसी नागदा निवासी अशोक गुर्जर एवं अन्य पर ३ लाख रुपये मांगने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मनोज ऊंटवाल ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि शासन के नियमों के अनुसार संगीता पति मनोज ऊंटवाल को ग्राम पंचायत माल्या के सर्वे नंबर 110 की लगभग ३ हेक्टेयर शासकीय भूमि गिट्टी और रेत प्लांट के लिए लीज पर आवंटित हुई है। निर्माण शुरू होने के बाद कुछ लोगों ने विरोध करते हुए ज्ञापन दिया, धरना किया और भूख हड़ताल भी की।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब इन प्रयासों से काम नहीं रुका तो आरोपियों ने सीधे उनसे संपर्क कर रुपये मांगे। आरोप है कि अशोक गुर्जर ने पहले फोन कर मुलाकात का समय लिया। इसके बाद महिदपुर रोड स्थित कलुखेड़ी फंटे पर मुलाकात हुई। मनोज का दावा है कि इस बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास है।

**3 लाख मांगने और धमकी देने का आरोप**

शिकायत में कहा गया है कि बातचीत के दौरान उनसे ३ लाख रुपये मांगे गए। कहा गया कि राशि देने पर आंदोलन, धरना और विरोध प्रदर्शन बंद करा दिए जाएंगे। आरोप है कि रुपये न देने पर निर्माण रुकवाने, आंदोलन फिर शुरू करने और सामाजिक माहौल खराब करने की धमकी दी गई। बाद में 1.50 लाख रुपये की मांग भी की गई। मनोज ने शिकायत में लिखा है कि अशोक गुर्जर ने पूर्व में नागदा क्षेत्र में एक आंदोलन खत्म कराने के बदले 15 लाख रुपये लेने की बात भी कही थी। रतलाम कलेक्टर के समक्ष उनके खिलाफ शिकायत कराकर उन्हें धारा १५१ में जेल भी भिजवाया गया था, ऐसा आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार नेपाल के विदेशी नंबर सहित अन्य नंबरों से व्हाट्सएप कॉल और चैट की गई। कॉल रिकॉर्डिंग और चैट के स्क्रीनशॉट उनके पास मौजूद हैं। मनोज का कहना है कि जब मांग पूरी नहीं हुई तो कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए और आवंटित भूमि पर गौशाला बनाकर बोर्ड लगाने की सार्वजनिक घोषणा कर दी।

**पुलिस को सौंपे साक्ष्य, जांच की मांग**

मनोज उंटवाल ने पुलिस को ऑडियो रिकॉर्डिंग, व्हाट्सएप कॉल रिकॉर्डिंग, चैट स्क्रीनशॉट, सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो, फोटो और अन्य दस्तावेज साक्ष्य के तौर पर देने की बात कही है। उन्होंने थाना ताल पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जनकल्याण शिविरों का जायजा लेने कलेक्टर हर्ष सिंह निरीक्षण पर निकले

**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार जिले भर में आयोजित किए जा रहे जनकल्याण शिविरों का जायजा लेने सोमवार को कलेक्टर हर्ष सिंह निरीक्षण पर निकले। उन्होंने बहादरपुर ग्राम पंचायत सहित नगर निगम क्षेत्र के रेडक्रॉस भवन और तिलक हॉल में चल रहे शिविरों की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों का उद्देश्य महज औपचारिकता पूरा करना नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर हर्ष सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों, स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था और पंजीयन प्रक्रिया की गहन समीक्षा की। उन्होंने शिविर में मौजूद ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखा जाए, बल्कि उनका मौके पर ही नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविरों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए नागरिकों के लिए सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था और सुलभ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों का संचालन इस तरह हो कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। १२ जून से जारी इन शिविरों के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, एसडीएम अजमेर सिंह गौड़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन का कहना है कि इन शिविरों के माध्यम से शासन की जनहितैषी योजनाओं

## पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या पर आस्था का सैलाब, नर्मदा तट पर उमड़े हजारों श्रद्धालु

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



परम पुण्यदायी पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) में आई सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर मंडन मिश्र की धर्मनगरी मंडलेश्वर में आस्था का अद्भुत और दिव्य संगम देखने को मिला। मां नर्मदा जी के पवित्र तट पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा दान, पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। पूरे नगर में दिनभर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

सुबह करीब 4 बजे से ही मां नर्मदा के घाटों पर श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। अनुमानित 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और कल्याण की कामना की।

श्रद्धालुओं में मंडलेश्वर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा मालवा अंचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।सोमवती अमावस्या के महत्व को देखते हुए श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा जी स्नान के बाद दान-पुण्य, पूजन-अर्चन, दीपदान और आरती कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। महिलाओं ने विशेष रूप से शिवालयों एवं विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर बड़ी बत्ती प्रज्वलित की, त्रिवेणी का पूजन कर उसके फेरे लगाए और परिवार की सुख-शांति की कामना की।

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर नगर के प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर में विगत एक माह से चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का सोमवती अमावस्या पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूणार्हुति समारोह संपन्न हुआ। पंडित श्री पंकज मेहता ( गुरू जी ) एवं यज्ञाचार्यों के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और धर्म की उन्नति की प्रार्थना की। महायज्ञ की पूणार्हुति के पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ के कारण नगर में वाहनों का भारी दबाव भी देखने को मिला। सैकड़ो मोटरसाइकिलों के अलावा लगभग 500 से 600 कार एवं अन्य चार पहिया वाहनों की पार्किंग पूरी तरह भर गई। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण दिनभर नगर के प्रमुख मार्गों पर चहल-पहल बनी रही।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और वाहनों के बढ़ते दबाव को देखते हुए मंडलेश्वर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सुबह से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का नगर में प्रवेश शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे नगर में यातायात व्यवस्था की कमान संभाली।

## नेपानगर में अंडर-16 फ्रेंडली लैदर मैच संपन्न, पुनासा को 12 रनों से हराकर मेजबान टीम रही विजेता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर



स्थानीय वेलफेयर सेंटर ग्राउंड पर बीते दिनों अंडर-16 क्रिकेट के एक रोमांचक मुकाबले में नेपानगर की टीम ने जीत का परचम लहराया। बुरहानपुर जिले की डेनिस क्रिकेट एकेडमी (छ्ष्ट्) नेपानगर और खंडवा जिले की पुनासा क्रिकेट एकेडमी (क्कष्ट्) के बीच खेले गए इस फ्रेंडली लैदर बॉल मैच में मेजबान टीम 12 रनों से विजयी रही।

डेनिस क्रिकेट एकेडमी के संचालक व कोच डेनिस स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि मैच की शुरूआत में छ्ष्ट्र ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक निर्णय लिया। शानदार शुरूआत के दम पर छ्ष्ट्र की टीम ने निर्धारित 18 ओवरों में कुल 143 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुनासा क्रिकेट एकेडमी (क्कष्ट्) की टीम ने काफी संघर्ष किया, लेकिन व 20 ओवरों में 131 रन ही बना सके और मुकाबला हार गए।

**आदित्य बने 'मैन ऑफ द मैच', देवांश और आयुष चमके**

मैच में शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करने वाले आदित्य गौतम को उनकी 45 रनों की उत्कृष्ट पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, देवांश ने टीम के लिए ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए पहले बल्ले से 20 रन जोड़े और बाद में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2 महत्वपूर्ण विकेट भी चटकाए। गेंदबाजी विभाग में आयुष सारसर ने भी बेहद किफायती स्पेल डाला; उन्होंने अपने 4 ओवरों के कोटे में मात्र 20 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

कोच डेनिस स्वामी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को लैदर बॉल क्रिकेट का अनुभव देना है ताकि उनके भीतर आगे बढ़ने और बेहतरीन प्रदर्शन करने की क्षमता विकसित हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनकी एकेडमी में करीब 40 उभरते हुए खिलाड़ी लैदर बॉल का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं, और भविष्य में भी ऐसे फ्रेंडली मैच लगातार आयोजित कराए जाएंगे।

## कलेक्टर ने शस्त्र रखने के आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की दी स्वीकृति

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के प्रतिवेदन के आधार पर अवैध शस्त्र रखने पर शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 39 के अंतर्गत पलसूद निवासी तबरेज पिता फारूक शाह एवं उण्डीखोदरी निवासी राहुल पिता दिलीप सिंह सिकलीगर के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में अभियोजन चलाने की स्वीकृति प्रदान की है।

## एम.पी. ट्रांसको नागदा में आयोजित हुई सबस्टेशनों के संचालन एवं सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सबस्टेशन संचालन एवं सुरक्षा से संबंधित व्यापक प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में उज्जैन जिले के नागदा टेस्टिंग डिवीजन मुख्यालयों मे यह कार्यशाला अधीक्षण अभियंता श्री शेखर फटाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यशाला में सबस्टेशन मेंटेनेंस एवं आपरेशन कार्यों के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं को बिंदुवार रूप से समझाया गया एवं कार्यस्थल पर लापरवाही रोकने के महत्व पर विशेष जोर देते हुए दुर्घटनाओं से बचाव के लिए व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी, जिससे कार्मिकों एवं उपकरणों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**सुरक्षित कार्यशैली से कराया गया अवगत**

प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्री फटाले ने एम.पी. ट्रांसको की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के अंतर्गत निर्धारित स्टेंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने पर बल दिया। प्रतिभागियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत पारेषण बनाए रखने के लिए समन्वित टीमवर्क के रूप में कार्य करने के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यशाला में क्षेत्र के अभियंताओं, एवं तकनीकी स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की।

## बड़वानी की हॉकी खिलाड़ी स्नेहा को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**बड़वानी ।** जापान के काकामिगहारा में 29 मई से 6 जून 2926 तक आयोजित महिला हॉकी अंडर-18 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली बड़वानी की होनहार खिलाड़ी स्नेहा दावदे का जिला प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया।

## आलोटः कोटा-उज्जैन मेमू को सांसद अनिल फिरोजिया ने दिखाई हरी झंडी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट

सोमवार का दिन क्षेत्रवासियों के लिए मिला-जुला रहा। एक ओर आलोट को कोटा-उज्जैन मेमू ट्रेन के रूप में नई सौगात मिली, तो दूसरी ओर कोटा-नागदा मेमू को चौमहला तक शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया। १५ जून से शुरू हुई कोटा-उज्जैन मेमू ट्रेन जब विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पहुंची तो उज्जैन-आलोट लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया, एडीआरएम योगेश मित्तल, ष्टक्करू सौरभ मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि वहां पहुंचे। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड का स्वागत किया और सांसद ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को उज्जैन के लिए रवाना किया।इस अवसर पर एडीआरएम योगेश मित्तल ने ट्रेन की विस्तृत जानकारी दी। सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा, "क्षेत्र के विकास के लिए मेरे प्रयास निरंतर जारी हैं। गेट नंबर २१ के ब्रिज से प्रभावित किसानों की भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अवार्ड पारित होकर मुआवजा वितरित होने के बाद ब्रिज का निर्माण कार्य तुरंत शुरू होगा।" उन्होंने आगे कहा, "मैं माननीय रेल मंत्री से अपने लोकसभा क्षेत्र में अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग लगातार कर रहा हूं। मेरा संकल्प है कि क्षेत्र के नागरिकों को अधिकतम रेल सुविधा मिले। सिंहस्थ को देखते हुए क्षेत्र को सीधे उज्जैन से जोड़ने वाली सड़कों को लिंक रोड से जोड़कर लोगों को और अधिक सुविधा देने का प्रयास करूंगा।

वहीं कोटा से नागदा तक नियमित चलने वाली मेमू ट्रेनों को १५ जून से ही शॉर्ट टर्मिनेट कर नागदा तक कर दी गई है अभी ट्रेन आलोट होते हुए नागदा तक जाती थी अब यह चौमहला तक ही आएगी एवं चौमहला से कोटा को वापस चली जाएगी इस ट्रेन के बंद होने से लोगों की एक सुविधा समाप्त हुई है क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि कोटा नागदा ट्रेन को रतलाम तक बढ़ाया जाए लेकिन रेलवे ने इसे बढ़ाने की बजाय चौमहला तक कर दिया जिससे नागरिकों में रोज व्याप्त है

## पुरुषोत्तम मास की पावन कथा का उदासीन आश्रम में हुआ समापन; मजदूर यूनियन अध्यक्ष प्रियांक सिंह ने दिया 51 हजार का दान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के पावन एवं दिव्य अवसर पर स्थानीय नागझिरी स्थित श्री उदासीन आश्रम में आयोजित एक महीने की च्ज्ञानमय दर्शन एवं प्रवचनमालाज्ञ का आज भव्य समापन हुआ। गत १७ मई से प्रारंभ हुई इस संगीतमय कथा की पूणार्हुति १५ जून को हुई, जिसमें पूरे माह बुरहानपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस आध्यात्मिक यात्रा ने भक्तों के हृदयों को प्रभु भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी से सराबोर कर दिया।

कथा समापन के मुख्य समारोह में आश्रम समिति के सदस्य व मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने मंदिर निर्माण एवं आश्रम के विकास कार्य हेतु ५१,००० रुपये की नगद राशि दान स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर व्यास पीठ पर विराजमान स्वामी योगेश्वरानंद महाराज एवं आश्रम के महंत पुष्करानंद महाराज ने ठाकुर प्रियांक सिंह का हार्दिक स्वागत करते हुए उनकी इस पुण्यात्मा सेवा की सराहना की और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

व्यास पीठ से कथा का रसपान कराते हुए स्वामी योगेश्वरानंद जी ने भक्तों को बताया कि पुरुषोत्तम मास स्वयं भगवान श्रीकृष्ण द्वारा स्वीकृत विशेष मास है। इस पावन महीने में की गई साधना, कथा-श्रवण, आरती और दान का फल करोड़ों पुण्यों के समान मिलता है। उन्होंने जीवन में भक्ति, ज्ञान और दान की महत्ता पर बल देते हुए समाज को सही दिशा में चलने का मार्गदर्शन किया।

महंत पुष्करानंद स्वामी ने उदासीन आश्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आश्रम उदासीन संप्रदाय का एक प्रमुख केंद्र है, जहाँ नियमित रूप से धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां संचालित होती हैं। पुरुषोत्तम मास जैसे विशेष अवसरों पर यहाँ का वातावरण और भी पावन व अलौकिक हो जाता है।

सामूहिक भजन-कीर्तन और महाआरती से गुंजायमान हुआ आश्रम समिति के मुकेश डालमिया, भानु चंचलानी, संतोष देवताले व प्रकाश पालीवाल ने बताया कि समापन समारोह के दौरान प्रभु की भव्य महाआरती उतारी गई। इसके बाद सामूहिक भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति के रंग में डूबे नजर आए। संतों के आशीर्वचन ने उपस्थित जनमेदिनी को निहाल कर दिया।

वहीं समिति सदस्य मुकेश पाटीदार, हितेश भावसार, राजू भावसार एवं दिलीप चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि पूज्य संतों का सानिध्य और उनके मुखारविंद से झरी ज्ञानगंगा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली है। इस आध्यात्मिक माहौल में संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी श्रद्धालु स्वयं को कृतार्थ महसूस कर रहे हैं।संतों की सेवा ही प्रत्येक भक्त का परम कर्तव्यः प्रियांक सिंह आश्रम को दान राशि सौंपते हुए ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा कि संतों के सानिध्य में रहना और धार्मिक कार्यों में गिलहरी योगदान देना प्रत्येक भक्त का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम के अंत में उदासीन आश्रम समिति, उपस्थित थे।

## जनकल्याण योजनाओं के शिविर, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

**आलीराजपुर,।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कट्ठीवाड़ा के सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, एसडीएम सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री तपीस पांडे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम विभागवार जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद विभागवार सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को 50 एवं 100 दिनों से लंबित शिकायतों का संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों को समय-सीमा से बाहर लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए। बैठक में बीएमओ कट्ठीवाड़ा को आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ई-केवाईसी कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए।

## न्यूज -कॉलम

### गिरफ्त में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी



**उज्जैन।** 14 दिन पहले घर के पीछे से आकर 14 साल की बालिका का बुरी नियत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी सोहेल पिता शाहिद 22 साल निवासी किलकिलपुरा बैरजाली सोमवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि नाबालिग ने परिजनों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी और बताया था कि आरोपी द्वारा उसका हाथ पकड़ लिया गया था। शोर मचाने पर मां आई तो जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75 (1), 78 (2), 351 (3), बीएनएस और 7/8, 11(आईवी)/12 पास्को एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, आरक्षक आदिराम, राघवसिंह, सैनिक महेन्द्रसिंह की टीम बनाई गई थी। 14 दिन बाद गिरफ्त में आने पर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### हिरासत में रेलवे स्टेशन चाकूबाजी में शामिल आरोपी

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार रात हुई चाकूबाजी में दीपक पिता इंदरसिंह 28 साल निवासी शाजापुर हाल मुकाम मंछामन कालोनी घायल हो गया था। उसे आरपीएफ टीम ने उपचार के लिये भर्ती कराकर मामले की जांच जीआरपी को सौंपी थी। जीआरपी ने अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किये। इस दौरान सामने आया कि वह पांच सालों से उज्जैन में रहकर मजदूरी कर रहा है। रात में ई-रिक्शा से रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास पहुंचा था। जहां उस पर कबीर उर्फ दीपक और राजेश ने पुरानी रंजीश में चाकू से हमला किया है। जीआरपी ने मामला दर्ज कर चाकू मारने वाले दोनों बदमाशों की तलाश शुरू की। सोमवार सुबह कबीर उर्फ दीपक को हिरासत में ले लिया गया। दूसरे आरोपी राजेश की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि कबीर अवैध शराब बेचता है। घायल का 6 जून को कबीर से शराब पीने के दौरान विवाद हुआ था। फिलहाल जीआरपी मामले में विवेचना कर रही है।

### अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस ट्रेन में बीमार यात्री की मौत

**उज्जैन।** बिहार के बांका का रहने वाला मोनू पिता लड्डू मंगल 22 साल बीमार था। परिजन उसे अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस से उपचार के लिये अहमदाबाद लेकर जा रहे थे। सोमवार तड़के ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने से पहले मोनू की हालत काफी बिगड़ गई। प्लेटफार्म पर ट्रेन का स्टापेज होते ही उसे उतारा गया और जीआरपी की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले में जीआरपी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। भाई सोनू और परिजन शव बिहार लेकर गये है।

### देवासरोड पर कार-रिक्शा भिड़ंत में 4 घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पॉलिटेक्निक कालेज के सामने तेजगति से दौड़ती कार क्राम एचआर 21 पी 7451 ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। रिक्शा अनियंत्रित हो गया और पलटी खा गया। जिसमें सवार पुष्पा पति रामशंकर मिश्रा 56 साल, पुत्री ऋचा मिश्रा 23 साल निवासी तिरूपति विस्टापार्क और अंतेश पिता धर्मेन्द्र रायकवार के साथ धर्मेश पिता छोटेलाल रायकवार 49 साल निवासी अंबर कालोनी घायल हो गये। सभी घायलों को लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में माधवनगर थाना पुलिस द्वारा ऋचा मिश्रा की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। दुर्घटना का एक मामला मंछामन कालोनी चौराहा पर हुआ। आंनदगंज की झिरी में रहने वाले अमित पिता सुरेन्द्र शुक्ला 46 साल को एक्टिवा चालक ने टक्कर मार दी। अमित को गंभीर चोंट आने पर लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना एसआई श्रवण भदौरिया ने अस्पताल पहुंच बयान दर्ज करते हुए अज्ञात एक्टिवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। चालक का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 159-5 | 280-0 |
| मेन बाजार | 146-1 | 245-1 |
| कल्याण नाइट | 589-2 | 169-6 |
| मिलन डे | 567-8 | 227-1 |
| मिलन नाइट | 480-2 | 578-0 |
| मधुर डे | 560-1 | 138-2 |
| मधुर नाइट | 189-8 | 270-9 |
| शुभांक | 4 5 | 8 |

# लग्जरी गाड़ी में सवार मिले मंदसौर के ड्रग्स तस्कर

## चैकिंग में स्टापर लगाकर पकड़ा, 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



रात्रि गश्त के दौरान चैकिंग में रविवार-सोमवार रात लग्झरी गाड़ी में सवार 5 लोगों को पुलिस ने पकड़ा। सभी मंदसौर के तस्कर होना सामने आये, जिनके पास से ढाई सौ ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान वाल्मिकीधाम चौराहा पर वाहनों की चैकिंग शुरू की गई थी। उसी दौरान एमपी 09 सीटी 4511 लग्झरी फोर्ड एंडेवर कार आती दिखाई दी। जिसे रोकने का प्रयास करने पर चालक ने रफ्तार कर निकलने का कोशिश की। चैकिंग में शामिल पुलिसकर्मियों ने स्टापर अड़ाकर कार को रोक लिया। जिसमें पांच लोग बैठे थे। पूछताछ करने पर चालक विकास पिता पन्नालाल नायक 22 साल, याकूब पिता हाजी गुलबाज खान 52 साल, मोहम्मद जैद उर्फ बाबा पिता याकुब खान 19 साल निवासी गोपालपुरा मंदसौर, मानसिंह पिता जुझारसिंह गुर्जर 50 साल निवासी नयाखेड़ा सीतामऊ, मंदसौर और रईस पिता अमीर खान 48 साल बेलारी सीतामऊ मंदसौर सामने आये। पूछताछ में सही जवाब नहीं देने पर उनके वाहन की तलाशी ली गई। चालक सीट के नीचे से एक प्लास्टिक की थैली मिली, जिसमें मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स भरा था, जो 252 ग्राम पाया गया। चैकिंग पाइंट से पांचों को थाने लाया गया और एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। बरामद ड्रग्स 3.50 लाख और लग्झरी कार 10 लाख कीमत होना पाई गई है। पांचों के मोबाइल जप्ती में लिये गये है। सोमवार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार आरोपियों का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पता चला कि याकूब खान और मानसिंह गुर्जर पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी रह चुके है। फिलहाल पांचों से मादक पदार्थ स्त्रोत के संबंध में पूछताछ कर सप्लाई चैन का पता लगाया जा रहा है।

रविवार-सोमवार रात माधवनगर और पंवासा थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान अवैध शराब तस्करी में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन पर सवार अभिषेक पिता कैलाश यादव 40 साल बहादूरगंज को विक्रमनगर ब्रिज के पास से पकड़ा गया। जिसके पास से 2 झोले में भरी 51 हजार से अधिक की देशी-विदेशी शराब बरामद की गई। पंवासा पुलिस ने श्री सिंथेटिक्स चौराहा से बाइक सवार 2 युवकों को पकड़ा। जिसके पास से 24 हजार कीमत की 6 पेटी देशी शराब बरामद की गई। प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला के अनुसार आरोपी प्रवीण पिता सौदानसिंह ठाकुर राजनगर इंदौर और विशाल पिता दशरथ पंचमूर्ती नगर इंदौर के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# फांसी लगाने में नाकाम महिला ने काटी हाथ की नस

## 3 साल पहले किया था प्रेम विवाह, 8 माह का है बेटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



प्रेम विवाह करने वाली महिला ने सोमवार सुबह फांसी लगाने का प्रयास किया पति ने उसे बचा लिया, लेकिन शाम को उसने हाथ की नस काट ली। पति ने उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है।

इंदौर-नागदा बायपास मार्ग हाटकेश्वर कालोनी में रहने वाली दीक्षा पति पार्थ नागर 21 साल को नीलगंगा थाना पुलिस की डायल 112 चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। दीक्षा के एक हाथ की नस कटी थी और कलाई पर कई गहरे जख्म थे। आपरेशन थियेटर में सर्जरी के बाद उसे उपचार के लिये भर्ती किया गया है। पति पार्थ ने बताया कि वह ट्रेवल्स का काम करता है। 3 साल पहले प्रेम विवाह किया था, 8 माह का बेटा है, दीक्षा जयपुर की रहने वाली है। सुबह उसने फांसी लगाने का प्रयास किया था, उस वक्त भी डायल 112 बुलाई गई थी। पुलिस समझाईश के बाद दीक्षा का गुस्सा कम हुआ था, उसकी हरकतों को देखते हुए पुलिस कंट्रोलरूम पहुंच शिकायती आवेदन भी दिया। लेकिन शाम को उसने ब्लेड से हाथ की नस काट ली। जानकारी यह भी सामने आई कि पार्थ रातभर घर नहीं लौटा था दीक्षा को उस पर दूसरी महिला के संपर्क में होने की शंका है। जिसके चलते दोनों के बीच आये दिन विवाद होते रहते है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रेम विवाह के 5 साल बाद खाया जहर

प्रेम विवाह के पांच साल बाद जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के नागेश्वरधाम कालोनी से सामने आया। यहां रहने वाली शिवानी ने 2021 में सेठीनगर के रहने वाले निहाल सूर्यवंशी से लव मैरिज की थी। उनका एक बेटा है। निहाल काम धंधा नहीं करता है। जिसके चलते दोनों में विवाद होता था। 11 जून को शिवानी मायके आ गई थी। 12 जून की शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। फूफा सत्यप्रकाश अहिरवार ने बताया कि पहले चरक अस्पताल फिर माधवनगर और उसके बाद निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां रविवार रात शिवानी की मौत हुई है। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया है।

# प्राणघातक हमले में शामिल 3 नाबालिग हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गाड़ी टकराने पर हुए विवाद में 3 छात्रों पर प्राणघातक हमला करने में शामिल 3 नाबालिगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। तीनों को आज बाल न्यायालय में पेश किया जा सकता है।

इंदिरानगर में 12 जून को स्वीफ्ट डिजायर कार और 2 थार गाड़ी से आये कुछ युवकों द्वारा गाड़ी टकराने के विवाद में तीन छात्र गोलू उर्फ जय धन्नानी अवंतिपुरा और दोस्त कार्तिक यादव, प्रणय यादव पर चाकू, हॉकी, लोहे की रॉड और हथियारों से हमला कर दिया था। मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने गोलू उर्फ जय की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया था। 2 दिनों की तलाश के बाद हमले में शामिल 3 नाबालिगों को सोमवार देर शाम हिरासत में ले लिया गया। जिनसे पूछताछ कर उनके साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। तीनों को आज बाल न्यायालय में पेश किया जा सकता है। विदित हो कि तीनों घायल छात्र दशहरा मैदान चाय काफी कैफे पर खड़े थे, उसी दौरान स्वीफ्ट डिजायर कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी थी। तीनों छात्रों ने कार चालक का विरोध करने का प्रयास किया तो चालक ने उन पर कार चढ़ाने का प्रयास किया था और भाग निकला था। जिसके बाद मामला इंदिरानगर चौराहा तक पहुंचा तो जहां कार चालक ने अपने साथियों को बुलाकर तीनों पर हमला कर दिया था।

**कत्ल के आरोपी भाई का मिला सुराग-** हीरामिल की चाल में शुक्रवार-शनिवार रात मां से विवाद करने पर मनीष टटवाल की चाकू मारकर छोटे भाई सागर उर्फ नाना ने हत्या कर दी थी। देवासगेट थाना पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर सागर की तलाश शुरू की थी। सोमवार रात उसके हीरामिल की चाल क्षेत्र में आने का सुराग मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और उसके ठिकानों पर दबिश मारना शुरू किया। देर रात तक पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। संभावना है उसे गिरफ्तार करने के बाद आज पुलिस मामले का खुलास कर सकती है।

# अस्था की डूबकी लगाते डूबा बिहार का युवक

### रामघाट पर घटना, गोताखोरों ने निकाला शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सोमवती अमावस्या पर परिवार के साथ आस्था का नहान करने बिहार से आया युवक शाम को क्षिप्रा में डूब गया। परिवार की सूचना पर गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद उसका शव निकाला गया।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि बिहार के ग्राम फूलवारिया महू जिला वैशाली से रोहित कुमार पिता राजकिशोर शाह 25 साल परिवार के साथ सोमवती अमावस्या होने पर आस्था का नहान और महाकाल दर्शन करने आया था। शाम 7 बजे के लगभग परिवार रामघाट पहुंचा था। परिवार डूबकी लगाकर बाहर आ गया था। लेकिन रोहित डूबकी लगाने के बाद वापस नहीं निकला। परिवार नहान के बाद कपड़े बदलने चैजिंग रूम चला गया। कुछ देर बाद रोहित दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश शुरू की गई। उसके डूबने की आशंका सामने आते ही गोताखारों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया। कुछ देर बाद उसे बाहर निकाला गया। इस दौरान एसडीआरएफ और होमगार्ड ने सीपीआर दिया, लेकिन सिर में चोंट लगी होने से उसकी मौत हो चुकी थी। आशंका जताई गई कि गोता लगाने के दौरान चोंट लगने पर डूबा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर रात में शव चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा।

### यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** किराये के मकान में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने सोमवार को फांसी लगा ली। उसका शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस जांच में उसके पास से सुसाइड नोट मिला है। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की जायेगी। नागझिरी थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के पीछे न्यू इंदिरानगर में किराये का मकान लेकर राहुल पिता रामकरण सोलंकी 27 साल यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। सोमवार शाम उसका शव घर में रस्सी के फंदे पर लटका मिला। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा गया। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि राहुल मूलरूप से ग्राम झाडला नलखेड़ा आगर का रहने वाला था। पुलिस को उसके पास से 3 से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। जिसे जांच के लिये जप्त किया गया है। नोट में उसने अपनी पत्नी और सास पर आरोप लगाये है। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर परिजन उज्जैन पहुंच गये थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया है। परिजनों ने बताया कि राहुल की शादी को 2 माह 5 दिन हुये है। पत्नी मायके गई हुई है। मामले की जांच शुरू की जायेगी।

# चाकू की नोंक पर लूट करने वाले बदमाशों की तलाश




**उज्जैन।** दर्शन कर लौट रहे फायनेंसकर्मी के साथ दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात में शामिल बाइक सवार 3 बदमाशों की तलाश फुटेज सामने आने के बाद पुलिस द्वारा की जा रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम चंदेसरा का रहने वाला सौदान प्रजापत बजाज फायनेंस कंपनी में काम करता है। 13 जून को वह ढाबारोड स्थित गेबी हनुमान मंदिर दर्शन करने गया था। जहां से वापस ढांचाभवन मार्ग होते ही मक्सीरोड की ओर जा रहा था, उसी दौरान दिनदहाड़े प्रीतिनगर दारू गोदाम मार्ग पर उसे बाइक से आये तीन बदमाशों ने रोका और चाकू दिखाकर उसके पास रखे 14 हजार रूपये और मोबाइल छीनकर भाग निकले। सौदान ने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर लिखित में दर्ज कराई। पुलिस ने मामला जांच में लिया और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें बाइक से 3 व्यक्ति जाते दिखाई दिये है। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। फुटेज के आधार पर जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में संदेह भी है। बाइक सवारों के हिरासत में आने पर वारदात की सही स्थिति सामने आ पायेगी।

# ट्रेक्टर से दीवार गिरने पर पडोसियों में हुआ विवाद

**उज्जैन।** कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम भटुनी में रहने वाले निलेश पिता विक्रमसिंह पटेल ट्रेक्टर लेकर घर के पीछे से गुजर रहा था। ट्रेक्टर अनियंत्रित होने पर पड़ोसी भारत पिता राजाराम सूर्यवंशी के मकान की दीवार गिर गई। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान निलेश ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया। भारत सूर्यवंशी का कहना था कि दीवार गिराने पर ट्रेक्टर रोक पूछताछ करने का प्रयास किया तो निलेश ने जान से मारने की धमकी दी। वहीं निलेश का कहना था कि दीवार गिरने पर गाली-गलौच कर मारते करते हुए धमकी दी गई है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा देवकन्या चौहान पति श्री कैलाश चौहान व वर्षा चोहान पिता कैलाश निवासी ग्राम लोहारी तहसील व जिला देवास देवकन्या चौहान के पति व वर्षा चोहान के पिता श्री कैलाश पिता रामसिंह जाती चमार निवासी 275/3ए ग्राम लोहारी तहसील व जिला देवास की मालिकी, स्वत्व, आधिपत्य गोल खाते एवं अपने हिस्से कि कब्जे की कृषि भूमि जो कि ग्राम बारोडपिप्लया प.ह.नं.121 व ग्राम लोहारी प.ह.नं.120 तहसील व जिला देवास में स्थित भुमि के सर्वे नं. 205 रकबा 0.1000 हेक्टेयर, 208/2 रकबा 0.1600 हेक्टेयर, 213/1/1 रकबा 0.0400 हेक्टेयर, 215/1 रकबा 0.9200 हेक्टेयर, 217/ 2 रकबा 0.3700 व ग्राम लोहारी के भुमि के सर्वे नं. 426 रकबा 0.9000 कुल रकबा 2.49 हेक्टेयर मेसे मेरा हक हिस्से के मान से 1/7 का हिस्सा कुल रकबा 0.355 हेक्टेयर भुमि है जो कि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। जो कि देवकन्या चौहान के पति व वर्षा चोहान के पिता श्री कैलाश पिता रामसिंह जाती चमार का मानसिक रुप से अस्वस्थ व नशे का आदी होने के कारण इस भुमि को श्री कैलाश पिता रामसिंह द्वारा विक्रय पत्र, विक्रय अनुबंध, गिरवी, मुखत्यारनामा करता है तो वह शुन्य माना जायेगा तथा उसके खिलाप कानुनी कार्यवाही भी कि जायेगी। जो कि खरिददार स्वयं जिम्मेदार रहेगा है। अतः उक्त वर्णित भुमि श्री कैलाश पिता रामसिंह द्वारा विक्रय पत्र, विक्रय अनुबंध, गिरवी, मुखत्यारनामा करता है तो इस जाहिर सूचना के समक्ष शुन्य मानी जावेगी। सो सूचित हो।

उज्जैनए दिनांक 15.06.2026

**कमलेश बामनिया एडव्होकेट**
**210-प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन**
**मो. 6260038664**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विकेता मूल भुमि स्वामी गजेन्द्र सिंह पिता रणजीत सिंह, जाति राजपुत, निवासी ग्राम डाबरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 59/1/2 रकबा 0.30 हैक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.30 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम डाबरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो ।

इति दिनांक-16-06-2026

**मोहित पाटीदार ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 7999640229, 9669092880**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता अशोक कुमार पिता रमेशचन्द्र परमार जाति सिर्वी निवासी ग्राम बालोदा तहसील बदनावर जिला धार म.प्र. कृषक ग्राम बरगाड़ी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 162/1 रकबा 0.0400 हे. में से रकबा 0.0272 स्थित ग्राम बरगाड़ी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी।

सूचित हो । दिनांक 15/06/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 7999800300**

# महाभारत तो जारी रहेगा



आजकल लोग युद्ध को लेकर बड़े परेशान हैं, लेकिन मनुष्य जाति के लिए युद्ध कोई नई बात नहीं है। सच तो यह है कि जब से आदमी इस धरती पर रहा है, तभी से विश्व में दो तरह की स्थितियां रही हैं- युद्ध या युद्ध की तैयारी; शांति कभी रही ही नहीं। जिसे हम शांति कहते हैं, वह सिर्फ अगले युद्ध की तैयारी होती है। जरा एक नजर विश्व के इतिहास पर डालें, तो पूरा खून से लथपथ दिखाई देगा। इतिहास के नाम पर हम क्या पढ़ाते हैं? यही कि किस राजा ने किस राजा से युद्ध किया और कितने लोग मारे। मानव सभ्यता का पूरा विकास इन युद्धों के बीच और युद्धों के संग-संग हुआ है।

ओशो ने बिल्कुल सटीक कहा है कि महाभारत न तो कभी शुरू होता है और न कभी अंत; वह मनुष्य के अज्ञान के साथ चलता ही रहता है। वस्तुतः अज्ञान ही महाभारत है। कभी शीत युद्ध, कभी गर्म; कभी प्रकट, कभी छद्म, लेकिन मूर्च्छा में आप लड़ते ही रहेंगे। आध्यात्मिक रूप से बेहोश आदमी के लिए लड़ना ही जीवन मालूम होता है। युद्ध के लिए कोई आकाश से बमवर्षा आवश्यक नहीं है। वह तो आखिरी परिणति है। इसकी तैयारी तो घर-घर में चलती है; हृदय-हृदय में चलती है। युद्ध मैदानों में नहीं लड़े जाते, मनुष्य के अंधकार में लड़े जाते हैं। घर में लड़ने वाले लोग जब नेता बन जाते हैं, तो वे बड़े पैमाने पर लड़ते हैं। उनके पास ज्यादा ताकत होती है।

जरा गहराई से सोचें, लड़ाई कितने तालों पर होती है! हम सब भीतर से बंटे हुए हैं और खुद से लड़ रहे हैं। किसी दूसरे से तो बाद में लड़ेंगे, पहले हम अपने से और अपनों से लड़ रहे हैं। जीवन का एक भी ऐसा पल नहीं है, जब किसी न किसी अर्थ में संघर्ष न चल रहा हो। जहां संघर्ष है, वहां कैसे शांति होगी? फिर यही संघर्ष, हम जिनसे जुड़े हैं, उनमें भी फैल जाता है, बेहद क्षुद्र बातों पर! कितनी छोटी-छोटी बातों पर लड़ते हैं। जैसे बातें तो बहाना हैं, लड़ना तुम चाहते हो, इसलिए कोई भी बहाना काम दे देता है।

प्रायः लड़ने के क्षण में दिखाई भी नहीं पड़ता कि किस क्षुद्रता के लिए आपने आग्रह खड़ा कर लिया है। जब तक अज्ञान गहन है, अंधकार गहन है, अहंकार सघन है, तब तक आप देख भी नहीं पाएंगे कि आपका पूरा जीवन एक कलह है। जन्म से लेकर मृत्यु तक हम जीते नहीं, सिर्फ लड़ते हैं। अतः असली सवाल युद्ध नहीं है; असली सवाल मनुष्य की युद्ध से भरी चित्त-दशा का है। तमाम युद्धों को बंद करने का एक ही उपाय है, एक-एक आदमी अपनी चित्त-दशा को पूरी गहराई से समझने की कोशिश करे। अपने अंदर के कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र बनाए, तभी बाहरी युद्ध बंद हो सकते हैं।



सम्पादकीय

## वीरांगनाओं को सलाम

देश की आधी आबादी के लिए यह सचमुच जश्न का समय है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) ने पहली बार 17 महिला सैन्य अधिकारियों को स्थायी कमीशन प्रदान किया है। इनमें से नौ को सेना, पांच को वायु सेना और तीन को नौसेना में स्थायी नियुक्ति मिली है। आजादी के बाद हमारे सार्वजनिक जीवन के कुछ ऐसे कोने थे, जो आधी आबादी की पहुंच से काफी देर तक दूर रहे और यह बात लोकतांत्रिक हिन्दुस्तान के मानस को लगातार उद्वेलित करती रही। इनमें से एक कोना रक्षा का था। धर्म और रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के साथ भेदभाव साफ-साफ दिखता रहा है। धर्म जहां कई मंदिरों, दरगाहों में उनके साथ भेदभाव करता रहा, तो रक्षा क्षेत्र के दरवाजे भी दशकों तक उनके लिए बंद रहे। आखिरकार उन्हें लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। जाहिर है, संविधान की कसौटी पर उनके साथ इंसाफ होना ही था। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2020 में एनडीए को महिलाओं के लिए खोलने का आदेश दिया था। अपने फैसले में आला अदालत ने साफ-साफ कहा कि सामाजिक धारणाओं के आधार पर महिलाओं को समान मौके न देना अस्वीकार्य है।

पहले महिला अधिकारियों की नियुक्ति शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिये होती थी और वर्षों की सेवा के बाद ही वे स्थायी कमीशन की योग्यता हासिल कर पाती थीं। इसी भेदभाव के खिलाफ उन्होंने आला अदालत का दरवाजा खटखटाया था। बहरहाल, ये 17 वीरांगनाएं अगस्त 2022 में एनडीए का हिस्सा बनी थीं और स्थायी नियुक्ति पाने से पहले उन्होंने सेना के कठोर प्रशिक्षण की कसौटियों पर खुद को खरा साबित किया है। अब वे नेतृत्व की भूमिका में होंगी। यह क्षण भारतीय लोकतंत्र के लिए इस लिहाज से भी ऐतिहासिक है, क्योंकि देश के सर्वोच्च कमांडर के ओहदे पर द्रौपदी मुर्मु पदासीन हैं, जो स्वयं एक महिला हैं। निस्संदेह, देश की आधी आबादी के लिए ये 17 बेटियां मिसाल हैं और उम्मीद है कि यहां से लड़कियों की संख्या बढ़ती जाएगी। इनकी स्थायी नियुक्ति से भारतीय सेना का यह दावा अधिक पुख्ता होगा कि वह लिंग-भेद से परे योग्यता, अनुशासन और उत्कृष्टता को महत्व देती है। हालांकि, इन कुछ बड़ी उपलब्धियों के बावजूद हमारे सामाजिक-सार्वजनिक जीवन में समान भागीदारी के लिए महिलाओं को अभी लंबा सफर तय करना होगा। गौर कीजिए, आज भी पुरुष और महिला साक्षरता के बीच लगभग 13 फीसदी का फासला है।

### आपूर्ति श्रृंखला अर्जित करता लाभ

## बढ़ती महँगाई का बोझ उठाते उत्पादक और उपभोक्ता

भारत जैसे विशाल और विकासशील देश में महंगाई केवल एक आर्थिक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन से जुड़ी एक ऐसी वास्तविकता है जो उनकी आय, बचत, भोजन, शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को सीधे प्रभावित करती है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों और बाजार के रुझानों से स्पष्ट है कि मार्च के बाद से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। खाद्य तेल, साबुन, डिटर्जेंट, कॉफी, हैंडवॉश, नमकीन, शैंपू और दालों जैसे आवश्यक उत्पादों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई वृद्धि ने आम उपभोक्ता की परेशानी को और बढ़ा दिया है।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इन वर्गों की आय सीमित होती है और उनके खर्च का बड़ा हिस्सा भोजन, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है। जब रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इनके पास बचत के अवसर कम हो जाते हैं। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं में कटौती करनी पड़ती है या फिर कर्ज का सहारा लेना पड़ता है।

रिपोर्ट के अनुसार खाद्य तेलों की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है। जहां जून में इनमें 3 से 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, वहीं मार्च के बाद अब तक यह वृद्धि 20 से 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। भारत खाद्य तेलों की आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और परिवहन लागत में वृद्धि ने खाद्य तेलों को महंगा बना दिया है।

महंगाई का दूसरा महत्वपूर्ण कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल भी महंगे हुए हैं। ऊर्जा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। जब ईंधन महंगा होता है तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका असर खेतों से मंडियों तक, फैक्ट्रियों से बाजारों तक और गोदामों से उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर दिखाई देता है। फलस्वरूप लगभग हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है। आज कंपनियां भी बढ़ती लागत के दबाव में हैं। कच्चे माल, बिजली, परिवहन और पैकेजिंग की लागत बढ़ने से उत्पादन खर्च में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में कंपनियां दो तरीके अपनाती हैं- या तो उत्पादों के दाम बढ़ाती हैं या पैकेट का आकार घटा देती हैं। उपभोक्ताओं को अक्सर यह महसूस नहीं होता कि समान कीमत पर मिलने वाला उत्पाद अब पहले से कम मात्रा में उपलब्ध है। इसे अर्थशास्त्र की भाषा में ह्लश्रिंकफ्लेशनह्ल कहा जाता है। यह भी महंगाई का एक छिपा हुआ रूप है। महंगाई का सबसे स्पष्ट असर रसोई पर दिखाई देता है। एक मध्यमवर्गीय परिवार का मासिक रसोई बजट यदि पहले 15 हजार रुपये था तो कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह खर्च अब 17 से 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि सुनने में छोटी लग सकती है, लेकिन सालभर में यह अतिरिक्त खर्च हजारों रुपये तक पहुंच जाता है। जिन परिवारों की आय स्थिर है, उनके लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। खेती में डीजल, खाद, बीज और कीटनाशकों की लागत बढ़ने से कृषि उत्पादन महंगा हुआ है। किसान को अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलता, जबकि उपभोक्ता को वही उत्पाद महंगे दामों पर खरीदना पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का बोझ उत्पादक और उपभोक्ता दोनों पर पड़ता है, जबकि बीच की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संरचना अधिक लाभ अर्जित करती है।

महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। जब आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो परिवार सबसे पहले मनोरंजन, पर्यटन और विलासिता के खर्च में कटौती करते हैं। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे क्षेत्रों पर भी असर पड़ने लगता है। कई परिवार बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे कुपोषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, शिक्षा पर होने वाले खर्च में कमी भविष्य की मानव पूंजी को प्रभावित करती है। आर्थिक दृष्टि से नियंत्रित महंगाई को विकास का संकेत माना जाता है, क्योंकि इससे मांग और उत्पादन में वृद्धि का संकेत मिलता है। लेकिन जब महंगाई आय वृद्धि से अधिक तेजी से बढ़ने लगे तो यह आर्थिक असंतुलन पैदा करती है। वर्तमान स्थिति में यही चिंता सामने आ रही है। वेतन और रोजगार की वृद्धि दर उतनी तेज नहीं है जितनी तेजी से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। इससे वास्तविक क्रय शक्ति कम हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के लिए समय-समय पर कदम उठाते हैं। ब्याज दरों में परिवर्तन, आयात शुल्क में कमी, आवश्यक वस्तुओं के भंडारण पर निगरानी और बाजार में आपूर्ति बढ़ाने जैसे उपाय किए जाते हैं। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भू-राजनीतिक तनावों के कारण कई बार इन प्रयासों का प्रभाव सीमित रह जाता है।

वर्तमान परिस्थितियों में सरकार को बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। खाद्य तेलों और आवश्यक वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का विस्तार, भंडारण सुविधाओं का विकास और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ाना आवश्यक है। साथ ही जमाखोरी और कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखनी होगी। पेट्रोलियम उत्पादों पर कर संरचना की समीक्षा भी उपभोक्ताओं को राहत देने में सहायक हो सकती है। उपभोक्ताओं की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। अनावश्यक खरीदारी से बचना, बजट आधारित खर्च करना, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना और बचत की आदत विकसित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। डिजिटल माध्यमों से कीमतों की तुलना कर बेहतर विकल्प चुनना भी खर्च कम करने में मददगार हो सकता है। महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों भारतीय परिवारों के जीवन स्तर, पोषण, शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ा प्रश्न है। यदि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में इसी प्रकार निरंतर वृद्धि होती रही तो इसका प्रभाव केवल घरेलू बजट तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की गति पर भी पड़ेगा।

## एलन मस्क की नानी और हमारी सनातन 'टेस्ला'

एक सुबह जब एक सबसे आधुनिक, बिना ड्राइवर वाली चमचमाती विदेशी कार भारत की एक धूल भरी सड़क पर उतरी, तो उसे सामने से आती अपनी सगी परदादी यानी हमारी सनातन बैलगाड़ी से आमना-सामना होने की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। कार के भीतर बैठे कृत्रिम बुद्धि के सारे सॉफ्टवेयर और सेंसर वैसे ही चकरा गए जैसे किसी संस्कारी वीआईपी शादी में बिना घूंघट वाली आधुनिक बहू के सामने अचानक गांव की घूंघट वाली बुजुर्ग महिला आकर खड़ी हो जाए। कार की बड़ी सी स्क्रीन पर लाल बत्तियां इस कदर भभकने लगीं मानो वह इस आदि-स्वदेशी सवारी को देखकर सम्मान में अपनी सांसें रोक रही हो। सच कहूं तो हमारी बैलगाड़ी ही दुनिया की सबसे पहली और असली स्वचालित गाड़ी है। जब पश्चिमी देशों के पुरखे पेड़ों की छाल लपेटकर पत्थरों से आग जलाना सीख रहे थे, तब हमारे पुरखों ने बिना किसी लिथियम-आयन बैटरी के, सीधे दो बैलों के कंधों पर 'ऑटोपायलट' मोड एक्टिवेट करके इतिहास रच दिया था। इस आदि-सवारी में न तो कभी ब्रेक फेल होने का कोई डर रहता है और न ही इसके जीपीएस को किसी इंटरनेट नेटवर्क की बैसाखी की जरूरत पड़ती है, क्योंकि इसका पूरा नेविगेशन सिस्टम बैलों की पूंछ और उनकी पुरानी स्मृतियों से जुड़ा होता है; जिसके सामने आज की यह संकर विदेशी कार पानी भरती नजर आती है।

इस प्राचीनतम गाड़ी के अनोखे गुणों का लेखा-जोखा अगर बारीक और पैनी नजर से देखा जाए, तो इसमें 'जीरो मेंटेनेंस' का ऐसा शाश्वत दर्शन छुपा है जिसे समझने में विदेशी कंपनियों की सात पीढ़ियां गंजी हो जाएं। इसमें न तो हर तीन महीने में कीमती मोबिल ऑयल बदलने की झंझट है और न ही किसी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दफ्तर में जाकर घूस देने की आत्मग्लानि होती है। इसका ईंधन पूरी तरह से जैविक और सस्ता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 जून 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:10
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - दुतिया 24:53 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - आर्द्रा 16:12 उपरांत पुनर्वसु
योग - वृद्धि 24:34 ध्रुव
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 29 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ-** गर्व-अहंकार को दूर करें। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे।

**मिथुन-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें।

**कर्क-** अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा।

**सिंह-** यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा।

**कन्या-** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला-** मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक-** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु-** अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी।

**मकर-** व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

**कुंभ-** किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा।

**मीन-** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी।

मेघदूत दिवस पर विशेष

## आषाढ़स्य प्रथम दिवसे पत्नी से दूर एक विरही का संदेश

महाकवि कालिदास की रचनाओं में मेघदूत गीतिकाव्य का उज्जवल माणिक्य जिसमें संस्कृत में 115 पद्य हैं। जो यक्ष और यक्षिणी की विरह पीड़ा के श्रंगारिक काव्यात्मक छटा से पूर्ण है। इसलिए आषाढ़ का पहला दिन भारतीय साहित्य में प्रेमियों के मिलन और विरह दोनों का प्रतीक बन गया। देखें श्लोक -



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श।
- मेघदूत,( पूर्वमेघ, श्लोक 2 )

अर्थ - आषाढ़ मास के पहले दिन रामगिरि पर्वत पर बैठे यक्ष ने पर्वत के शिखर से सटे हुए मेघ को देखा। वह मेघ ऐसा लग रहा था जैसे कोई हाथी टीले से अपना शरीर रगड़कर क्रीड़ा करने के बाद बैठा हो।

मेघदूत में विरही यक्ष और विरहिणी यक्षिणी की कथा का सार इस प्रकार है - अलका पुरी के स्वामी कुबेर ने अपना कार्य उत्तरदायित्व के साथ न निभाने के कारण एक यक्ष को शाप दिया कि वह एक वर्ष तक अपनी पत्नी से वियुक्त होकर मृत्यु लोक में निवास करे वह श्रापवश रामगिरी (माल , रतनपुर के उत्तर मालदा स्थान) पर्वत पर निवास करता है कुबेर के श्राप से यक्ष अपनी पत्नी से बिछड़कर रामगिरि पर एक वर्ष बिताने को मजबूर था। आषाढ़ के पहले दिन जब वर्षा के बादल उठे, तो विरह से व्याकुल यक्ष ने उसी मेघ को अपना दूत बनाकर अलकापुरी (कैलाश के समीप गंगा तट पर स्थित यक्षों की नगरी )में बैठी पत्नी के पास संदेश भेजा। पूरा मेघदूत उसी मेघ-यात्रा और विरह-वर्णन की काव्य-कथा है।

कालिदास ऋतुसंहार में भी आषाढ़ को वर्षा ऋतु के आगमन का मास बताते हैं – प्रनष्टशस्ये वसुधा प्रविष्टे...।

लोक-परंपरा में आज भी आषाढ़स्य प्रथमदिवसे को हिंदी साहित्य में वर्षा, विरह और स्मृति का उत्सव माना जाता है।

कालिदास ने आषाढ़ के पहले दिन को प्रकृति और मनुष्य के भावों को जोड़ने वाला सेतु बना दिया। इसीलिए इसे मेघदूत दिवस के रूप में भी मनाया जाता है । कालिदास ने यक्ष के माध्यम से मेघ को जो रास्ता बताया वह रामगिरि से हिमालय तक भारत का भौगोलिक-काव्यात्मक नक्शा है - रामगिरि, आम्रकूट , रेवा नदी , विदिशा , उज्जयिनी , महाकाल मंदिर , गम्भीरा नदी , देवगिरि , चर्मण्वती , दशपुर , ब्रह्मावर्त , कुरुक्षेत्र , कनखल, गंगा, हिमालय , अलकापुरी रास्ते में मेघ को उज्जैन में महाकाल की आरती, स्त्रियों के केश सुखाने, किसानों के खेत, नदियों की शोभा आदि देखने को कहा गया है। यह यात्रा सिर्फ भूगोल नहीं, भारत की संस्कृति का दर्शन है। विरही यक्ष प्रेमिका के वियोग में संतप्त और उत्पीड़ित है उसकी अवस्था दयनीय है। श्राप के 8 महीने बीत चुके। आषाढ़ के बादल देखकर यक्ष की विरह-वेदना भड़क उठती है।

### रोज आते हैं काले काले बादल



आसमान पर रोज सुबह-सुबह
आते इठलाते काले बादल,
मन को लुभाते बादल,
उम्मीदों के बादल,
मसखरे बादल,
ठड़क का भरोसा दिलाते बादल
दोपहर होते होते रोज आसमान से
गायब हो जाते ये काले काले बादल
आम-ओ खास को रोज बरसने का
भरोसा देकर ठग जाते से काले काले बादल।

- सजलसिंह तोमर

## इम्यूनिटी बढ़ाने और बीमारी से बचने के लिए इन चीजों का उपयोग

क्या आप मानसून के दौरान बार-बार बीमार पड़ते हैं? अगर हां, तो यह कमजोर इम्यून सिस्टम का संकेत हो सकता है। मानसून के मौसम के दौरान, बहुत सारे हानिकारक वायरस छिपे रहते हैं। अगर आप अपना ख्याल नहीं रखते हैं, तो जाहिर तौर आपको सर्दी या खांसी हो सकती है। अगर आप बाहर का खाना पसंद करते हैं तो इससे समस्या और बढ़ जाती है। बारिश के मौसम में इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि इस मौसम में कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का खतरा रहता है। ऐसे कई लोग हैं, जो बरसात में संक्रमण, स्किन एलर्जी, फूड प्वाइजनिंग, अपच और वायरल बुखार जैसी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं और चूंकि अभी देश में कोरोना का संकट भी छाया हुआ है, ऐसे में जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है, उनके कोरोना से संक्रमित होने का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसलिए तमाम तरह के स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने के इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना और अपनी सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आप अपने आहार में कुछ चीजों को शामिल कर सकते हैं और कुछ चीजों से दूरियां भी बनानी होंगी। आइए जानते हैं कि बारिश के मौसम में किन चीजों



के सेवन से इम्यूनिटी बढ़ेगी और क्या नहीं खाना चाहिए?

### मौसमी और खट्टे फल हैं जरूरी

फलों को अच्छी सेहत के लिए बहुत ही जरूरी माना जाता है। बारिशष के मौसम में आप संतरा, मौसमी, जामुन, अनार, आलूबुखारा, पपीता, कीवी, सेब, अमरूद, केला आदि फलों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं, क्योंकि ये विटामिन-सी समेत सभी प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि विटामिन-सी इम्यूनिटी बढ़ाने में उपयोगी होते हैं।

### प्रोटीन से भरपूर आहार लें

प्रोटीन से भरपूर चीजें, जैसे- दाल, दूध, दही, अंडा, पनीर, सोया, टोफू आदि का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए। इसके अलावा आप अपने आहार में दही और छाछ को भी शामिल कर सकते हैं। ये सभी चीजें इम्यूनिटी को मजबूत करने में मदद कर सकती हैं, जिससे संक्रमण से लड़ने में मदद मिलेगी।

### हल्का गर्म पानी पिएं

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पानी तो सबसे जरूरी है, क्योंकि अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो तरह-तरह की बीमारियों के होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए पानी पिएं और हो सके तो हल्का गर्म पानी पिएं। इससे इम्यूनिटी को भी बढ़ाने में मदद मिलेगी। आयुष मंत्रालय ने भी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गर्म पानी पीने की सलाह दी है।

### मसालेदार खाना खाने से बचें

बारिश के मौसम में मसालेदार खाना, स्ट्रीट फूड, जंक फूड और फ्राइड फूड से बचना चाहिए, क्योंकि पेट संबंधी परेशानियां पैदा कर सकते हैं और साथ ही ये इम्यूनिटी को भी कमजोर करते हैं। इससे और भी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा ताजा खाना खाएं।

धर्म-आस्था

## भगवद् गीता : हर काम कर्मयोग नहीं होता

गीता में कर्मयोग की बात की गयी है लेकिन कई लोगों को इसका अर्थ ठीक से समझ नहीं आता और ना ही ये समझ आता है कि जीवन में कर्मयोग कब बनता है। वे इससे जुड़े सन्दर्भ को वास्तविक जीवन से जोड़कर नहीं देख पाते। तो, चलिए समझते हैं कर्मयोग को सरल शब्दों में...

गीता में कर्म की प्रधानता पर जोर दिया गया है और यह भी कहा गया है कि कोई भी मनष्य कर्म किये बिना नहीं रह सकता। कोई अगर सिर्फ सांस ले रहा या विचार ही कर रहा, तो वह कर्म कर रहा है। मनुष्य को इस जीवन में हर तरह से कर्म ही करना है। वह इसे चुने बिना नहीं रह सकता लेकिन हर कर्म करने वाला कर्मयोगी नहीं बनता। कर्म करना मायने जरूर रखता है लेकिन कर्म किस प्रकार का किया गया है, यह भी मायने रखता है। बहुत से लोग कर्म योग को केवल काम करने से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ इससे कहीं अधिक गहरा है। कर्म योग व्यक्ति को यह सिखाता है कि वह अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से करे, लेकिन उसके फल के प्रति अत्यधिक आसक्ति न रखे। भगवान् श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 47) में कहा हैः

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।

अर्थात तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं। यही कर्म योग का मूल सिद्धांत है।कर्म योग का सरल अर्थ

गीता में कर्मयोग एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है क्योंकि



यह मनुष्य के जीवन को एक सकारात्मक और सार्थक दिशा देता है। गीता के अनुसार, कर्मयोग का अर्थ है निःस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य निभाना। साधारण शब्दों में कहें तो कर्म योग का अर्थ केवल काम करना नहीं, बल्कि सही भाव से काम करना है। यानि व्यक्ति अपना काम पूरी ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ करे, लेकिन हर समय परिणाम की चिंता में न डूबा रहे। यह केवल तब संभव है जब व्यक्ति अपने कर्म को ईश्वर को अर्पण समझकर करता है, तभी वह फल की आसक्ति छोड़ पाता है। यानी कर्म योग का अर्थ है कार्य के माध्यम से आत्मा और परमात्मा का मिलन। यह केवल अच्छे काम करना नहीं है, बल्कि कर्तव्य निभाना और परिणाम से अलग रहना है।

कर्म योग कब बनता है?

गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्मयोग तब बनता है, जब तक व्यक्ति आसक्ति का त्याग करके योग में स्थित होकर कार्य नहीं करता। यानि कर्म योग तब बनता है जब व्यक्ति कर्तव्य निभाता है लेकिन सफलता-असफलता से प्रभावित नहीं होता, जब कार्य निःस्वार्थ भाव से किया जाता है बिना अहंकार और स्वार्थ के, जब हर क्रिया को ईश्वर को अर्पण मानकर किया जाता है और जब व्यक्ति फल की आसक्ति छोड़कर केवल प्रयास पर ध्यान देता है। ऐसी स्थितियों में व्यक्ति का साधारण कर्म भी कर्म योग का रूप ले सकता है। कर्म योग का अर्थ कई लोग केवल सामाजिक सेवा या सामाजिक कल्याण से ले लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। यह आपके व्यक्तिगत जीवन के लाभ के लिए भी हो सकता है। इस शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को निष्क्रिय बनाना या किसी कर्म को करने से पहले बहुत विचार करने पर मजबूर करना नहीं, बल्कि उसे चिंता और भय से मुक्त करके बेहतर कर्म करने के लिए प्रेरित करना है।

कर्म योग के लाभकर्म योग की भावना अपनाने से मानसिक तनाव कम हो सकता है, कार्य में एकाग्रता बढ़ सकती है और व्यक्ति अधिक संतुलित बन सकता है। इससे व्यक्ति में सफलता और असफलता को सहजता से स्वीकार करने की क्षमता विकसित हो सकती है और जीवन में संतोष और शांति का अनुभव हो सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डे- 1,50,000 रवा- 1,49,700 चांदी-टंच- 2,48,500 पाट- 2,47,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## सूरजपुर में सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पौधारोपण

**मक्सी।** ग्राम सूरजपुर और ग्राम झोंकर मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह शाजापुर देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी शाजापुर विधायक अरुण भीमावद शाजापुर जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ रवि पांडे मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल मक्सी मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या मक्सी नगर पालिका उपाध्यक्ष मक्सी मंडल महामंत्री मोड़ सिंह लोधी मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता दिलीप आरोल जिला प्रभारी कार्यक्रम आईटी सेल पवन केरवाल पवन परिहार सुजल मंडलोई मनीष वर्मा पूरे कार्यक्रम में रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा ग्राम सूरजपुर में सोलर ऊर्जा प्लांट का निरीक्षण किया इस प्लांट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा इनका स्वागत किया गया इस प्लांट में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया नकुल पटेल सरपंच सूरजपुर अनिल पटेल विष्णु मंडलोई संतोष पटेल आदि ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्राम सूरजपुर में मान्य अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात ग्राम झोकर में माननीय अतिथियों द्वारा चामुंडा मां दर्शन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आवास योजना व अन्य योजना के लाभार्थी परिजनों से उनके निवास पर जाकर संपर्क किया गया इस भ्रमण कार्यक्रम में किसान जिला अध्यक्ष भाजपा राधेश्याम जाट विनोद मंडलोई ओम इंद्रिय मंडल कार्यक्रम प्रभारी राकेश चौधरी प्रमोद मेहता जुगल कलमोदिया सहित अनेक ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का महिदपुर आगमन पर स्वागत



**महिदपुर।** पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह के महिदपुर आगमन पर विधायक दिनेश जैन बॉस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, विजय सिंह गौतम, आंजना समाज, मोहनसिंह पवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह बापू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शांतिलाल छजलानी, पूर्व नपा अध्यक्ष कय्यूम नागौरी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र मंडोरा, संयम बांठिया, पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष सुरेश छजलानी, जैन श्वेताम्बर त्रिस्तुतिक संघ अध्यक्ष आशुतोष छजलानी, पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद नेता, किराना व्यवसायी संयम धारीवाल, अभिवर्धन स्तुत्य छजलानी, ओमप्रकाश माली आदि ने स्वागत किया।

## शिवनारायण परमार गुजराती माली समाज के अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित



**बदनावर।** बदनावर में श्री गुजराती माली समाज की वार्षिक बैठक रविवार रात माली समाज धर्मशाला में संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से शिवनारायण परमार (टेंकर वाले) को समाज का नया अध्यक्ष चुना गया। बैठक के दौरान समाज के वर्षभर के कार्यों और आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सामाजिक गतिविधियों, विकास कार्यों और संगठन को सशक्त बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने पिछले वर्ष के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। आगामी वर्ष की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई। समाज की धर्मशाला में आवश्यक विकास कार्यों और सुविधाओं के विस्तार के लिए सुझाव मांगे गए और रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक एकता को मजबूत करने और विभिन्न आयोजनों को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। वरिष्ठ सदस्यों ने संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। अध्यक्ष चुने जाने पर शिवनारायण परमार ने समाजजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। परमार ने समाज के विकास, संगठन की मजबूती और युवा पीढ़ी को गतिविधियों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व अध्यक्ष गुलाबचंद परमार ने नवीन अध्यक्ष शिवनारायण परमार का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक में राधेश्याम हारोड, दीपक जाधव, सुनील परमार, कमलेश माली सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# कार से 20 सेकंड में 2.07 लाख का बैग चोरी, 2 गिरफ्तार, 1 लाख नकद और दस्तावेज बरामद

### 150 से अधिक कैमरों की हुई जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोनकच्छ



सोनकच्छ में कार से लाखों रुपए से भरा बैग चोरी होने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह चोरी महज 20 सेकंड में हुई थी और सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, मामले का मुख्य आरोपी, कंपनी का ड्राइवर, अभी भी फरार है।

पुलिस के मुताबिक, इंदौर निवासी रविशंकर पटेल ने सोनकच्छ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पटेल एल.आर.के. इंटरप्राइजेज में सेल्समैन हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून को वह कंपनी के ड्राइवर रोहित राजपूत के साथ सागर और विदिशा क्षेत्र से 2,07,650 रुपये का कलेक्शन लेकर इंदौर लौट रहे थे। सोनकच्छ में पप्पू एंड पप्पू ढाबे पर चाय-नाश्ते के लिए रुकने के दौरान उनकी कार से नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग चोरी हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिनारायण बाथम और एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में सोनकच्छ पुलिस ने जांच शुरू की। 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत सोनकच्छ से देवास और इंदौर तक लगभग 60 किलोमीटर के मार्ग पर लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया।

तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कुलाला निवासी सौरभ राठौर और रायसेन जिले के दिवटिया निवासी आयुष नागर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने कंपनी के ड्राइवर रोहित राजपूत के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से इस चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई रकम में से 1 लाख रुपये नकद, चोरी किया गया बैग और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। फरार ड्राइवर की तलाश अभी भी जारी है।

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक विक्रांत झांझोट, उप निरीक्षक हिमांशु पाण्डे, एएसआई आरसी. पोरवाल, प्रधान आरक्षक हरिओम यादव, सत्येन्द्र सिंह, श्याम बिहारी और साइबर सेल के प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सिंह सेंगर व सचिन चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नाबालिग बालक के लापता होने पर पुलिस की सक्रिय कार्यवाही

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के संवेदनशील, मानवीय एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में आरोन थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालक के लापता होने के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिला दिया है। गौरतलब है कि दिनांक 05 जून 2026 को आरोन थाने पर एक महिला द्वारा अपने 14 वर्षीय नाबालिग पोते के दिनांक 28 मई 2026 से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर से आरोन थाने में अपराध क्रमांक 164/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा बालक की तलाश प्रारंभ की गई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोन थाना पुलिस द्वारा बालक की सरगर्मी से तलाश की गई। इस हेतु पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए विभिन्न तकनीकी संसाधनों एवं साइबर विश्लेषण की सहायता से बालक की सभी संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की गई। पुलिस की सतत मेहनत, सूझबूझ एवं प्रभावी रणनीति के परिणामस्वरूप गत दिनांक 12 जून 2026 को बालक के संबंध में पुलिस को सटीक जानकारी मिलने पर आरोन थाना पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अंततः लापता बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया एवं दस्तयाबी उपरांत विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**सोमवती अमावस्या पर**

## बैजनाथ मंदिर में उमड़ी भीड़ हजारों भक्तों ने किए दर्शन, महिलाओं ने की पीपल की पूजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा में सोमवार को सोमवती अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अधिक मास में यह संयोग बनने से सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर दर्शन लाभ लिया। महादेव के अभिषेक के बाद मंदिर के पट खुलते ही दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालु घंटों तक कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र ह्यहर-हर महादेवह्व के जयघोष से गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से विशेष व्यवस्थाएं कीं। कतारबद्ध दर्शन, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रही।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अधिक मास में पड़ने वाली सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व माना जाता है। इसी कारण क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। इस अवसर पर महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा कर सुख-समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की।

## छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार


**तराना।** महिला सुरक्षा हेतु समय समय पर आसामाजिक तत्वों, महिला व बालिकाओं के साथ हो रहे अत्याचार व अपराध के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। टीआई रामनारायण भदौरिया ने बताया कि थाना तराना पर दिनांक 11 जून को पिडीता द्वारा थाना तराना पर आरोपी द्वारा फरियादी का पीछा करने, शादी न करे पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुंदन गिरी पिता प्रेमगिरी जाति गोस्वामी उम्र 19 साल निवासी बजरंग कालोनी तराना को गिरफ्तार किया।

## शीतल पेयजल से राहत

**देवास।** ग्राम राजोदा में जल गंगा संवर्धन अभियान-जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत राहगीरों, किसानों और आमजन की सुविधा के लिए जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। इससे लोगों को राहलत मिलेगी।

## साध्वी भगवंतों के वर्षावास की स्वीकृति से जैन समाज में हर्ष की लहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



श्री त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ महिदपुर एवं सकल जैन श्री संघ महिदपुर के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु महिदपुर को महत्वपूर्ण धार्मिक सौभाग्य प्राप्त हुआ है। 12 जून को संघ के प्रतिनिधि खट्टाली एवं मोहनखेड़ा पहुंचकर पूज्य साध्वी भगवंतों के चातुर्मास की विनंती करने पहुंचे।

यह विनंती कालिकाल कल्पतरु, प्रातः स्मरणीय, विश्व पूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी महाराजा साहेब के पट्टधर, युगप्रभावक गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् जयंतसेनसूरीश्वरजी म.सा. (पुण्य सम्राट) के पट्टधर, परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. के समक्ष प्रस्तुत की गई।

मातृ हृदया पूज्य गुरुमैया साध्वी श्री स्नेहलता श्रीजी म.सा. की सुशिष्या पूज्य साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा., साध्वी श्री कुसुमलता श्रीजी म.सा., साध्वी श्री जिनांगयशा श्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री करुणायशा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा के चातुर्मास हेतु महिदपुर संघ द्वारा भावपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण विनंती की गई।

महिदपुर के सकल जैन श्री संघ एवं त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ के सदस्यों की एकजुटता, श्रद्धा एवं प्रभावशाली विनंती से प्रभावित होकर पूज्य गच्छाधिपति श्री ने साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 के वषार्वास की स्वीकृति महिदपुर के सकल जैन श्री संघ एवं त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ को प्रदान की। इस घोषणा के साथ ही समाजजनों में हर्ष और उत्साह का वातावरण छा गया।

इस अवसर पर स्थानक श्री संघ महिदपुर से राष्ट्रीय धर्मदास समिति के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सकलेचा, वर्तमान अध्यक्ष ललित मेहता तथा वरिष्ठ श्रावक विमल बुरड़ उपस्थित रहे। तप्पागच्छ श्री संघ से प्रमोद कोचर, रमेश मूणत एवं अंकित सेठिया तथा खरतरगच्छ श्री संघ से संजय चोपड़ा ने सहभागिता निभाई।

त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ की ओर से अध्यक्ष आशुतोष छजलानी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश बांठिया, पारस लूणावत, वर्धमान गादिया, परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी सुरेश छजलानी, नरेंद्र धारीवाल सहित वीरेंद्र मेहता, सुधीर बांठिया, श्रेणिक सकलेचा, विजय मोदी, रमेश मेहता, अभय धारीवाल, अतुल मेहता, विनोद बांठिया, संतोष छाजेड़ आदि अनेक श्रद्धालुओं ने अपने भाव पूज्य गच्छाधिपति श्री एवं पूज्य साध्वी भगवंतों के समक्ष व्यक्त किए। त्रिस्तुतिक महिला मंडल की ओर से मानकुंवर बाई बांठिया, हेमलता मेहता, निर्मला लूणावत, मीनल बांठिया एवं सांवर सहित अनेक महिलाओं ने भी चातुर्मास विनंती में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में संघ के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**महिला की मौत पर परिजनों का थाने में धरना**

## तीन पर प्रताड़ना का आरोप, जांच के आश्वासन पर माने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर के पिपलीपाड़ा गांव में रविवार को एक महिला की मौत के बाद उसके परिजनों ने थाना परिसर में शव रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन लोगों पर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना समाप्त हुआ।

मृतक की पहचान दुर्गा पति संतोष डामर (34) के रूप में हुई है। उसके भाई कमल भूरिया ने बताया कि शनिवार को दुर्गा ने जहरीली दवा पी ली थी। उसे बदनावर के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दुर्गा ने शाम को दम तोड़ दिया।

**गांव के तीन लोग कर रहे थे परेशान**

कमल भूरिया ने आरोप लगाया कि गांव के तीन लोग दुर्गा को लंबे समय से परेशान कर रहे थे। दो साल पहले उन्हें 1 लाख रुपए नकद और 300 ग्राम चांदी का कंदोरा दिया गया था। यह राशि और सामान वापस न करने पर विवाद हुआ था। दो महीने पहले भी जब दुर्गा पैसे मांगने गई थी, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी।

**आरोपियों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई**

टीआई अमित सिंह कुशवाह ने बताया कि मर्ग डायरी, पीएम रिपोर्ट मिलने और गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की मांग पर पुलिस ने दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद महिला का शव गांव ले जाया गया और पुलिस की मौजूदगी में नागेश्वर मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने राजाराम गौड़ पिता श्री हजारीलाल गौड़ उम्र 49 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 39/3 रणजीत नगर ग्राम सदावल तहसील व जिला उज्जैन म.प्र से तथा श्री राजाराम गौड़ द्वारा भूखंड / भवन स्वामि श्रीमती निर्मला बाई पति श्री उमराव सिंह नि. उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य के लीज होल्ड भवन क्रमांक 26 ईडब्ल्यु एस सेकण्ड स्थित अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन में स्थित हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर को मय जमीन तला व उसमे किये हुए एक मंजीला कुल निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्सर्स एवं हवाई हक एवं भवन के लीज होल्ड राईट सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई हैं। मेरे पक्षकार नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के बाबत अपने हित में रजिस्ट्री करवाली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 15-06-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन 99812-60727**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) ईश्वर पिता रतन सिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम सारोला तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम सारोला तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 21/2 रकबा 1.07 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.27 हेक्टेयर भुमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.27 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा। यह सूचित हो ।

**रवि प्रजापति अभिभाषक**
**नयापुरा रोड, तराना, जिला उज्जैन**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक**
**मो.नं. 8827905460**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)
### द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

**क्र./55/विद्युत/2026** **देवास, दिनांक 10/06/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 UAD 5145681 10/06/2026 | देवास में विभिन्न स्थानों और त्यौहारों पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था के लिए एजेंसी इंपेनलमेंट किये जाने के संबंध में। | वर्ष 2026-27 75,00,000/- | 10,000/- 2,25,000/- | 01/06/2026 6 पीएम |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सुनील एम जैन पिता श्री मदन लाल जैन निवासी ए-3 अपटाउन अपोलो डीबी सिटी, निपानिया इंदौर पक्षकार के द्वारा श्री दर्यावसिंह पंवार पिता श्री चन्दर सिंह पंवार जाति राजपुत निवासी कानाखेड़ी हरबंस पोस्ट खेड़ाखजुरीया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम कानाखेड़ी हरबंस प.ह.नं. 148 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 181, रकबा 1.13 हेक्टर मे से रकबा 0.60 हेक्टर की भूमि क्रय की है। यह कि उक्त भूमि को श्री दर्यावसिंह पंवार पिता श्री चन्दर सिंह पंवार जाति राजपुत कानाखेड़ी हरबंस पोस्ट खेड़ाखजुरीया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के द्वारा मेरे पक्षकार श्री सुनील एम जैन पिता श्री मदन लाल जैन निवासी ए-3 अपटाउन अपोलो डीबी सिटी, निपानिया इंदौर के द्वारा क्रय कर ली होकर जिसके विक्रय मूल्य की शेष राशि देकर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त कृषि भूमि के पेटे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, पेडी, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, वित्तिय संस्था, बैंक सहकारी संस्था, सोसायटी, किसी प्राईवेट व्यक्ति का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार, गिरवी, रहन, मेहर, हित, हक, अधिकार, विक्रय या विक्रय का करार, लिखित किसी न्यायालय की डिक्री, अटेचमेंट, स्टे आर्डर आदि हो या इस विक्रय पत्र किया जान मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण असल दस्तावेज के अपनी लिखित आपत्ती मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था की मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी व मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र श्री दर्यावसिंह पंवार पिता श्री चन्दर सिंह पंवार जाति राजपुत निवासी कानाखेड़ी हरबंस पोस्ट खेड़ाखजुरीया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से करवा लिया जावेगा।

दिनांक 15/06/2026

**आबिद मोहम्मद मंसुरी अभिभाषक महिदपुर**
**मो. 9926060115**

In The Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Khachroud District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती शैफाली सिंह**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000001/2026)
**रोहित पेठेकर------ आवेदक**
**Vs**
**राजीव पेठकर------अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 30/06/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता - खाचरौद, जिला उज्जैन
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित पेठेकर पता ने मृतक इन्दुमति उर्फ रजनी पेठेकर पति सुधाकर पेठेकर निवासी- शिवाजी मार्ग खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.) की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 30 जून 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 30 जून 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 20 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**(श्रीमती शेफाली सिंह)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड खाचरौद,**
**जिला उज्जैन (म.प्र.)**

## हाईवे की गहरी दरार में फंसी बाइक, दंपती घायल

**शुजालपुर।** शुजालपुर-आष्टा नेशनल हाईवे क्रमांक 752सी पर ग्राम अमलाय पत्थर स्थित अजमेरा फ्लोर मिल के पास रविवार शाम करीब 6 बजे सड़क हादसे में दंपती घायल हो गए। ग्राम निपानियाकला निवासी संतोष खाती अपनी पत्नी अनीता खाती के साथ शुजालपुर से उपचार कराकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क के बीच बनी गहरी दरार में बाइक का अगला पहिया फंस गया, जिससे संतुलन बिगड़ने पर दोनों सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसी समय पीछे से एक ट्रैक्टर आ रहा था। चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ब्रेक लगाए और वाहन को सड़क से नीचे मोड़ दिया, इसके चलते ट्रेक्टर-ट्राली सड़क से नीचे उतर गई और बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे 752सी पर कई स्थानों पर सड़क के बीच गहरी दरारें और क्षतिग्रस्त हिस्से मौजूद हैं। अमलाय पत्थर क्षेत्र में भी लंबे समय से सड़क की हालत खराब बनी हुई हैए जिसके कारण कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। नेशनल हाइवे निर्माण एजेंसी रखरखाव के नाम पर खाना पूर्ति करती है, क्षेत्र से गुजरने वाले इस प्रमुख हाइवे पर शहरी क्षेत्र में ही सड़क पर दरारे होने के साथ इस तरह की स्थिति फ्रीगंज से लेकर तिलावद मैना तक है। यह हाइवे हादसों का हाइवे बनता जा रहा है।

## गायत्री शक्तिपीठ के नव निर्माण का हुआ शुभारंभ

**शुजालपुर।** नगर के मंडी क्षेत्र स्थित फ्रीगंज के प्राचीन गायत्री शक्तिपीठ के नव निर्माण की दिशा में रविवार को महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। मंदिर परिसर के पुनर्निर्माण एवं विस्तार कार्य के लिए वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार से जुड़े बड़ी संख्या में परिजन, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक इंदर सिंह परमार थे। उन्होंने गायत्री परिवार के पदाधिकारियों एवं ट्रस्ट सदस्यों के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने नए भवन निर्माण को लेकर उत्साह व्यक्त किया। फ्रीगंज स्थित गायत्री मंदिर लंबे समय से नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां नियमित रूप से यज्ञ, हवन, संस्कार एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

## घर देर से आने की बात पर विवाद, पति पर मारपीट का आरोप

**शुजालपुर।** सिटी थाना क्षेत्र के मायापुर गांव में घरेलू विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी शादी करीब नौ वर्ष पूर्व धर्मेंद्र से हुई थी। महिला ने बताया कि उसका पति वर्तमान में गुना जिले के राघोगढ़ में एक बैंक में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है और महीने में केवल एक बार ही घर आता है। घर में छोटे बच्चों और आवश्यकताओं को लेकर वह पति से नियमित रूप से घर आने की बात कहती थी, जिसको लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। शिकायत के अनुसार 14 जून 2026 की रात करीब 11 बजे धर्मेंद्र काम से घर लौटा। इस दौरान घर आने में देरी को लेकर पूछताछ करने पर पति ने कथित रूप से गाली-गलौज की और थप्पड़ व मुक्कों से मारपीट कर दी। घटना में महिला के गाल, सिर और पैर में चोटें आईं। महिला ने घटना की जानकारी रात में ही अपने भाई को फोन पर दी। इसके बाद वह अपने भाई और पिता के साथ थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ वाहन, महिला घायल



**शाजापुर।** जिले के ग्रामीण अंचलों में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला छापीहेड़ा-निपानिया कला मार्ग का है, जहां एक निजी वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार एक महिला घायल हो गई। गनीमत रही कि घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 46 वर्षीय अनीता पति संतोष अपनी गाड़ी से छापीहेड़ा से निपानिया कला की ओर जा रही थीं। इसी सफर के दौरान रास्ते में पत्थर की अमलाई के समीप अचानक उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों की मदद से घटना की सूचना तुरंत आपातकालीन सेवा 108 को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही शुजालपुर 108 एंबुलेंस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल का रुख किया। मौके पर पहुंचे ईएमटी प्रेम नारायण प्रजापति और पायलट कृष्ण पाल ने घायल अनीता को तत्काल प्रभाव से प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके बाद, बिना कोई समय गंवाए एंबुलेंस कर्मियों ने उन्हें शुजालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। फिलहाल अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में महिला का इलाज जारी है।

# राजनीतिक साजिश के तहत हुआ मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द, कांग्रेस की प्रेसवार्ता

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जब चुनावी मैदान से राजनीति साजिश के तहत विपक्ष की मजबूत आवाज को बाहर कर दिया जाए, तो चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद अब यह मुद्दा एक बड़ी राजनीतिक और कानूनी बहस का रूप ले चुका है।





इसी घटनाक्रम के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को शाजापुर में नरेश्वर प्रतापसिंह, रामवीर सिकरवार सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पार्टी ने इस पूरी कार्रवाई को न केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय बताया, बल्कि इसे लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय और संवैधानिक मूल्यों पर एक बेहद गंभीर प्रहार करार दिया है। नामांकन रद्द किए जाने की कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेताओं ने कई अहम विसंगतियों को उजागर किया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि जिस निजी परिवाद को आधार बनाकर यह कार्रवाई की गई है, उसमें मीनाक्षी नटराजन अभियुक्त की श्रेणी में नहीं आतीं, बल्कि वे केवल एक प्रतिवादी के रूप में दर्ज हैं। कानूनी नजरिए से इन दोनों स्थितियों में बड़ा अंतर होता है, लेकिन इन्हें एक समान मानकर जो व्याख्या की गई है, वह चुनाव प्रणाली पर बड़ा कानूनी प्रश्नचिह्न लगाती है। इसके अलावा, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33ए और फॉर्म-26 का मूल उद्देश्य उन उम्मीदवारों की जानकारी जुटाना होता है जिन पर विधिवत आपराधिक मामले चल रहे हों। कांग्रेस का तर्क है कि जिस आधार पर यह नामांकन खारिज किया गया है, वह इन कानूनी प्रावधानों की मूल भावना और व्याख्या से कोसों दूर है। प्रेस वार्ता के दौरान नरेश्वर प्रताप सिंह, रामवीर सिकरवार और उपस्थित अन्य नेताओं ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि यदि भविष्य में ऐसे आधारों पर नामांकन निरस्त किए जाने लगे जिनकी नामांकन प्रपत्र में कोई स्पष्ट अपेक्षा ही नहीं होती, तो किसी भी चुनाव में उम्मीदवारों के सामने अनिश्चितता और मनमानी की स्थिति पैदा हो जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. विवेक तन्खा व अभिषेक मनु सिंघवी सहित शीर्ष नेतृत्व ने देश के सामने यह बड़ा सवाल रखा है कि क्या अब चुनावी प्रक्रिया कानून के दायरे में चलेगी या फिर राजनीतिक दबाव इसका संचालन करेगा? पार्टी का मानना है कि यदि विवादित और तकनीकी आधारों का सहारा लेकर विपक्षी उम्मीदवारों को बाहर का रास्ता दिखाया जाने लगा, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। प्रेस वार्ता के अंत में कांग्रेस नेताओं ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा के लिए उनका यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा, क्योंकि लोकतंत्र केवल चुनाव होने से नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव होने से ही जीवित रहता है।

## पिकअप को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, दो घायल

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब सोमवार असल सुबह करीब 5 बजे नेशनल हाईवे-52 पर एक सड़क हादसा सामने आया, जहां अपनी उपज लेकर मंडी जा रहे किसानों की पिकअप को एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में प्याज से भरा वाहन अनियंत्रित होकर बुरी तरह पलट गया और उसमें सवार दो लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छापीहेड़ा के समीप स्थित ग्राम दुआखेड़ी के रहने वाले 50 वर्षीय रामप्रसाद और 46 वर्षीय तरवरसिंह अपनी पिकअप में प्याज भरकर शाजापुर कृषि उपज मंडी की ओर जा रहे थे। जब उनका वाहन सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर यादव ढाबा के सामने पहुंचा, तभी किसी अज्ञात ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और प्याज से लदा वाहन सड़क पर ही पलट गया। इस दुर्घटना में



पिकअप में सवार रामप्रसाद और तरवरसिंह दोनों को चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वाहन के सड़क पर पलटने की वजह से हाईवे का यातायात भी कुछ समय के लिए बाधित रहा और वाहनों की कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही सुनेरा थाना पुलिस की टीम बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सबसे पहले घायलों को आवश्यक सहायता पहुंचाई और सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को पुनः सुचारू करवाया।

# शाजापुर में पुलिस का मेगा ऑपरेशन

### 300 जवानों ने रातभर सड़कों पर उतरकर उड़ाई अपराधियों की नींद

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा करने के उद्देश्य से शाजापुर पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया। 14-15 मई की दरमियानी रात जिले की सड़कें छावनी में तब्दील नजर आईं, जब 300 से अधिक पुलिसकर्मियों की फौज एक साथ कॉम्बिंग गश्त पर निकली। पुलिस की इस ताबड़तोड़ और अचूक कार्रवाई से जिले भर के अपराधियों और असामाजिक तत्वों में रातभर हड़कंप मचा रहा। इस दौरान पुलिस ने न सिर्फ 47 स्थायी वारंटियों को धर दबोचा, बल्कि 10 हजार रुपये के एक इनामी बदमाश को भी गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह व्यापक अभियान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के कड़े निर्देशों और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकघनश्याम मालवीय के कुशल नेतृत्व में चलाया गया। गश्त पर निकलने से पहले एसपी ने स्वयं सभी पुलिस टीमों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारियों ने पूरी रात सड़कों पर उतरकर इस गश्त की कमान संभाली। पूरी रात चले इस सघन अभियान में पुलिस ने शानदार कामयाबी हासिल करते हुए 47 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया और 78 गिरफ्तारी वारंटों की तामीली करवाई। इसके साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित 10 हजार रुपये के एक इनामी वारंटी को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया। अपराधियों की धरपकड़ के अलावा पुलिस ने 12 जिला बदर अपराधियों के ठिकानों पर जाकर उनका सत्यापन भी किया। गश्त के दौरान 73 गुंडा तत्वों और 104 निगरानीशुदा बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। वहीं अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 5 प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस टीमों ने जिले के 35 होटलों, लॉज, ढाबों और धर्मशालाओं की सघन तलाशी ली, ताकि बाहर से आकर रुके संदिग्धों की जानकारी जुटाई जा सके। इसके अलावा बैंक, एटीएम और अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी विशेष चौकसी बरती गई।

## रसोई में जोरदार धमाके के साथ फटा प्रेशर कुकर

**शाजापुर।** छात्रों के लिए भोजन बनाते समय गैस चूल्हे पर रखा एक प्रेशर कुकर भयानक धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया जिससे महिला रसोईया घायल हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11 बजे पोस्ट मेट्रिक हॉस्टल की महिला कर्मचारी रामकन्या बाई रोजाना की तरह रसोई में छात्रों के लिए भोजन तैयार कर रही थीं। रामकन्या बाई ने एक गैस बर्नर पर कड़ाही रखी हुई थी। इसी दौरान जैसे ही उन्होंने दूसरे बर्नर पर रखे प्रेशर कुकर को छुआ, वह एक बेहद तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कुकर का ढक्कन हवा में उछलकर पूरी ताकत से सीधा महिला की छाती पर जा लगा।

## लड़ते हुए रेलवे ट्रेक पर आए सांड, वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आए

**शुजालपुर।** शहर के रेलवे अंडरब्रिज क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बार फिर रेलवे ट्रैक पर गोवंश पहुंचने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 20911 के सामने अचानक तीन सांड लड़ते हुए रेलवे पटरी पर आ गए। ट्रेन के लोको पायलट ने हार्न लगातार बजाते हुए तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन की गति नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन दो सांड ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य सांड घायल हो गए। एक घायल सांड ट्रेक पर ही फंस गया था, लोको पायलेट ने धीमी गति से ट्रेन को निकाला। घटना सुबह लगभग 8 बजे शुजालपुर रेलवे स्टेशन के समीप अंडरब्रिज क्षेत्र में हुई। हादसे के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस करीब 10 मिनट तक ट्रैक पर खड़ी रही। रेलवे कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और ट्रैक को सुरक्षित किए जाने के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

**फाटक बंद होने से लगा वाहनों का जाम-** ट्रेन रुकने के कारण रेलवे फाटक निर्धारित समय से अधिक देर तक बंद रहा। इससे फाटक के दोनों ओर दोपहिया, चारपहिया और मालवाहक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कई वाहन चालक जाम में फंसे रहे, जिससे शहर के यातायात पर भी असर पड़ा।

**एक सप्ताह में दूसरी घटना, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल-** जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है, जब गोवंश के रेलवे ट्रैक पर पहुंचने से यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आवारा गोवंश खुले में घूम रहा है, जो अक्सर रेलवे ट्रैक तक पहुंच जाता है।

**बाउंड्री के बावजूद नहीं रुक रहे हादसे-** रेलवे द्वारा ट्रैक के किनारे कई स्थानों पर मेटल फेंसिंग और सुरक्षा बाउंड्री बनाई गई है, लेकिन इसके बावजूद गोवंश ट्रैक तक पहुंच रहा है। विशेष रूप से अंडरब्रिज और खुले हिस्सों के आसपास यह समस्या अधिक देखने को मिल रही है।

## देपालपुर के पटवारियों ने खोला मोर्चा

**देपालपुर।** राजस्व विभाग की रीढ़ माने जाने वाले पटवारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर अब खुलकर मोर्चा खोल दिया है। प्रांतीय पटवारी संघ, भोपाल के बैनर तले देपालपुर अनुभाग के समस्त पटवारियों ने क्षेत्रीय तहसीलदार संगीता गोलिया को ज्ञापन सौंपकर वेतन भुगतान में देरी, सीमांकन कार्य में संसाधनों की कमी, लंबित वेतनवृद्धि, सीएम हेल्पलाइन के दबाव तथा न्यायालयीन प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध नहीं होने जैसी समस्याओं के निराकरण की मांग की है। पटवारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र और ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे 18, 19 और 20 जून को तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बाद भी समाधान नहीं होने की स्थिति में प्रदेश संगठन के आह्वान पर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि देपालपुर अनुभाग के पटवारियों को हर माह समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। वेतन भुगतान अक्सर माह की 10 से 15 तारीख के बीच होने से कर्मचारियों को गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं अन्य वित्तीय देनदारियों की किस्तें समय पर जमा नहीं कर पाने के कारण आर्थिक दंड भुगतना पड़ रहा है। पटवारियों ने मांग की है कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संघ ने कहा कि कई पटवारियों के वेतनमान, वेतनवृद्धि और परिवीक्षा अवधि से जुड़े मामले लंबे समय से लंबित हैं। इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में ऐसे सभी मामलों का तत्काल निराकरण कर पात्र कर्मचारियों को लाभ देने की मांग की गई है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में सीमांकन कार्यों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन तहसील स्तर पर पर्याप्त मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। इसका लाभ निजी ऑपरेटर उठा रहे हैं और किसानों से मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। पटवारियों का कहना है कि इससे न केवल किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, बल्कि राजस्व विभाग की छवि भी प्रभावित हो रही है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण श्रीमती जतनबाई बेवा मांगीलाल, मुकेश पिता मांगीलाल, सुश्री देबूबाई पिता मांगीलाल, जसवंत पिता मांगीलाल एवं सुश्री हरबूबाई पिता मांगीलाल, समस्त जाति-आंजना, निवासी-राणाबड, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, आधिपत्य एवं स्वामित्व की ग्राम राणाबड तहसील व जिला उज्जैन में स्थित भूमि खसरा नंबर 73/144 (रकबा 2.6000 हेक्टेयर) मे से 8 बीघा भूमि है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 15-06-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. महेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री बाबूलाल निवासी 19, गुरुकृपा भवन, मिल्कीपुरा, मोहन टॉकिज रोड़, उज्जैन (म.प्र.) 2. सुरेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री बाबूलाल निवासी 19, नज़र अली मार्ग, पथ क्रमांक 1, सिंह भवानी पथ, उज्जैन (म.प्र.) 3. राजेन्द्र कोठारी पिता स्व. श्री बाबूलाल निवासी 19, नज़र अली मार्ग, सिंह भवानी पथ, मिल्कीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) 4. देवेन्द्र कोठारी पिता स्व.श्री बाबूलाल कोठारी निवासी 19, नज़र अली मार्ग, मिल्कीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन म्यु. क्रमांक 19 स्थित नज़र अली मार्ग, पथ क्रमांक 1, उज्जैन (म.प्र.) में है, जो तीन मंजिला (जी+2) गार्डर फर्शी की छत का निर्मित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 134.84 वर्गमीटर है जिसकी लंबाई- पश्चिम से पूर्व बतरफ दक्षिण 19 मीटर 75 सेंटी मीटर व पश्चिम से पूर्व बतरफ उत्तर 19 मीटर 85 सेंटी मीटर एवं चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पश्चिम 6 मीटर 88 सेंटी मीटर व उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 7 मीटर होकर उपरोक्त भूखण्ड की चतु:सर्सीमा पूर्व में-ईशाक खान का मकान, पश्चिम में सड़क, उत्तर में-हसीना बी का मकान व दक्षिण में-खुदीराम का मकान मिला है के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया गया है तथा अनुबंधानुसार शेष धनराशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त संपत्ति में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात् विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-15/06/2026

उज्जैन कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-30 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 97533-27747, 94250-92149**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण व सम्बन्धितों को इस विज्ञप्ति के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विजय परमार पिता राधाकिशन परमार, विवेक परमार पिता विजय परमार, रवि परमार पिता विजय परमार, कपिल परमार पिता विजय परमार निवासी उज्जैन से उनके स्वामित्व व आधिपत्य का भवन क्रमांक-152 का भाग वर्तमान म्यूनिसिपल क्रमांक 152 क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर जिसके पर्व मे भवन क्रमांक 152 का भाग, पश्चिम में भवन क्रमांक 151, उत्तर मे सड़क कॉलोनी की, दक्षिण मे भूखण्ड स्थित साईधाम कॉलोनी, यंत्र महल मार्ग, उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध करके बयाना राशि का भुगतान कर दिया है तत्पश्चात् निर्धारित अवधि मे शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन संपत्ति विजय परमार, विवेक परमार, रवि परमार, कपिल परमार को शशि पति विजय परमार की मुत्यु पश्चात् उनके उत्तराधिकारी होने से प्राप्त हुआ है। अस्तु उक्त भवन संपत्ती के स्वामी विजय परमार, विवेक परमार, रवि परमार, कपिल परमार होने तथा उन्हे उपरोक्त संपत्ती विक्रय करने का अधिकार प्राप्त होने अथवा उपरोक्त भवन संपत्ती में अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित अथवा हस्तक्षेप होने या ऋण भार आदि होने के संबंध में कोई क्लेम अथवा आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 5 दिवस में सप्रमाण मुझे प्रस्तुत करे। उक्त अवधि में कोई आपत्ति अथवा क्लेम प्रस्तुत नहीं होने पर मेरे पक्षकार शेष विक्रय मूल्य की राशि उपरोक्त भवन स्वामी को भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही करवा लेवेंगे। पश्चातवर्ती कोई भी क्लेम अथवा आपत्ती मेरे पक्षकार को मान्य नहीं होगी तथा उनपर बन्धनकारक व प्रभावशील नहीं रहेगी। अस्तु सूचित हो ।

स्थान-उज्जैन

**विवेक सिंहल, अधिवक्ता**
**9, देवास गेट, उज्जैन**
**मो. 98270-40834**

### जाहिर सूचना

रॉयल रेसीडेन्सी कॉलोनी ग्राम भीमाखेड़ा बीनपुरा रोड, तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के भूखण्ड धारक को सूचित किया जाता हैं, कि आप भूखण्ड धारको ने उक्त कॉलोनी मे भूखण्ड क्रय किये थे तथा आप भूखण्ड धारको मे से जिस किसी की भी चतुर्थ किश्त बाकी है जिसका भुगतान आप भूखण्ड धारको द्वारा नही किया गया वह भूखण्ड धारक अपनी चतुर्थ किश्तो का भुगतान मेरी पक्षकार फर्म "M/s Future Developers" के कर्यालय उज्जैन म.प्र. मे जमा करवा दे यदि आप भूखण्ड धारको द्वारा अपनी चतुर्थ किश्त दिनांक 30.06.2026 तक जमा नही की जाती है तो मेरे पक्षकार फर्म द्वारा आप भूखण्ड धारको पर पेनेल्टी लगाई जावेगी तथा मेरे पक्षकार फर्म द्वारा यह मान लिया जायेगा की आप भूखण्ड धारक उक्त भूखण्ड को क्रय करने में इच्छुक नहीं हैं तथा मेरे पक्षकार फर्म द्वारा उक्त भूखण्डो का आवंटन निरस्त कर दिये जायेगा तथा मेरे पक्षकार फर्म उन भूखण्डो को किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेंगे। सूचित हो।

इति दिनांक-15.06.2026

**एम.ए. सिद्दीकी एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड,**
**उज्जैन संपर्क-98272-55575**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी सलीम खां पिता एहमद खां, निवासी-ग्राम नीमनवासा, मक्सी रोड़, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कृषि भूमि सर्वे कमांक 225/1/2 रकबा 0.090 हैक्टर भूमि ग्राम मोरूखेड़ी तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने कय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है। अत: उक्त वर्णित भूमि परं किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक-16-06-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर- सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन मो. 99264 66157**

# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने पर मंदसौर में उग्र प्रदर्शन; कांग्रेसियों और पुलिस में तीखी झड़प, वॉटर कैनन और लाठीचार्ज के बाद कई नेता हिरासत में

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर





मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त करने के फैसले के विरोध में सोमवार को मंदसौर में जिला युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में जिला कांग्रेस कार्यालय से एकत्रित होकर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए भाजपा जिला कार्यालय का घेराव करने निकले। इस दौरान आक्रोशित कार्यकताओं ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए उसका पुतला दहन भी किया।

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा गांधी चौराहे से बालाजी मंदिर के बीच पहले से ही बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही कांग्रेस की रैली बैरिकेड्स के पास पहुंची, प्रदर्शनकारियों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और कार्यकताओं के बीच धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति बन गई। कई उत्साहित कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़ गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। पुलिस प्रशासन द्वारा समझाने के बावजूद जब आंदोलनकारी पीछे नहीं हटे और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए, तो उन्हें तितर-बितर करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पानी की तेज बौछारें (वॉटर कैनन) छोड़ी गईं।

पानी की बौछारों के बाद भी जब रस्साकशी जारी रही, तो पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस की इस सख्ती के कारण दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़प हुई, जिसमें युवक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्यक जैन सहित दो से तीन कार्यकर्ता मामूली रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए कई प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं को जबरदस्ती घसीटकर वाहनों में बिठाया और हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार कांग्रेस द्वारा बिना अनुमति के इस घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, जिसके चलते पुलिस ने कार्रवाई की और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

इस पूरे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल और एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष ऋतिक पटेल ने किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, संगठन प्रभारी अजय लोढ़ा, सोमिल नाहटा, परशुराम सिसोदिया, दीपक गुर्जर और तरुण खींची, इष्टा भाचावत, विकास देशोरा, विनोद शर्मा, विजेश मालेचा, राखी सत्रावाला, सम्यक जैन, सुनीता बंडी, अनीता भदौरिया, योगिता बैरागी, वर्षा सांखला, सोनिया जैन, हरीश पाटीदार, आदर्श जोशी, दुगार्शंकर धाकड आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज-कॉलम

### हर विकासखंड में लगेंगे किसान मेले

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन के सभाकक्ष में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें कृषि और संबद्ध विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने किसानों को आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसन्धानों और सरकारी योजनाओं की सीधी जानकारी देने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में व्यापक स्तर पर किसान मेले लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कृषि भ्रमण कार्यक्रमों में पूरी पारदर्शिता बरतने की बात कही, ताकि पहले जा चुके किसानों के स्थान पर ग्रामीण क्षेत्रों के नए, युवा और महिला कृषकों के साथ-साथ पशुपालन व मत्स्य पालन से जुड़े प्रगतिशील किसानों को भी आधुनिक कृषि पद्धतियों के व्यावहारिक ज्ञान के लिए प्राथमिकता से शामिल किया जा सके।

### कृति प्रताप जयन्ति पर उन्हें स्मरण करेगी

**नीमच।** 17 जून 2026 को विक्रम संवत के अनुसार महाराणा प्रताप का 487 वीं जन्म जयन्ति है। मां भारती के महान स्वतन्त्रता प्रेमी सपूत को कृति संस्था स्मरण करेगी। कृति संस्था के सदस्य नीमच सिटी चौराहे पर प्रातः 10 बजे प्रताप प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी । संस्था के सचिव रघुनन्दन पाराशर ने सुधी नगर जनो और कृति के सदस्यों से इस अवसर पर पधारने की अपील की है।

### भगवान जगन्नाथ की भव्य महाआरती आज

**मन्दसौर।** आज मंगलवार को शिवना नदी के तट पर स्थित 500 वर्ष से अधिक प्राचीन ऐतिहासिक सिद्ध स्थल श्री जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी की भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। उड़ीसा के पुरी जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति वाले मध्य प्रदेश के इस एकमात्र काष्ठ विग्रह सिद्ध स्थल पर सायं 5.30 बजे से भजन-कीर्तन का प्रवाह शुरू होगा, जिसके पश्चात सायं ७ बजे मुख्य महाआरती संपन्न होगी।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, महिला घायल

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा थाना क्षेत्र के सरसोद फंटो ग्राम आक्या पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने ट्राला क्र. आरजे 09 जीई 3587 के अज्ञात चालक के विरूद्ध दलौदा थाने पर प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 14 जून का है जिसकी रिपोर्ट प्रवीण (30) पिता मन्नालाल प्रजापत निवासी देहरी थाना भावगढ़ ने की है कि घटना दिनांक को उक्त ट्राले को अज्ञात चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रमेश प्रजापत व सुमित्राबाई को टक्कर मार दी जिससे घायल रमेश प्रजापत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### कार ने दम्पत्ति को टक्कर मारी, पत्नी की मौत

**मन्दसौर।** जिले के पिपलियामंडी में गायत्री शक्तिपीठ के सामने महू-नीमच हाईवे रोड़ पर कार नं. एमपी 14 सीसी 7764 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर रामसिंह पिता अमरसिंह मइडा निवासी पंथ बोराली थाना पेटलावद जिला झाबुआ की बाइक एमपी 45 एमके 8471 को टक्कर मार दी जिससे रामसिंह घायल हो गया व मृतिका अंजूबाई पति रामसिंह मइडा निवासी पंथ बोराली थाना पेटलावद जिला झाबुआ की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा 9 जून का है। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी कार चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

### 16 जून को बंद रहेगी विद्युत सप्लाय

**बड़वानी** ।मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार १६ जून को ११ केव्ही बावनगजा फीडर पर मेंटेनेस का कार्य किया जायेगा । जिस कारण से बालाजी अस्पताल, साई अस्पताल, संजीवनी अस्पताल, सावरिया अस्पताल, राजघाट रोड़, भाजा कार्यालय, वृंद्धावन कालोनी, महावीर नगर, विद्या नगर, बसंत विहार, सिद्धेश्वर आयल मिल सहित आस पास के क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

## सांसद फिरोजिया एवं विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने नागदा स्टेशन से कोटा-उज्जैन मेमू को दिखाई हरी झंडी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम,




यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा कोटाझउज्जैन के मध्य नियमित मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया एवं माननीय विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 15 जून 2026 को नागदा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 61624 कोटा उज्जैन मेमू को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन के शुभारंभ से कोटा, नागदा, उज्जैन एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती मिलने के साथ दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।

## अंतरराष्ट्रीय मल्लखंब दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता आयोजित

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस के अवसर पर विधायक क्रीड़ा केंद्र, संत कंवर राम नगर विरियाखेड़ी में क्रीडा भारती, जिला मल्लखंब एसोसिएशन, खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रतलाम जिले की विभिन्न टीमों के ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष डा.गोपाल जी मजावदिया, पूर्व क्रीडा अधिकारी आर.सी. तिवारी रहे, अतिथियों का स्वागत जिला मल्लखंब संघ के सचिव जितेंद्र धूलिया, जिला समन्वयक दुगार्शंकर मोयल, प्रीति चारपोटा, जितेंद्र राठौर, मुकेश राठौर एवं दुर्गा डामोर ने किया। जितेंद्र धूलिया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य मल्लखंब खेल को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को प्रतियोगी मंच उपलब्ध कराना तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पोल मल्लखंब , रोप मल्लखंब एवं हैंगिंग मलखंब की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के टेक्निकल के रूप में प्रशिक्षक पवन सिंधल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता में आयुष प्रजापत, तन्वेश जाधव एवं गौरव सोलंकी निर्णायक रहे ।

## लोडिंग टेंपो पलटने से दो मजदूर गंभीर घायल, उपचार जारी

**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र के भादवा माता मार्ग पर सोमवार दोपहर मजदूरों से भरा एक तीन पहिया लोडिंग टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए द्य जबकि चार अन्य को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह कई मजदूर नीमच सब्जी मंडी स्थित मजदूर चौक पर काम मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति कुछ मजदूरों को भादवा माता क्षेत्र में मजदूरी के लिए अपने साथ ले गया। तीन महिला और तीन पुरुष मजदूर पहले बस से जवासा चौराहा पहुंचे,जहां से उन्होंने एक लोडिंग टेम्पो किराए पर लिया और भादवा माता की ओर रवाना हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भादवामाता मुख्य द्वार से कुछ दूरी पहले टेम्पो तेज रफ्तार में था। अचानक मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे टेम्पो सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। दुर्घटना में मुकेश पिता सुखराम निवासी शिवगढ़ जिला रतलाम को हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि राजेश पिता बालू (35), निवासी बांसवाड़ा के पैर में गंभीर चोट लगी है। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया , जहां उनका उपचार जारी है।

## विशाल आध्यात्मिक समागम एवं ब्रह्माभोज का आयोजन सम्पन्न

**नीमच :** च्यह शिव मानसरोवर परिसर नीमच जिले के लिए सुख,शांति बरसाने वाला आध्यात्मिक परिसर सिद्ध होगा, इसमें बनने वाले 1200 से अधिक क्षमता के सत्संग भवन जैसा विशाल हॉल इन्दौर से लेकर जयपुर तक नहीं मिलेगा । इस हॉल में हर प्रकार की डिजीटल सुविधाऐं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही लगभग एक लाख वर्ग फुट के शिवमानसरोवर में पचास फीट ऊंचा विशाल शिवलिंगाकार मंदिर, मेडिटेशन हाल एवं आर्ट गैलेरी रहेगी । इस परिसर में पर्यावरण सौंदर्य के लिए विशाल बाग-बगीचे, फूल और फल के वृक्ष भी लगाए जाऐंगे तथा वाहनों के पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी । उपरोक्त जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज के एरिया डायरेक्टर बी.के.सुरेन्द्र भाई ने सभी ब्रह्मावत्सों से आव्हान किया कि वे अपने मन-वचन-कर्म तथा तन-मन-धन से इस परम पुनीत कार्य में सहयोगी अवश्य बनें । विशाल आध्यात्मिक समागम को संबोधित करते हुए सबझोन इंचार्ज ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने गहरी मन की शांति एवं पारिवारिक जीवन में तनाव मुक्त खुशहाल जीवन शैली के लिए अनेक सहज आध्यत्मिक टिप्स दिये ।

## वैचारिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर महिलाओं ने साझा किऐ अपने अनुभव

### मालवा विचार मंथन के समापन पर हुई महिला संगोष्ठी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



समग्र मालवा द्वारा आयोजित वैचारिक अनुष्ठान मालवा विचार मंथन के तीसरे एव अंतिम दिन महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किये।

महिला संगोष्ठी की मुख्य अतिथि राखी कोठारी एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि करिश्मा भंडारी उपस्थिति रही । महिला संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ हुआ ईष्ट वंदना प्रमिला धारीवाल व्यक्त की । अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अर्चना करनावट, किरण सोनी , कोकिला उपमन्यु , अवनी कोठारी, संस्था प्रमुख अभय कोठारी ,जगदीश उपमन्यु ,महासचिव महेश शर्मा , विनोद चोरसिया आदि ने किया ।

वैचारिक अनुष्ठान मे आयोजीत महिला संगोष्ठी मे राखी कोठारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि परिवारी के जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए समय बंध कार्यक्रम की योजना प्रारंभ हो जाती है जो रात्रि तक चलती है । इस दौरान अपने जिम्मेदारियां के साथ ही परिवार के साथ बैठकर परस्पर विचार विमर्श से पारिवारिक एकजुटता के प्रयास समस्याओं से दुर रखते हे ।

आईटी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अवनी कोठारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करते हुए निरंतर कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है सॉफ्टवेयर इंजीनियर का क्षेत्र काफी व्यापक हो गया है और बड़ी संख्या में युवा इसमें अपनी भूमिका प्रदान कर रहे हैं इस क्षेत्र की अच्छाइयों पर ही ध्यान देने से बुराइयों को नियत्रंण किया जा सकता हे। अगर निष्ठा के साथ में अपने कार्य को लगन से किया जाए तो अच्छाई की ओर ही ध्यान जाएगा ओर नए संभावनाओं पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

पूर्व पार्षद प्रमिला धालीवाल ने कहा कि गरीब लोगों की मदद करते हुए मन को अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव होता है। करिश्मा भंडारी ने कहा कि समाज में पुरुष वर्ग की प्रधानता होने से महिलाओं की ओर कम ही ध्यान दिया जाता है। परंतु महिलाएं अगर अपने कार्यक्षेत्र पर पूर्ण ध्यान दें और सहयोगी बनकर अपने परिवार का व्यवसायिक सहयोग प्रदान करेंगे

### कलेक्टर ने शस्त्र रखने के आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की दी स्वीकृति

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के प्रतिवेदन के आधार पर अवैध शस्त्र रखने पर शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 39 के अंतर्गत पलसूद निवासी तबरेज पिता फारूक शाह एवं उण्डीखोदरी निवासी राहुल पिता दिलीप सिंह सिकलीगर के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में अभियोजन चलाने की स्वीकृति प्रदान की है।

**जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक होगी 16 जून को**

**बड़वानी ।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 16 जून को प्रातः 11 बजे से जनजातीय कार्य विभाग के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग की समीक्षा की जावेगी।

## स्व. नाहर परिवार की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा





विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण का आयोजन स्व. मदनलाल नाहर एवं स्व. संगीता नाहर की पुण्य स्मृति में किया गया।शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी , बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था तथा लायंस क्लब स्फटिक के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त शिविर का आयोजन रेडक्रॉस परिसर सिविल हॉस्पिटल, में आयोजित किया गया ।जिसमे नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से पधारे रक्त दाताओ ने रक्त दान किया जिनसे 109 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ।

आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहयोग देने की अपील की । रक्तदान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है। रक्तदान हेतु सभी संस्थाओं द्वारा आग्रह किया गया कि ज्यादा से ज्यादा रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा करे ।स्व. नंदलाल तोदी ट्रस्ट की ओर से रक्तदाताओं को फल एवं बिस्किट वितरित किए गए । कार्यक्रम में रतलाम रेडक्रॉस से चेयरमेन प्रितेश गादिया, कोषाध्यक्ष संजय लुनिया, राजेश रांका, हेमंत मूणत, दिनेश सिंह बरमेचा की विशेष उपस्थिति रही ।

इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने में ब्लड बैंक प्रभारी कमलेश यादव एवं जावरा लेब प्रभारी भारत सिंह सोलंकी की महती भूमिका रही भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सभी रक्तदाताओं का पुष्प माला ,प्रशस्ति पत्र और वस्तु पुरुस्कार से सम्मानित किया ।वहीं दसेडा परिवार द्वारा सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया । सिविल अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी संस्थाओ द्वारा किया गया । इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमेन वीरेंद्र सिसोदिया वाइस चेयरमैन प्रदीप दसेड़ा कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मिडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तोमर , डायरेक्टर नरेश मारवाड़ी, नंदकिशोर माँदलिया उपस्थित थे।

## न्यूज कालम




### मंदसौर के वैज्ञानिक डॉ. रुचिर पाटीदार लंदन में सम्मानित

**मन्दसौर।** भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय में कार्यरत और मंदसौर के रावटी गांव के मूल निवासी युवा वैज्ञानिक डॉ. रुचिर पाटीदार को लंदन में प्रतिष्ठित च्द ह्यूग रॉबर्ट मिल अवॉर्डज् से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पाने वाले वे पहले भारतीय और विश्व के 31वें वैज्ञानिक हैं। डॉ. पाटीदार ने भारत के 14 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में पिछले 72 वर्षों के मौसम संबंधी आंकड़ों का गहन तकनीकी विश्लेषण कर यह शोध किया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण देश में वर्षा कम हो रही है और तापमान बढ़ रहा है, जिसका सबसे गंभीर असर गंगा के मैदानी राज्यों (यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल) पर पड़ेगा। रॉयल मेटियोरोलॉजिकल सोसाइटी ने उनके इस व्यावहारिक शोध को राष्ट्रीय महत्व की एक बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि बताया है।

### अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजन

**नीमच।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं प्रशासक श्री अमन वैष्णव व जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक प्रशासक सुश्री अंकिता पंड्या के निर्देशन में भारतीय रेडकास सोसायटी जिला नीमच द्वारा दिनांक 15 जून 2026 को सांय 4 बजे रेडकास भवन के हॉल में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ / वृद्धजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडकास सचिव डॉ. स्वप्निल वधवा द्वारा उपस्थित वरिष्ठजनों को फूलमाला पहनाकर उनका सम्मान किया गया एवं वरिष्ठजनों को स्वास्थ्य एवं बिमारीयों के उपचार की जानकारी दी गई। किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ. के.के. जैन द्वारा उपस्थित वरिष्ठजनों को सामाजिक, पारिवारिक दुर्व्यवहार के बारे में कानुनी जानकारी देकर जागरूक किया। योग गुरु श्री गुणवंत गोयल द्वारा सभी को योग प्रणायाम के माध्यम से स्वस्थ्य रहने के उपाय बतायें। एवं जगमोहन कटारिया द्वारा सामाजिक दुर्व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठजनों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव बताएं। कार्यक्रम में लगभग 40 वरिष्ठजन एवं रेडकास के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### देश, वेश, परिवेश से कट कर जीते दिखते लोग - प्रोफेसर राही

**जनवादी लेखक संघ की काव्य गोष्ठी संपन्न**

**नीमच।** जनवादी लेखक संघ नीमच की मासिक गोष्ठी का आयोजन संस्था के कार्यालय में किया गया, जिसमें विवेक मेहता ने मावठा लघु कथा का वाचन किया। श्रीमती मंजुला धीर ने पलाश तुम खिलते वृक्ष पर हो/पर बसते मन में हो, कविता सुनाई। आर एस शर्मा ने चापलूसी पसंद लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा, मीठी होती है तारीफ चाहे झूठी हो। हाजी एम.जेड.कुरैशी ने कहा, ए शाहीदे ए जिंदगी तूने भूले से भी हम गरीबों के जानिब नहीं देखा, रचना सुनाई। नवोदित कवि दिव्यांशु बाबा ने खामोशी ओढ़े जनता को आव्हान करते हुए सुनाया, सुनो अब तो आवाज उठा लो। शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने वर्तमान हालात बयां करते हुए कहा, रोज मारे जा रहे हैं इंसान और इंसानियत। किशोर जेवरिया ने, बादलों के मार्फत अपना संदेश देती रचना टांक दिए हैं बादलों के दामन में मैंने अपने ख्वाब पढ़ी। वसीम खान ने कहा जख्म बहुत है दौर- ए- वक़्त की कहानी में। नितेश अरिंग ने कहा, शजर की तरह सबको सहारा दिया है बशर ने। जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष निरंजन गुप्त रही ने नवगीत देश, वेश, परिवेश से कटकर जीते लोग का पाठ किया इस अवसर पर संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सुनील शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा जिला कामकाजी बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया बूथ सशक्तिकरण का मंत्र




**मंदसौर।** जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित मासिक कामकाजी बैठक में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर ही भाजपा आज देश और प्रदेश में मजबूत स्थिति में है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को बूथ स्तर तक जाकर सरकार की योजनाओं और नीतियों को पहुंचाने तथा संगठन को सर्वव्यापी बनाने के निर्देश दिए।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि प्रदेश संगठन की मंशानुरूप पिछले माह मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के च्मन की बातच कार्यक्रम और उनके सेवा, समर्पण व जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के अधिकांश बूथों पर ऐतिहासिक सांगठनिक कार्य किए गए हैं। बैठक में जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा पदाधिकारी शिवराज सिंह राणा, विजय सुराणा, महेश जूनवाल, धीरज पाटीदार, विनय जांगिड, विनय दुबेला, जितेंद्र सिंह चौहान, गौरव अग्रवाल, रेखा मांदलिया, जीवन शर्मा, उपस्थित थे।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**संकेत एवं दूर संचार विभाग**
**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या : SnT-RTM-26-TELE-13, दिनांक : 12.06.2026**

**कार्य का नाम :** मानवयुक्त नॉन–इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों (41 एल.सी. गेटों) पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था हेतु दूरसंचार सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य, **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 7,06,40,785.77/- (रूपये सात करोड़ छह लाख चालीस हजार सात सौ पचासी रूपये और सतहत्तर पैसे मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **जमानत राशि:** ₹ 14,12,800.00/-, **कार्य पूरा करने की अवधि :** नौ (09) माह, **ई–निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 15/07/2026 समय 15.00 बजे तक, **ई–निविदा खोलने की तिथि व समय :** दिनांक 15/07/2026 समय 15:30 बजे तक, **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन । निविदा **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

ADM/6/1/102

Follow us on: twitter.com/WesternRly



## थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार का बिदाई समारोह एवं नवागत थाना प्रभारी अशोक पाटीदार का स्वागत समारोह आयोजित

**महिदपुर।** विगत दिवस स्थानीय तुलसी होटल में नगर में कार्यरत थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार का स्थानांतरण होने पर बिदाई समारोह आयोजित हुआ। साथ ही नवागत थाना प्रभारी अशोक पाटीदार का स्वागत किया गया। अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जेंडेन लिंग जेरेप्पा, तहसीलदार मैडम संतुष्टि पाल, जेलर मनोहर बारेकर, विद्युत विभाग प्रभारी हेमेश बंसल की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों ने दोनों थानाप्रभारी का साफा पहनाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया। उपस्थित सभी गणमान्यजन, पत्रकारगण, थाना स्टाफ के सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सभी अतिथियों के साथ नगर के वरिष्ठ अभिभाषक भगवानसिंह पंवार, मनोज धाकड़, पत्रकार शांतिलाल छजलानी, अरुण बुरड़, समाजसेवी पारस लुणावत आदि ने भी अपने विचार रखे। पुलिस थाना स्टाफ द्वारा नरेन्द्र सिंह परिहार को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश राठी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्यजन, पत्रकारगण, अभिभाषकगण व पुलिस थाना स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## विभागीय क्षमता विकास योजना अंतर्गत आईगोट कर्मयोगी प्रशिक्षण सम्पन्न



**सुसनेर।** विभागीय क्षमता विकास योजना के अंतर्गत आईगोट कर्मयोगी प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सुसनेर में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के सभी संस्था प्रधानों सहित कुल 49 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर संतोष जादमें एवं राजकुमार सोलंकी द्वारा आईगोट कर्मयोगी पोर्टल के विभिन्न कोर्सों, उनके महत्व एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागियों को आईगोट एप पर पंजीयन एवं लॉगिन की प्रक्रिया इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से समझाई गई। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित आईगोट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर विभिन्न शासकीय विभागों के लोकसेवकों की कार्यक्षमता एवं कौशल विकास के लिए 2400 से अधिक ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा भी सभी शासकीय कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक कर्मचारी को वर्ष में न्यूनतम 15 घंटे का प्रशिक्षण पूर्ण करना होगा तथा प्रति माह चार कोर्स पूरे करने होंगे, जिनमें एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) विषयक कोर्स करना अनिवार्य है। इन प्रशिक्षणों का विवरण सेवा पुस्तिका में भी दर्ज किया जाएगा। आगर से आए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. दशरथ मसानिया ने बताया कि जिले के सभी 17 संकुलों में कुल 2502 शिक्षक एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ को आईगोट कर्मयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, संकुल प्राचार्य प्रतिनिधि इरफान खान, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार, विकासखंड अकादमिक समन्वयक संतोष भेनीया, जन शिक्षक शिवलाल ओसारा, कमलेश जैन एवं गोकुल चौहान सहित संकुल अंतर्गत संचालित सभी शालाओं के शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिविर में दिव्यांगजनों एवं पात्र हितग्राहियों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए



**ब्यावरा-राजगढ़।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण एडीआईपी एंव राष्ट्रीय वायोश्री योजना के अंतर्गत नवीन बीआरसी भवन तहसील परिसर ब्यावरा में जनपद पंचायत द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायक उपकरणों के लिए शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की। जनकल्याण शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

## पवन राज कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग सारंगपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा राजगढ जिले के लिए एक बडा संगठनात्मक निर्णय लिया गया है। विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार द्वारा राजगढ जिले की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की सूची को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के निर्देश एवं राजगढ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह की सहमति से कांग्रेस के युवा नेता पवन राज को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग सारंगपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद पवन राज ने कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करने के साथ संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व गतिशील बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने की बात कही है।

फायर ब्रिगेड के छोटे टैंक से बढ़ी चुनौती

# ट्रक में लगी आग से हाईवे पर अफरा-तफरी कई घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

झालावाड़-उज्जैन नेशनल हाईवे-552ऋ स्थित मोड़ी चौराहे पर रविवार सुबह डीओसी (डी-ऑयल केक) से भरे एक ट्रक में अचानक आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड और विद्युत विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। कई घंटों तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक मोड़ी चौराहे से गुजर रहा था तभी उसमें से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही देर में ट्रक के पीछे के हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक में भरा डीओसी भी इसकी चपेट में आ गया।



### मौके पर लगी लोगों की भीड़

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। आग की भयावहता को देखते हुए हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा और यातायात को नियंत्रित किया।

### छोटे टैंक के कारण बढ़ी चुनौती

सूचना मिलने पर नगर परिषद सुसनेर की फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन फायर वाहन के टैंक की क्षमता कम होने के कारण उसे दो से तीन बार पानी भरने के लिए जाना पड़ा। इससे आग बुझाने में अतिरिक्त समय लगा और चुनौती बढ़ गई।

### बुलानी पड़ी अतिरिक्त फायर ब्रिगेड

आग की गंभीरता को देखते हुए सोयत से भी फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर बुलाया गया। दोनों दमकल वाहनों और पानी के टैंकरों की सहायता से लगातार कई घंटों तक प्रयास किए गए, जिसके बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका।

### विद्युत विभाग रहा अलर्ट

आग के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र की बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद कर दी गई जिससे किसी भी प्रकार के विद्युत हादसे की संभावना को टाला जा सके।

### जांच में जुटा प्रशासन

आग की घटना में ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है हालांकि किसी के घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### जनप्रतिनिधि व अधिकारी पहुंचे मौके पर

घटना की सूचना मिलते ही नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी अक्षय बेस सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

# पुरुषोत्तम मास में भक्ति की बही अविरल धारा, श्री केदारेश्वर मंदिर पहुँची प्रभात फेरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

पवित्र श्री पुरुषोत्तम मास (ज्येष्ठ अधिक मास) के पुण्य अवसर पर नगर में प्रतिदिन निकल रही प्रभात फेरियों की श्रृंखला में रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रभात फेरी भक्त मंडल द्वारा प्रभु नाम संकीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रभात फेरी पत्रकार कॉलोनी स्थित श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर पहुँची, जहाँ पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। भजन मंडली ने भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए ऐसी मधुर प्रस्तुतियाँ दीं कि उपस्थित महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिमय उल्लास का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। धार्मिक आयोजन के दौरान समाजसेवी अरविंद राधेश्याम व्यास का प्रभात फेरी भक्त मंडल द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भी प्रभु नाम संकीर्तन का क्रम निरंतर चलता रहा, जिससे पत्रकार कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम में प्रभात फेरी भक्त मंडल के सदस्य, कॉलोनीवासी एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे। पुरुषोत्तम मास के इस पावन आयोजन ने नगर में भक्ति, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश प्रसारित किया।



## दाऊदी बोहरा समुदाय का 10 दिवसीय मातमी पर्व प्रारंभ

**सुसनेर।** शिया दाऊदी बोहरा समाज का नया वर्ष मिसरी कैलेंडर के अनुसार 1448 हिजरी सन 15 जून 2026 से प्रारंभ हुआ। हालांकि नए साल का शुभारम्भ माह मोहर्रम की पहली तारीख से होगा लेकिन बोहरा समुदाय नव वर्ष को हर्षोल्लास के बजाए 10 दिनों के मातमी पर्व के रूप में मनाता है। ज्ञात हो की मोहर्रम की 10 तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार को करबाला में कुरुर शासक यजीद ने कत्ल करवा दिया था। तभी से शिया मुस्लिम इस दिन को मातम के रूप में मनाते चले आ रहे हैं। दाऊदी बोहरा समाज सुसनेर के वरिष्ठ समाजजन आशिक हुसैन बोहरा ने बताया कि मोहर्रम की दूसरी तारीख से कर्बला की ऐतिहासिक घटना और इमाम हुसैन (अ.स.) तथा उनके परिवार पर हुए अत्याचारों का वर्णन समाज की मस्जिदों में विशेष वाअज कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा। मुल्ला मुस्तफा भाई बोहरा रामपुरा वाला के अनुसार धर्मगुरु की रजा मुबारक से उनके प्रतिनिधि समाजजनों को कर्बला का वाकिया और और हजरत इमाम हुसैन की कुरबानी की महत्ता से रूबरू कराएंगे मोहर्रम की 10वीं तारीख, आशूरा के दिन, समाजजन अपना समस्त कारोबार बंद रखेंगे, हालांकि विगत सालों की तरह इन 10 दिनों में समस्त कारोबार बंद करना है या सिर्फ एक दिन इसके निर्देश भी मुंबई से आने वाले हैं और मस्जिदों में आयोजित मजलिसों में शामिल होकर इमाम हुसैन एवं उनके परिजनों की शहादत को याद करेंगे।

प्री-मानूसन सक्रिय

## आंधी की रफ्तार 70 किमी पार, घरों के छप्पर उड़े

**सारंगपुर।** प्री-मानसून के सक्रिय होने से पूरा सारंगपुर क्षेत्र भीग रहा है। कहीं तेज आंधी चल रही है तो कहीं ओले-बारिश का दौर है। शनिवार शाम को सारंगपुर समेत कई गांवो में आंधी की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटा या इससे अधिक रही। इधर, मानसून 3 से 4 दिन लेट चल रहा है। ऐसे में यह एमपी में 20 जून तक एंटर हो सकता है। शाम करीब 7 बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। सारंगपुर सहित उदनखेड़ी, सादनखेड़ी, मगराना, पड़ाना, मऊ सहित अन्य गांवो में आंधी के साथ जमकर बारिश हुई।

## दानदाताओं ने सेवाधाम आश्रम के लिए सेवा सामग्री रवाना की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नगर के दानदाताओं एवं सेवाभावी नागरिकों के सहयोग से सेवाधाम आश्रम के लिए अन्न एवं आवश्यक सामग्री का वाहन रविवार को दोपहर 4 बजे कोर्ट चौराहा से रवाना किया गया। सेवाधाम के वाहन का पूजन श्याम पाटीदार द्वारा किया गया एवं ड्राइवर का बहुमान अमन बम ने किया। इस अवसर पर सेवाधाम से जुड़े सहयोगी एवं साथी उपस्थित रहे। दान भारतीय संस्कृति में सबसे पुण्यदायी और आवश्यक कर्म माना गया है। पुरुषोत्तम मास-अधिक मास के चलते बडनगर से मात्र 40 किलोमीटर दूर स्थित अंकित ग्राम सेवा धाम आश्रम जिसमें 1200 से अधिक बेसहारा ,विकलांग, बुजुर्गों और असहाय रोगियों की सेवा होती है , जिनके सहयोग के लिए आवश्यक सामग्री गाड़ी भरकर बड़नगर से भेजी गई। सेवाधाम आश्रम के लिए विभिन्न दानदाताओं द्वारा उदारतापूर्वक अन्न एवं आवश्यक सामग्री भेंट की गई। बम परिवार, अशोक गोधा ,तेजप्रकाश माहेश्वरी , संदीप मारू,सुनील गोलेचा, विनोद बम,गौरव मारू,डॉ ददरवाल,रवि ददरवाल,शैलेंद्र सियाल,संजय बरडिया,संतोष जायसवाल,अशोक जैन अजरावडा वाला,मनोज बिलाला,आनंद शाह,दलाल पुरषोत्तम मूंदड़ा,भगवान कल्याणी, जितेंद्र कासलीवाल राजेश राठौड़,महेश काबरा,डॉ कामेश गुप्ता,चिन्मय शाह,प्रकाश परमार सभी के द्वारा सहयोग किया गया।विशेष रूप से कामधेनु कृषि यंत्र के राजेन्द्र सराफ ने सेवाधाम आश्रम की आवश्यकता को देखते हुए एक सबमर्सिबल पम्प भेंट कर महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।



शिक्षक कार्यकर्ताओं ने की शिरकत

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ उज्जैन जिले की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा उज्जैन की बैठक का आयोजन 14 जून को राज सृजन परिसर उन्हेंल में किया बैठक में सभी तहसील के शिक्षक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं परीक्षा के विरोध में 18 जुन को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा पुरे देश में प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिये जाने की योजना के तारतम्य में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला उज्जैन द्वारा भी कलेक्टर को प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर लोगों को जागरूक करने पर बल दिया जिला कोषाध्यक्ष सीताराम सिसोदिया द्वारा आगामी प्रांतीय अभ्यास वर्ग में वित्त की व्यवस्था योजना के बारे में बताया गया। संभागीय सचिव दिग्विजय सिंह द्वारा प्रांतीय अभ्यास वर्ग की तैयारी की जानकारी एवं वृहद जिला सम्मेलन का आयोजन जिसमें शिक्षा भूषण अलंकरण सम्मान (जिसमें प्रत्येक तहसील से एक सेवानिवृत शिक्षक का सम्मान किया जाना है) की जानकारी दी गयी।समर्थ भारत आयाम के प्रान्त प्रमुख राजेन्द्र रावल ने गुरू छाया और गुरु वंदन के कार्यक्रम जिले में करने की योजना बनाई गयी।



डॉक्टर छत्रपति सिंह राठौड़ द्वारा अपने उद्बोधन में उज्जैन जिले में होने जा रहे प्रान्तिय अभ्यास वर्ग की व्यवस्था सम्बंधित योजना एवं शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण के लिए मध्यप्रदेश शिक्षक संघ निरन्तर प्रयास करने की बात कही। उन्होंने आस्वस्थ किया है कि नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लेकर रहेंगे , परीक्षा के विरोध में 18 जून 2026 को पूरे भारतवर्ष में शिक्षक संघ माननीय प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री जी के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे शिक्षकों के बारे में उन्होंने कहा है कि जब एक गुना पुण्य प्राप्त होता है तो भारत में जन्म मिलता है जिसमें पशु पक्षी जीव जंतु आते हैं जब दो गुना पुण्य मिलता है तो वह स्त्री या पुरुष बनता है परंतु पुण्य चार गुना होता है जब जाकर व्यक्ति शिक्षक बनता है । इस प्रकार के विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन जिला सचिव श्री महेश जी पाटीदार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय उपाध्यक्ष सुनील सोनावा, संभागीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष चन्द्र सेठिया, जिला उपाध्यक्ष मदन लाल पांचाल, जिला उप सचिव धिरेन्द्र सिंह पंवार,भारत सिंह परमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य रुप सिंह सोलंकी ,मनिष बैरागी,उज्जैन नगर अध्यक्ष कमल किशोर कुल्मी, उज्जैन तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह जी राठौड़ , खाचरौद विकासखंड अध्यक्ष दिपक घोचा, नागदा तहसिल अध्यक्ष आनन्द मीणा, तहसील सचिव नन्दराम अटोलिया,संगिता रायकवार, गोपाल चौहान, जगदीश वर्मा,तराना विकासखंड अध्यक्ष कैलाश गामी,खाचरौद विकासखंड सचिव मुकेश रघुवंशी,झारड़ा तहसील अध्यक्ष प्रदीप सिंह परिहार,जिवन सिंह पंवार, नरेन्द्र सिंह डोड़िया,वैदेश्य चंदेल, जितेन्द्र जैन, बड़नगर विकासखंड अध्यक्ष संजय पाठक, अरविंद दुबे, संजय चौरसिया, घटिया विकासखंड अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चौहान, बाबू लाल आसोड़िया, सेवाराम, सेठिया आदि अनेक कार्यकर्ता बैठक में सहभागी हुए।

कार्यक्रम का आभार अविनाश राठौड़ द्वारा किया गया।



## फूल माली समाज की धर्मशाला में टीनशेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**सारंगपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक एक खारीया मोहल्ला स्थित फूल माली समाज धर्मशाला में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम रविवार को मोहल्ला खारीया समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद की अध्यक्षता में एवं सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल पुष्पद, फूलमाली महापंचायत जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, किडी पंचायत अध्यक्ष प्रेम नारायण पुष्पद, बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष केलाश वर्मा, भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, पछेटवाडी पंचायत अध्यक्ष केलाश पुष्पद भगत, पार्षद राकेश पुष्पद, तारागंज पंचायत अध्यक्ष रामचन्द्र पुष्पद, पुर्व पार्षद रामचरण पुष्पद सहित अन्य अतिथियों के मुख्य आथित्य मे संपन्ना हुआ। खारीया पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद ने बताया कि मोहल्ला खारीया के सभी समाज जनो के सहयोग से धर्मशाला परिसर मे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए एक 30 बाय 90 के टिनशेड का निर्माण कराया जाएगा, जिससे समाज बंधुओ को बारिश के दिनो मे कार्यक्रम करने मे सुविधा होगी।

## सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण



**मक्सी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष शासन के पूर्ण होने पर पूरे देश भर में 5 जून से 21 जून तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत पौधारोपण चिकित्सा कार्यक्रम स्वच्छता अभियान योग अन्य कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इसमें प्रथम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामझोंकर में श्री गोपाल गौशाला द्वारा संचालक प्रमोद मेहता द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयजित किया गया इसमें मक्सी मण्डल महामंत्री नानू पंड्या जिला कार्यक्रम प्रभारी दिलीप आरोल मक्सी मंडल प्रभारी ओम इंद्रिय मक्सी मंडल सह प्रभारी कृष्णा भावसार मक्सी मंडल मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता ओम चौधरी पार्षद मनोहर केलोदिया राकेश चौधरी दयाराम मंडलोई अमित सोनी मधुसूदन करनावदिया उप सरपंच मुकेश पटेल विष्णु डोंगरे आदि द्वारा गोपाल गोशाला, में पौधारोपण किया गया।

## सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल हाजियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन



**बेरछा।** हज यात्रा पर से वापसी पर पूर्व सदर,रज्जाक लाला एवं खजांची अनवर लाला एवं शाजापुर जिला कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर सुनील नाहर बेरछा को नियुक्त करने पर एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शलभ शर्मा को जन्मदिन पर सभी का एक साथ सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करते हुए बेरछा वासियों सभी गणमान्य नागरिक का हनुमान मंदिर चौराहा के सामने गंगा जमुना तहजीब से सांप्रदायिक सौहार्द के रूप में स्वागत सत्कार किया जिसमें बेरछा के सभी समाजजन वरिष्ठ जन व्यापरीजन व गणमान्य नागरिक के रूप में राजू जैन शिवनारायण पाटीदार भुरू भाई मंसूरी श्रीपाल जैन विष्णु पाटीदार अल्ताफ भाई सदर लोकेश नगर मनोज पेंटर, वाली शाह, नवाब भाई कबाड़ी, आदिल शाह, आनंदीलाल मिस्त्री, नूर मोहम्मद मंसूरी, सादिक शेख, कल्लू भाई , शक्ति शर्मा, अंजुमन कमेटी नायब सदर असलम खां सईद भाई भय्यू शाह सुल्तान मंसूरी शाहरुख शेख उपस्थित रहे। संचालन सईद पठान ने किया एवं सत्कार जावेद शाकिर खा ने एवं आभार जावेद पठान ने माना ।

## पूर्व केबिनेट मंत्री का गर्मजोशी से किया स्वागत



**जगोटी।** पूर्व केबिनेट मंत्री व राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का गत दिवस महिदपुर आगमन के दौरान जगोटी के समीप तुला हेड़ा टोल नाके पर महिदपुर ब्लाक कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष महेश पांचाल व उनके साथियों ने श्री सिंह का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, सेवादल यंग ब्रिगेड अध्यक्ष डा विजय बोडाना,, राहुल चौधरी, जीतेंद्र पटेल, संदीप आंजना, भगवान पंडा, महेश पटेल, कैलाश पंवार, कुशाल सिंह बरखेड़ी मौजूद थे। खेड़ाखजूरिया के समीप रजनीश तिवारी व धनसिंह बापू सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने सिंह का स्वागत किया।



# क्या गैस और एसिडिटी के मरीज आम खा सकते हैं?

गैस और एसिडिटी से परेशान लोग सीमित मात्रा में पका हुआ आम खा सकते हैं। ज्यादा मात्रा में आम खाने से कुछ लोगों में गैस, अपच या एसिडिटी की समस्या बढ़ सकती है।

**गर्मियों** के मौसम में लोग आम खाना बहुत पसंद करते हैं, इन दिनों बाजार में अलग-अलग वैरायटी के आम आ रहे हैं जो न सिर्फ खाने में टेस्टी होते हैं बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। आम में एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ कई तरह के जरूरी विटामिन्स पाए जाते हैं जो इम्यूनिटी बढ़ाने से लेकर स्किन को हेल्दी रखने तक में मदद करते हैं लेकिन जिन लोगों को गैस, एसिडिटी या पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं, उनके मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या आम खाना उनके लिए सुरक्षित है या नहीं।



## क्या गैस्ट्रिक समस्या में आम खा सकते हैं?

जिन लोगों को हल्की गैस या एसिडिटी की समस्या है, वे सीमित मात्रा में आम खा सकते हैं। हालांकि यह हर व्यक्ति के डाइजेस्टिव सिस्टम पर निर्भर करता है। कुछ लोगों को ज्यादा आम खाने से पेट में भारीपन, गैस या एसिडिटी की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए इसे संतुलित मात्रा में ही खाना चाहिए।



## आम खाने का सही तरीका

अगर आप गैस या एसिडिटी के मरीज हैं, तो आम को सही तरीके से खाना बहुत जरूरी है। आम को खाली पेट खाने से बचना चाहिए और इसे हमेशा भोजन के बाद या दिन के बीच के समय में सीमित मात्रा में खाना बेहतर होता है। आम के साथ पानी या ठंडी ड्रिंक्स का ज्यदा सेवन करने से भी बचना चाहिए, क्योंकि यह पाचन को प्रभावित कर सकता है।

## डॉक्टर की सलाह

जिन लोगों को गंभीर एसिडिटी, या पुरानी पाचन समस्या है, उन्हें आम का सेवन बहुत सावधानी से करना चाहिए। ऐसे लोगों को आम का एक टुकड़ा खाकर देखना चाहिए कि उनका शरीर कैसे रिएक्ट करता है।

### पेट की कई समस्याएं रहती हैं दूर

# छाछ में अजवाइन डालकर पीना है फायदेमंद

छाछ में अजवाइन मिलाकर पीना गर्मियों के मौसम में फायदेमंद होता है। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ पाचन क्रिया को भी बेहतर बनाता है, जिससे गैस, अपच और ब्लोटिंग की समस्या से राहत मिलती है।



**गर्मियों** के मौसम में लोग अपने शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए कई तरह की ड्रिंक्स को डाइट में शामिल करते हैं। गर्मियों में सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखना काफी नहीं है, बल्कि डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए जो पाचन क्रिया को भी बेहतर रखने में मदद कर सके। गर्मियों में कई लोगों को छाछ पीना काफी पसंद होता है। छाछ शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ पाचन को भी बेहतर बनाती है। ऐसे में जब छाछ में अजवाइन मिलाकर पीया जाता है तो इसके फायदे और ज्यादा बढ़ सकते हैं। इसलिए, आइए इस लेख में हम दिल्ली की क्लिनिकल डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा से जानते हैं कि छाछ और अजवाइन एक साथ लेना क्यों फायदेमंद होता है?

## छाछ में अजवाइन मिलाकर पीने के फायदे

न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा के अनुसार छाछ में कैल्शियम, प्रोटीन, पोटैशियम और हेल्दी बैक्टीरिया होते हैं, जो पााचन तंत्र को हेल्दी रखने में मदद करती है, जबकि अजवाइन में थाइमोल नाम के एक्टिव तत्व पाए जाते हैं, जो पाचन एंजाइमों के रिलीज को बढ़ावा देता है, जिससे गैस, अपच और ब्लोटिंग की समस्या से राहत मिल सकती है।

**1. पाचन को बेहतर बनाता है**

खाना खाने के बाद एक गिलास भुनी हुई अजवाइन वाला छाछ पीना पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह भोजन को आसानी से पचाने में मदद करता है।

**2. गैस और ब्लोटिंग से राहत**

मसालेदार भोजन करने के बाद कई लोगों को ब्लोटिंग और गैस की समस्या महसूस होती है। ऐसे में इन समस्याओं से राहत पाने के लिए आप भुनी हुई अजवाइन को छाछ में मिलाकर पी सकते हैं, क्योंकि इससे आपकी ब्लोटिंग की समस्या को कम किया जा सकता है।

**3. शरीर को ठंडक पहुंचाता है**

गर्मी के मौसम में शरीर का तापमान बढ़ने के कारण थकान और बेचैनी की समस्या महसूस हो सकती है। ऐसे में छाछ शरीर को ठंडक देने में मदद करती है, अजवाइन का सेवन पाचन क्रिया को एक्टिव करता है।

**4. वजन मैनेज** –अजवाइन वाला छाछ पीना वजन कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाता है। छाच कम कैलोरी वाला ड्रिंक होता है। इसे पीने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस हो सकता है, जिससे आप अनहेल्दी क्रैविंग से बचते हैं।



### विमेंस वर्ल्डकप- दीप्ति ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए; स्मृति मंधाना ने 68 रन बनाए

# वर्ल्डकप- भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। एजबेस्टन में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए।

भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 गेंदों में 68 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 17 बॉल पर 34 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और फातिमा सना ने 2-2 विकेट लिए। तस्मिया रुबाब और रामीन शमीम को 1-1 सफलता मिली।

171 रन का पीछा कर रही पाकिस्तान 17 ओवर में 106 रन पर ऑलआउट हो गई। मुनीबा अली ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत से दीप्ति शर्मा ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए। श्री चरणी को 3 और शेफाली वर्मा को एक विकेट मिला।



भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स 18 रन के अंदर आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े। मंधाना ने 68 रन की पारी में 9 चौके और 2 छक्के लगाए। हरमनप्रीत ने 36 रन की पारी खेली। आखिरी दो ओवरों में भारत ने 38 रन बनाए। ऋचा घोष ने 200 की स्ट्राइक रेट से 17 गेंदों पर 34 रन बनाए।

## पाकिस्तान की तेज शुरूआत



171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने तेज शुरूआत की। मुनीबा अली और गुल फिरोजा ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। पावरप्ले में टीम ने 52 रन बनाए। यह महिला टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। मुनीबा ने 35 गेंदों पर 41 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने उन्हें डायरेक्ट हिट पर रनआउट किया। दीप्ति शर्मा ने पहले गुल फिरोजा और आयशा जफर को आउट कर भारत की वापसी कराई। उन्होंने एक ओवर में 3 विकेट लेकर पाकिस्तान को ऑलआउट कर दिया। मुनीबा के रनआउट होते ही पाकिस्तान की पारी बिखर गई। कप्तान फातिमा सना खाता भी नहीं खोल सकीं। आलिया रियाज 18 रन बनाकर आउट हुईं। आखिरी पांच विकेट सिर्फ 17 रन के भीतर गिर गए और पूरी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। दीप्ति ने 4 ओवर में केवल 10 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि श्री चरणी को 3 और शेफाली वर्मा को 1 विकेट मिला।

# भारतीय खिलाड़ियों ने 11वीं बार पाकिस्तानियों से हाथ नहीं मिलाया, दीप्ति दुनिया की टॉप विकेट टेकर

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 64 रन से हराया। दीप्ति शर्मा ने सिर्फ 10 रन केर 5 विकेट लिए। अब वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अब टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर बन गई हैं। इससे पहले हरमन ने टॉस के समय पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया।

पाकिस्तान के खिलाफ पुरुष-महिला, जूनियर और सीनियर मिलाकर लगातार 11वें क्रिकेट मैच में भारत ने नो हैंडशेक का स्टैंड बरकरार रखा। पहलगाम आतंकी हमले और दोनों देशों के बीच तनाव के बाद भारतीय टीमों ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने का फैसला किया था।

**सितंबर 2025 :** एशिया कप से इसकी शुरूआत हुई। इस टूर्नामेंट में तीन बार भारत-पाकिस्तान मैच हुआ तीनों में हाथ नहीं मिलाया गया।

**अक्टूबर 2025 :** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के मुकाबले में भी नो हैंडशेक जारी रहा।

**नवंबर 2025 :** मेंस राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भी भारतीय टीम हाथ न मिलाने के स्टैंड पर कायम रही।

**दिसंबर 2025 :** अंडर19 एशिया कप में दो भारत-पाकिस्तान मैच हुए। दोनों में नो हैंडशेक जारी रहा।

**फरवरी 2026 :** हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया गया।



**फरवरी 2026 :** पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप और अक्टूबर 2025 के महिला वनडे वर्ल्ड कप में भी यह परंपरा जारी रही।

**शेफाली ने मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाया-** भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने मैच की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। शेफाली ने पाकिस्तान की गेंदबाज सादिया इकबाल की फुल लेंथ बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर भेज दिया। हालांकि, वे इसी ओवर में स्लिप को कैच भी दे बैठीं। उन्होंने महज 6 रन बनाए।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप में जर्मनी की बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपने अभियान का धमाकेदार आगाज किया है। टीम ने रविवार रात को कुरासाओ 7-1 से हरा दिया। ग्रुप-ई के इस मुकाबले के छठे मिनट में जर्मनी ने गोल स्कोर किया। फिर पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही कुरासाओ ने गोल भी किया। यह उसका टूनामेंट के इतिहास में पहला गोल है। जर्मनी ने दूसरे हाफ में छह गोल दागकर मुकाबला एकतरफा कर दिया। ह्यूस्टन स्टेडियम में जर्मनी के काई हैवट्र्ज ने डबल गोल किए, जबकि टीम के 6 अन्य खिलाड़ियों ने भी गोल करके स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया। जर्मनी अब अपने अगले मुकाबले में आइवरी कोस्ट से खेलेगी, जबकि कुरासाओ की टीम इक्वाडोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए-
2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता–** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन–** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### इंस्टाग्राम से पानी की बोतल ऑर्डर करने के बाद ठगी

**इंदौर।** खजराना क्षेत्र में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा ऑनलाइन ठगी और ब्लैकमेलिंग का शिकार हो गई। ठगों ने पहले ऑर्डर कैंसिल कर रिफंड दिलाने का झांसा दिया, फिर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठे। बाद में छात्रा के खाते से करीब 2.99 लाख रुपए भी निकाल लिए गए। पुलिस के मुताबिक, छात्रा वरीदा की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वरीदा की बहन अलीना ने 11 मई को इंस्टाग्राम पेज "सॉफ क्यूक इंडिया" से पानी की दो बोतलें ऑर्डर की थीं और ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया था। ऑर्डर के कुछ समय बाद एक व्यक्ति का फोन आया। उसने बताया कि ऑर्डर कैंसिल हो गया है और पैसे वापस करने के लिए एक लिंक भेजी। ठग ने कहा कि छोटी राशि सीधे वापस नहीं हो सकती, इसलिए लिंक के जरिए प्रक्रिया पूरी करनी होगी। 20 मई को छात्रा को एक और कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि उसके पास छात्रा की अश्लील तस्वीरें हैं और वह उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इसके बदले उसने 30 हजार रुपए की मांग की। डर के कारण छात्रा ने बताए गए यूपीआई खाते में राशि ट्रांसफर कर दी। 9 जून को छात्रा कॉलेज फीस जमा करने पहुंची, तब उसे पता चला कि उसके बैंक खाते में पैसे नहीं हैं। बैंक से जानकारी लेने पर सामने आया कि खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 2 लाख 99 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। इसके बाद छात्रा ने साइबर क्राइम और खजराना थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जिन खातों में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### मोबाइल लूटने वाली गैंग पकड़ाई, 5 आरोपियों से 33 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद

**इंदौर।** इंदौर की भंवरकुआं थाना पुलिस ने सोमवार को मेरठ की एक शातिर गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 33 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, वारदात में इस्तेमाल की जा रही कार और अन्य सामान बरामद किया गया है। जब्त माल की कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले तीन इमली क्षेत्र में हुई एक वारदात के बाद एक मोबाइल की ट्रेसिंग की जा रही थी। साइबर सेल से मिले इनपुट के आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस ने कुलदीप पाल (33), नाजिम कुरैशी (25), महफूज उर्फ फजलू (40), शोएब कुरैशी (27) और मोहम्मद शकील (33) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक इनके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने महाराष्ट्र के नासिक और धुले के अलावा गुजरात के वडोदरा, वापी, सूरत, दाहोद समेत कई शहरों में मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। इंदौर के राजेंद्र नगर और अन्य थाना क्षेत्रों में भी वारदात करना स्वीकार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी एक बड़े कारोबारी को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे थे। योजना के तहत कारोबारी की गाड़ी को एक्सीडेंट का बहाना बनाकर रुकवाना था। इसके बाद चालक की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर रुपयों से भरा बैग लूटना था। वारदात के बाद सभी आरोपी अलग-अलग दिशाओं में भागकर बायपास के एक तय स्थान पर मिलने वाले थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। आशंका है कि गैंग ने इंदौर समेत कई शहरों में और भी वारदातें की हैं। पुलिस इनके आपराधिक रिकॉर्ड और नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

### इंदौर की कनिका ने 12 किलो वजनी बैग लेकर 16,460 फीट ग्लेशियर फतह किया

**इंदौर।** इंदौर की कनिका रघुवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के देरांग स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (ठक्टअर) में माउंटेनियरिंग कोर्स पूरा कर शहर का नाम रोशन किया है। इस कठिन प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों के बीच कनिका ने टॉप-5 में अपनी जगह बनाई। राऊ स्थित उमिया कन्या कॉलेज में बीबीए फर्स्ट ईयर की छात्रा कनिका ने इस चुनौतीपूर्ण कोर्स के दौरान 12 किलो वजनी बैग के साथ 16,460 फीट ऊंचाई वाले गोरिचेन ग्लेशियर पर चढ़ाई की। इस दौरान कई प्रतिभागियों का हौसला टूटने लगा, लेकिन कनिका ने अपनी शुरूआती तैयारी के दम पर यह कठिन सफर पूरा किया। कनिका ने बताया कि 1 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की एएनओ कैप्टन नम्रता सावंत की सलाह पर उन्होंने कोर्स में शामिल होने से पहले बैग में ईंटें भरकर रनिंग की थी। यही तैयारी ग्लेशियर पर चढ़ाई के दौरान उनके काफी काम आई। कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को एशिया की सबसे बड़ी आर्टिफिशियल क्लाइम्बिंग वॉल पर अभ्यास कराया गया। इसके अलावा जंगल में सर्वाइव करना, ट्रैकिंग, रिवर क्रॉसिंग और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी कई एडवेंचर गतिविधियों की ट्रेनिंग दी गई। जंगल में रहने के लिए खुद टेंट लगाना और भोजन बनाना भी सिखाया गया। कनिका ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आयोजित एक मील की दौड़ में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्हें जितांग (13,500 फीट) और मेराथांग कैंप (14,700 फीट) तक ले जाया गया। यहां से गोरिचेन ग्लेशियर की 16,460 फीट ऊंची चढ़ाई शुरू हुई, जहां उन्होंने आइस क्लाइम्बिंग की भी प्रैक्टिस की।

### ड्रग तस्कर दंपती ने गवाह को कोर्ट में नहीं आने को लेकर धमकाया

**इंदौर।** सदर बाजार थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े एक मामले में गवाही नहीं देने के लिए धमकाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी महेश उर्फ टोपी और सीमा नाथ द्वारकापुरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। दोनों पर पहले से ड्रग तस्करी, अवैध हथियार रखने और प्राणघातक हमलों के कई मामले दर्ज हैं। सीमा नाथ, कुख्यात बदमाश चेतन नाथ की बहन है, जिसकी धार और इंदौर पुलिस को तलाश है। पुलिस के मुताबिक भिस्ती मोहल्ला निवासी साहिद खान ने शिकायत दर्ज कराई कि 13 जून को बड़वाली चौकी क्षेत्र में किशनलाल दुधडेरी के पास महेश उर्फ टोपी और सीमा नाथ ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उस पर एक एनडीपीएस मामले में गवाही नहीं देने का दबाव बनाया। विरोध करने पर दोनों ने उसे धमकाया और वहां से चले गए। इसके बाद पीड़ित ने सदर बाजार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार महेश उर्फ टोपी हाल ही में हत्या के प्रयास के मामले में जेल गया था और फिलहाल जमानत पर बाहर है। वहीं सीमा नाथ के घर पर क्राइम ब्रांच ने पहले छापा मारकर करीब 50 लाख रुपए नकद और एमडी ड्रग्स बरामद की थी। उसे भी जेल भेजा गया था, लेकिन फिलहाल वह भी जमानत पर बाहर है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार महेश टोपी और सीमा नाथ का नाम अवैध नशे के कारोबार और गैंगवार से जुड़े मामलों में सामने आता रहा है। महेश का विवाद नशे के कारोबार को लेकर शुभम नेपाली से हुआ था। दोनों पक्षों के बीच फायरिंग और हमले की घटनाएं भी हुई थीं। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजा था। फिलहाल पुलिस दबाव के चलते सभी आरोपी द्वारकापुरी क्षेत्र छोड़ चुके हैं।

### निजी बीमा कंपनी में कार्यरत कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**इंदौर।** पलासिया इलाके में रहने वाले एक बीमा कंपनी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रामचंद्र (58) निवासी ओल्ड पलासिया को उनके परिचित रविवार रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि शाम को वह बाथरूम गए थे। बाहर आने के कुछ देर बाद उन्हें अचानक उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रामचंद्र एक निजी बीमा कंपनी में कार्यरत थे। उनका एक बेटा जबलपुर एयरपोर्ट पर नौकरी करता है, जबकि दूसरा बेटा अंकित इंदौर में रहता है। वह मूल रूप से छतरपुर के निवासी थे। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा।

### इंदौर में गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड तक की जा रही सड़क चौड़ी

# निगम ने तोड़े मकान, रोते-सिसकते रहे लोग


- 4 पीढ़ियों से बसा आशियाना उजड़ गया
- न मुआवजा दिया, न रहने को जगह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड तक सड़क चौड़ी की जा रही है। इसके तहत सोमवार सुबह नगर निगम की रिमूवल टीम ने मकान-दुकान हटाने की कार्रवाई शुरू की है। अब तक 80 से ज्यादा इमारतों को तोड़ा जा चुका है।

निगम अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने कहा- 9 पोकलेन मशीन, 5 जेसीबी के साथ 100 से ज्यादा निगमकर्मी मौके पर मौजूद हैं। वहीं, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था, प्लॉट या फ्लैट का मुआवजा दिए बिना ही उनके 4-4 पीढ़ियों पुराने आशियानों को जमींदोज किया जा रहा है। इस कार्रवाई से सबसे ज्यादा प्रभावित वो बुजुर्ग, विधवा और निराश्रित लोग हैं, जिनका इस दुनिया में सिर छुपाने के लिए इस आशियाने के अलावा कोई दूसरा आसरा नहीं था।







घर पर निगम के बुलडोजर चलते देख बुजुर्ग कृष्णा पाठक रो पड़ीं। उन्होंने सिसकियों के बीच कहा- चार पीढ़ी से हमारा परिवार इसी गुटकेश्वर मंदिर रोड पर रह रहा है। मेरा जन्म भी इसी मकान में हुआ था। अब उम्र 65 साल हो चुकी है। इस मकान में हमारे 5 परिवार एक साथ रहते थे। सब चले गए। मैं तो अकेली विधवा हूं, मेरा भी मकान तोड़ दिया। प्रशासन ने हमें कोई मुआवजा नहीं दिया।

**प्लॉट, फ्लैट या पक्की जगह देने की मांग-** गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड के बीच बेघर हो रहे इन परिवारों का कहना है कि वे शहर के विकास और सड़क चौड़ीकरण के विरोधी नहीं हैं। लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह लोगों को बेघर करना कतई न्यायसंगत नहीं है। पीड़ितों ने रोते हुए प्रशासन से गुहार लगाई है कि बेघर परिवारों के लिए प्लॉट, फ्लैट या कोई अन्य पक्की जगह दी जाए।

#### यहीं पैदा हुए, यहीं मरने का सोच रहे थे

कृष्णा पाठक ने कहा- हमारे मकानों के सामने सरकारी जमीन खाली पड़ी है। प्रशासन ने उसे वैसे ही छोड़ दिया। हमारे आशियाने तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने नोटिस दिया था, लेकिन जब हमारे पास रहने का कोई दूसरा ठिकाना ही नहीं है, तो हम उस नोटिस का क्या करते? उन्होंने कहा- हम तो यहीं पैदा हुए थे और यहीं मरने की सोच रहे थे, लेकिन बीच में ही हमारा सब कुछ छीन लिया गया।

#### सिर्फ 6 फुट का किचन ही बचा, कहां रहें

राजकुमारी मिश्रा (47 वर्ष) ने घर को बिखरते देख अपनी बेबसी बयान की। कहा- हम पति-पत्नी निराश्रित हैं। कोई बच्चा या सहारा देने वाला नहीं है। प्रशासन को नोटिस देने के साथ-साथ हमारे लिए दूसरी जगह का इंतजाम भी तो करना था। हमें कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा, रहने को कोई फ्लैट नहीं दिया। न ही कोई हमारी मदद कर रहा है।

# चंडीगढ़, बेंगलुरु और दिल्ली तक फैला था नेटवक

### इंदौर की होटलों में क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर कराते थे मीटिंग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि चंडीगढ़, बेंगलुरु और दिल्ली से जुड़े अन्य आरोपी अभी फरार हैं। जांच में सामने आया है कि गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था और इंदौर की होटलों में सेमिनार व मीटिंग आयोजित कर लोगों को झांसे में लिया जाता था।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, मामले में हरप्रीत कौर उर्फ मोना निवासी विष्णुपुरी कॉलोनी, जसवंत सिंह उर्फ जस्सी निवासी चंडीगढ़, अनिरुद्ध दलवी निवासी बेंगलुरु, मुकेश तायडे और जोसेफ निवासी भोपाल के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है।



आरोपियों पर लोगों को 100 दिनों में रकम दोगुनी करने का लालच देकर निवेश करवाने और बाद में पैसा वापस नहीं करने का आरोप है। क्राइम ब्रांच को जिया पति सतीश वाधवानी, गुरजीत, अभिषेक, जसरथ, अमरजीत, हन्नी, साहिल, रोहित, पंकज, हरप्रीत कौर, गुरमीत कौर सहित कई लोगों ने शिकायत दी थी। पीड़ितों ने बताया कि आरोपियों ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश पर शुरूआत में 2 प्रतिशत मुनाफा और 100 दिन में रकम दोगुनी करने का दावा किया था। लेकिन बाद में न तो मुनाफा मिला और न ही मूल राशि वापस की गई।

पीड़िता जिया वाधवानी ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान हरप्रीत कौर से किटी पार्टी में हुई थी। हरप्रीत ने खुद को यूएस बेस्ड कंपनी से जुड़ा बताया। इसके बाद उसे भंवरकुआ स्थित होटल सोलारिस में जसवंत सिंह और अनिरुद्ध से मिलवाया गया, जहां पूरा निवेश प्लान समझाया गया।

बाद में होटल रेडिसन में बड़ा सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें करीब 200 लोग शामिल हुए। वहां महंगे गिफ्ट और भारी मुनाफे का लालच देकर लोगों से निवेश करवाया गया।

#### यूएस बेस्ड कंपनी बनाकर किया फर्जीवाड़ा

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मिलकर ए स्क्वेयर वर्ल्ड ग्लोबल कंसल्टेंसी नाम से एक कथित यूएस बेस्ड कंपनी बनाई थी। हरप्रीत कौर उर्फ मोना ने अपने और कंपनी के बैंक खातों में निवेशकों से करीब ढाई करोड़ रुपए जमा करवाए थे।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड, सोनम बोली- इंदौर नहीं जाऊंगी

### अफवाहों पर कहा- नेपाल नहीं भागी, शिलॉन्ग में ही हूं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी ने ईस्ट मोजो चैनल से बातचीत में कहा कि वह नेपाल नहीं भागी है। मेरे बारे में झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। जनता से यही कहना चाहती हूं कि किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। मेरे नेपाल भागने की खबरें पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं।

सोनम रघुवंशी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाया था कि सशर्त जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद सोनम देश छोड़कर नेपाल भाग गई है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की थी। राजा रघुवंशी हत्याकांड में न्याय की लड़ाई लड़ रहे उनके भाई विपिन रघुवंशी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग पर अड़े हुए हैं। विपिन रघुवंशी का तर्क है कि जब देश में लड़कियों से जुड़े चर्चित मामलों (जैसे ट्विशा मामला) की जांच केंद्रीय एजेंसी कर सकती है, तो एक लड़के की बेरहमी से हुई हत्या के मामले में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता?



# ड्यूटी कर रहे जवान को धक्का देकर गिराया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी से विवाद करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, ट्रैफिक पुलिसकर्मी विश्वनाथ योगी की शिकायत पर रविवार को करण बाबा के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि करण ने ड्यूटी के दौरान विश्वनाथ योगी के साथ अभद्रता की और उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। विश्वनाथ योगी ने पुलिस को बताया कि उनकी ड्यूटी एयरपोर्ट रोड स्थित टी-पॉइंट पर लगी थी। वह वहां ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे और एयरपोर्ट से बिजासन माता मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों को रोक रहे थे। इसी दौरान रात करीब 10 बजे एक्टिवा से करण बाबा वहां पहुंचा और रास्ते से निकलने की जिद करने लगा। योगी ने उसे बताया कि फिलहाल रास्ता बंद है, लेकिन इस पर करण भड़क गया और अभद्रता करने लगा। आरोप है कि उसने विश्वनाथ योगी के साथ झूमाझटकी की और धक्का मारकर उन्हें गिरा दिया। घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी करण एयरपोर्ट क्षेत्र में टैक्सी वाहन चलाने का काम करता है। उसकी तलाश में पुलिस दो बार उसके ठिकाने पर दबिश दे चुकी है, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका है।

# कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का साथी 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य विभाग के एक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के लिए रिश्वत लेते एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा और उनके सहयोगी रामू लोहिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रमोद दुबे, देवास जिले के ग्राम घीसलाय स्थित पटेल एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के सह-संचालक हैं। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी कि खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा ने कमर्शियल गैस सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचने का मामला बनाने की धमकी देकर उनसे ढाई लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार बातचीत के बाद सौदा डेढ़ लाख रुपए में तय हुआ और आरोपी पहले ही 1 लाख रुपए ले चुका था। शेष राशि के लिए लगातार दबाव बना रहा था। इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में की गई। सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। आरोपी राहुल शर्मा के कहने पर रामू लोहिया शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम-2018 की धारा 7 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 61(2) के तहत कार्रवाई जारी है।


उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्नें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com